e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 13

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
13.01.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जब आप जागृत अवस्था में होते है, तो ही सर्वश्रेष्ठ स्वप्नों का सृजन होता है।

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पीटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### भारत और गुयाना कृषि क्षेत्र में मिलकर करेंगे काम : तोमर

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत और गुयाना कृषि क्षेत्र के विकास के लिए साथ काम करेंगे। तोमर ने गुरुवार को गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली से दिल्ली में मुलाकात के बाद ट्वीट कर कहा कि भारत और गुयाना आपस में कृषि और संबंधित क्षेत्रों, मुख्य रूप से गन्ने, मोटा अनाज ( मिलेट्स ) और ऑर्गेनिक कृषि आदि में एक दूसरे का तकनीकी सहयोग करेंगे। इस संबंध में उन्होंने गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली से आज नई दिल्ली में मुलाकात की है। तोमर ने कहा कि भारत और गुयाना के बीच कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचारों और सुझावों का आदान - प्रदान हुआ। गुयाना के राष्ट्रपति के साथ उन्होंने आज कृषि के मुद्दों पर सार्थक चर्चा की है।

### उज्जैनः ठंड से तीन भिखारियों की मौत

**उज्जैन :** मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड से भले ही थोड़ी राहत मिल गई है, लेकिन ग्वालियर-चंबल संभाग में कोहरे का असर अब भी देखने को मिल रहा है। गुरुवार सुबह कुछ स्थानों पर विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर के बीच रही। वहीं, उज्जैन में ठंस से तीन भिखारियों की मौत का मामला सामने आया है। यहां तीन अलग-अलग स्थानों पर बुधवार को तीनों के शव मिले थे। गुरुवार को इनकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आई। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर अजय दंडोतिया ने बताया कि आर्टरी में खून का थक्का जमने से हार्टअटैक आया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। ठंड में खून का थक्का जमने की संभावना अधिक होती है।

### देश में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए 22.2 करोड़ आयुष्मान कार्ड

**नई दिल्ली :** देश में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अबतक 22.2 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसके साथ इस योजना के तहत 4.25 करोड़ लोगों का अस्पताल में निशुल्क इलाज कराया जा चुका है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि पीएमजेएवाई योजना के तहत गरीबों को मुफ्त में चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 10 करोड़ परिवारों के लिए शुरू की गई विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से देश के गरीब नागरिक को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। इस योजना के तहत 26,020 अस्पताल को पंजीकृत किया गया है।

### अब आंध्र प्रदेश में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव, केस दर्ज

**विशाखापत्तनम :** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। बुधवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में ट्रेन के कोच पर पथराव किया गया। इस पथराव में एक कोच की खिड़की का कांच टूटा है। दरअसल, आंध्र प्रदेश में अभी वंदे भारत ट्रेन का विधिवत परिचालन शुरू नहीं हुआ है। ट्रेन ट्रायल रन के बाद विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन से मरीपालेम में कोच मेंटेनेंस सेंटर जा रही थी। इस ट्रेन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 जनवरी को करने वाले हैं। इस संबंध में डीआरएम अनूप ने बताया कि बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन से कोचिंग कॉम्प्लेक्स की ओर जा रही वंदे भारत ट्रेन को अज्ञात ने पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस मामले में आरपीएफ ने केस दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है।

### प्रधानमंत्री ने हुबली में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया

# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा से देश को आगे बढ़ाना है : पीएम

एजेंसी

**हुबली (कर्नाटक) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कर्नाटक के हुबली में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया. पीएम मोदी ने इससे पहले हुबली में रोड शो किया. जहां लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज अमृत काल में हमें अपने कर्तव्यों पर बल देते हुए और समझते हुए देश को आगे बढ़ाना है. इसके लिए युवाओं में स्वामी विवेकानंद से बड़ी प्रेरणा है. मैं इस अवसर पर उन्हें नमन करता हूं.

पीएम ने कहा कि साल 2023 में राष्ट्रीय युवा दिवस का ये दिन बहुत विशेष है. एक ओर ये ऊर्जा महोत्सव और दूसरी ओर आजादी का अमृत महोत्सव. उठो, जागो और लक्ष्य से पहले मत रूको विवेकानंद जी का ये उद्घोष, भारत के युवाओं का जीवन मंत्र है. इस वर्ष राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 12 से 16 जनवरी तक कर्नाटक के हुबली में कर्नाटक सरकार के सहयोग से केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से किया जा रहा है. आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है.

उद्घाटन कार्यक्रम यहां के रेलवे खेल मैदान में हुआ, जिसमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित अन्य नेता उपस्थित रहे. राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने से ठीक पहले पीएम मोदी ने यहां एक रोड शो भी किया.

इस दौरान सड़क के दोनों ओर कतारों में खड़े लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. अपनी चलती कार के रनिंग बोर्ड पर खड़े होकर मोदी ने भीड़ की ओर हाथ हिलाया ओर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया. इस दौरान रास्ते के दोनों ओर खड़े लोगों में से कई को ''मोदी, मोदी'' और ''भारत माता की जय'' के नारे लगाते देखा गया.उन्होंने कहा कि यह देश के सभी हिस्सों की विविध संस्कृतियों को एक मंच प्रदान करता है और प्रतिभागियों को एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना में बांधता है. इस साल युवा महोत्सव का विषय ''विकसित युवा, विकसित भारत'' है. इस सात दिवसीय आयोजन में 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों के युवा शिरकत करेंगे और अपनी प्रतिभा की झलक दिखाएंगे.

### पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक

**नई दिल्ली :** कर्नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। पीएम मोदी हुबली में रोड शो कर रहे थे। इस के दौरान एक युवक पीएम मोदी का सुरक्षा घेरा तोड़कर गाड़ी के पास पहुंच गया। इस मुद्दे पर हुबली के पुलिस कमिश्नर ने सुरक्षा में सेंधमारी से इनकार किया है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, रोड शो के दौरान एक शख्स अचानक उनके वाहन के नजदीक पहुंच गया। व्यक्ति ने पीएम मोदी को माला पहनाना चाह रहा था। हालांकि, व्यक्ति को पीएम की तरफ आता देख, सुरक्षाकर्मी तुरंत हरकत में आए और उसे बीच में ही रोक दिया। उसे तत्काल पीएम के काफिले से दूर किया गया।



पीएम ने कहा कि साल 2023 में राष्ट्रीय युवा दिवस का ये दिन बहुत विशेष है. एक ओर ये ऊर्जा महोत्सव और दूसरी ओर आजादी का अमृत महोत्सव.

### स्वामी विवेकानंद का विचार हमेशा प्रेरणादायक रहेगाः हेमंत



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महान विचारक और दार्शनिक तथा युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके दर्शन और विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे। मुख्यमंत्री ने आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी।

### चाईबासा में लगातार दूसरे दिन आईईडी ब्लास्ट

# दो जवान घायल लाए गए रांची



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका में लगातार दूसरे दिन आईईडी विस्फोट में दो जवान घायल हो गये। दोनों घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। घायल जवान कोबरा बटालियन के हैं। उल्लेखनीय है कि कई दिनों से चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। इससे पूर्व बुधवार को अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में कोबरा के छह जवान घायल हो गए थे। सभी को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था।

### लातेहार में नक्सलियों के द्वारा छुपाकर रखे गए सात आईईडी बम बरामद

**लातेहार :** लातेहार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जिले के लाटू जंगल में छापामारी कर नक्सलियों के द्वारा छुपा कर रखे गए सात आईईडी बम को बरामद कर निष्क्रिय कर दिया।

### पुलिस और टीपीसी के बीच मुठभेड़, राइफल, 46 गोलियां सहित अन्य सामान बरामद

**रांची :** बुढ़मू थाना क्षेत्र के लुकैया जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी और पुलिस के बीच गुरुवार को मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने घटनास्थल से राइफल, 46 गोलियां सहित कई अन्य सामान बरामद किया है। एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि टीपीसी उग्रवादी बुढ़मू के जंगल में जमा होकर बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम का गठन किया गया और पुलिस की टीम ने सर्च अभियान चलाया। इस दौरान उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गयी। पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी भागने में सफल रहे। टीम में डीएसपी खलारी, बुढ़मू, ठाकुरगांव और पिठौरिया थाने की पुलिस एवं एसएसपी का क्यूआरटी टीम शामिल था।

# झारखंड : सडक हादसे में छह की मौत

एजेंसी

**लोहरदगा/सरायकेला :** झारखंड के अलग अलग स्थान पर सडक हादसे में पांच लोगों की मौत गई वहीं दर्जनो लोग घायल हैं।

पहली घटना राजनगर-जमशेदपुर- राजनगर चाईबासा मुख्य मार्ग लकड़ा कोचा मोड़ के समीप गुरुवार को भीषण सड़क हादसे में 4 लीगों की मौत हो गई। और 22 घायल हो गए। घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है कि चाईबासा से हाता की ओर जा रही पिकअप वैन संख्या जेएच02बीएफ 9183 में लगभग 40 की संख्या में (महिला और पुरुष) मजदूरों को ले जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप वैन राजनगर थाना क्षेत्र के लेकड़ा कोचा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई । जिससे गाड़ी पर सवार सारे मजदूर जमीन पर क्षत विक्षत पड़े रहे। घटना काफी भयावह थी । वहीं मौके पर ही एक महिला की काफी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर राजनगर पुलिस मौके पर पहुँच कर एम्बुलेंस को सूचना दी। और त्वरित



करवाई करते हुए घायलों को पीसीआर वैन और अन्य गाड़ियों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर पहुँचाया। वही राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचने पर सभी स्वास्थ्यकर्मी डॉक्टर नर्स सभी इलाज के लिए लग गए।

वही एक के बाद एक लगभग 23 घायलों का इलाज चलने लगा। लगभग 9 की हालत गंभीर थी। जिन्हें एमजीएम रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक चार की मौत हो गई थी। मृतकों में महेश बानरा, जुम्बी बानरा, भोले बानरा और सुनीता बानरा (एमजीएम में मौत) सभी गगरी गांव के रहने वाले थे।

### सड़क दुर्घटना में 2 की मौत, 10 घायल

जिला के सेन्हा थाना अंतर्गत कंडरा मोड़ के पास स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। जिसमें 2 लोगों की घटनास्थल में ही मौत हो गई जबकि 2 को गंभीर हालत में रांची रिम्स रेफर किया गया। 8 लोगों का इलाज सदर अस्पताल लोहरदगा में चल रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते हैं आजसू पार्टी के लोहरदगा जिला कार्यकारी अध्यक्ष राम नारायण प्रसाद,जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि,अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी,जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह और केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता सदर अस्पताल पहुंचकर रोगियों से मिले और परिवार जनों को ढाढस बंधाया। मृतक हापामुनी निवासी अभिषेक पाठक एवं बीरबल महली बताए जा रहे हैं प्राप्त सूचना के अनुसार एक मोटरसाइकिल में अभिषेक पाठक सहित तीन लोग लोहरदगा से हापामुनी की ओर जा रहे थे जबकि स्कॉर्पियो से आंजन धाम में पूजा कर 9 लोग लौट रहे थे इसी क्रम में तेज गति से आ रही स्कार्पियो ने मोटरसाइकिल में धक्का मारी और स्वयं स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई जिससे इतना बड़ा हादसा हुआ।

### सीएम ने मारे गए लोगों के प्रति जताया दुःख

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरायकेला-खरसांवा में हुए सड़क हादसे में मारे गये लोगों के प्रति दुःख जताया है। उन्होंने कहा है कि हादसे में मारे गये लोगों की मौत की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहने की शक्ति दे।

# पानीपत में सिलेंडर के फटने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**मृतकों की पहचान अब्दुल करीम (50), उसकी पत्नी अफरोजा (46), बड़ी बेटी इशरत खातुन (17), रेशमा(16), अब्दुल शकूर (10) और अफान (7) के तौर पर हुई है।**



एजेंसी

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के पानीपत में गुरुवार सुबह गैस सिलेंडर के फटने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार बच्चे भी शामिल हैं। पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र में राधा फैक्ट्री के पास गुरुवार सुबह उस समय भगदड़ मच गई, जब यहां एक घर में सिलेंडर फट गया। सिलेंडर के फटने से घर में भीषण आग लग गई। इससे पहले पीड़ित अपना बचाव कर पाते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोग जमा हुए, लेकिन आग में फंसे परिवार को बाहर नहीं निकाल पाए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मृतक अब्दुल करीम पिछले करीब डेढ़ साल से अपने परिवार के साथ पानीपत में रह रहा था। पूरा परिवार एक ही कमरे में सोया हुआ था। आज सुबह जब उसकी पत्नी चाय बनाने के लिये उठी तो यह हादसा हो गया। मृतकों की पहचान अब्दुल करीम (50), उसकी पत्नी अफरोजा (46), बड़ी बेटी इशरत खातुन (17), रेशमा(16), अब्दुल शकूर (10) और अफान (7) के तौर पर हुई है। पुलिस ने बुरी तरह से सभी लाशों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# समय की मांग के अनुरूप व्यवसायिक शिक्षा भी प्राप्त करेंगे सरकारी स्कूल के बच्चे

### प्रशिक्षित हेडमास्टर और टीचर करेंगे बच्चों का मार्गदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राज्य के बच्चों को हर क्षेत्र में कुशल बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कड़ी दर कड़ी जोड़ रहे हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए झारखण्ड के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा भी प्राप्त होगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। मार्च से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में व्यवसायिक शिक्षा लैब का शुभारंभ किया जाएगा।

**11 ट्रेड में व्यवसायिक शिक्षा:** सरकारी स्कूल के बच्चों को सरकार कुल 11 ट्रेड में व्यवसायिक प्रशिक्षण कराएगी। बच्चों को एग्रीकल्चर, आईटी, आईटीईएस, अपारेल एण्ड मेडअप एण्ड होम फर्निशिंग, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, ऑटोमोटिव, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटालिटी, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, मल्टीस्किलिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर, रिटेल और हेल्थकेयर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबंधित ट्रेड से जुड़े



राज्य स्तरीय प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों के साथ इंडस्ट्रियल फील्ड विजिट के माध्यम से ऑन जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है ताकि भावी जीवन में उनके रुचि के अनुसार रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सके।

**प्रशिक्षित हेडमास्टर करेंगे बच्चों का मार्गदर्शनः** 80 उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो चरण में प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को अन्य राज्यों में संचालित हो रहे ऐसे स्कूलों की व्यवस्था देखने हेतु एक्सपोजर विजिट भी कराये जाने की योजना है। जनवरी माह में प्रधानाध्यापकों में क्षमता वर्धन हेतु आईआईएम द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जबकि माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का शिक्षा आवश्यकता आकलन टीएनए हेतु अजीम प्रेमजी फाउंडेशन फ्रेमवर्क तैयार किया गया है।

### जोशीमठ के हालात पर सेना प्रमुख बोले

# हर संभव मदद मुहैया कराने को तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को जोशीमठ के मौजूदा हालात पर कहा कि हम स्थानीय प्रशासन को हर संभव मदद मुहैया कराएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर नागरिक प्रशासन की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन में सेना की मदद मांगी जाती है, तो हम पूरी तरह तैयार हैं।



सेना प्रमुख जनरल पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चीन सीमा से लगे इलाकों में स्थित 20-25 सेना के भवनों में दरारें आई हैं। यहां के स्टाफ को अन्य जगह स्थानांरित किया गया है, जरूरत पड़ने पर ऊंचाई के इलाके औली में भेजा जाएगा। सीमा के करीबी इलाकों में कई सड़कों में भी दरारें आई हैं, जिन्हें बीआरओ के जरिए ठीक कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरे

### अल्ट्रासाउंड कराने में मरीजों को हो रही है परेशानी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर अस्पताल डायग्नोस्टिक सेंटर में गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार आज भी सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने को लेकर अल्ट्रासाउंड कराने पहुंचे मरीज व कर्मियों में कहासुनी हो गई। डायग्नोस्टिक सेंटर में पहुंचने पर वहां के कर्मियों द्वारा पता चला कि प्रतिदिन 50 से अधिक मरीज अल्ट्रासाउंड कराने पहुंच रहे हैं। जो संभव नहीं है कर्मियों ने कहा कि 1 दिन में 25 अल्ट्रासाउंड ही संभव है परंतु गंभीर मरीज आने पर 30 मरीजों का अल्ट्रासाउंड किसी तरह हो पाता है।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान के कर्मी की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने किया सड़क जाम

# एसडीओ और सदर एसडीपीओ के आश्वासन के बाद सड़क को जाम से कराया गया मुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के रेडमा जीएलए कॉलेज के पास बीती रात 10 बजकर 10 मिनट में पीसीआर वाहन और स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार रेडमा कचरवा टोला निवासी संजय कुमार प्रजापति उम्र 45 वर्ष की मौत मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संतोष कुमार प्रजापति रेडमा चौक स्थित संगीत इलेक्ट्रॉनिक्स में करीब 30 वर्षो से काम कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। इस बीच बुधवार की रात वह अपना दुकान बंद करके घर जा रहा था।तभी रास्ते में जीएलए कॉलेज के पास तेज गति से आ रहे पीसीआर वाहन ने उसे पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें स्कूटी सहित संजय रास्ते में गिर पड़ा। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने गुरुवार की सुबह रेडमा चौक की सड़क करीब पांच



घंटे जाम कर दिया। सड़क को जाम कर परिजन और ग्रामीण मुआवजे को लेकर प्रदर्शन करने लगे।प्रदर्शन में शामिल लोग पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा व नौकरी और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई मांग कर रहे थे। जाम की वजह से सड़क की दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी। इस घटना को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। पुलिस के द्वारा प्रदर्शनकारियों को जाम हटाने के लिए बार बार मनाया जा रहा था। परंतु मांग पूरी होने के बाद ही लोग जाम हटाने की बात कह रहे थे। परिजनों का मांग था कि मृतक के पत्नी को नौकरी मुआवजा और उसके सभी चार बेटियों को जिला प्रशासन पढ़ाई का खर्च उठाये। मृतक के परिजनों के मां को पूरा करने के लिए घटनास्थल पर एसडीओ राजेश शाह और सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग पहुंचकर उनकी मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रशासन द्वारा आश्वासन के बाद सड़क को जाम से मुक्त किया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच भेजा दिया।जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बताते चलें कि शहर थाना क्षेत्र के रेडमा कचरवा बारालोटा निवासी 42 वर्षीय संजय प्रजापति प्रत्येक दिन की तरह बुधवार की रात करीब 10-15 बजे अपनी स्कूटी से रेडमा चौक से घर लौट रहे थे। संजय रेडमा चौक स्थित संगीत इलेक्ट्रिक में पिछले 30 वर्ष से काम कर रहे थे। जैसे ही वे जीएलए कॉलेज के समीप पहुंचे मुख्य सड़क पर एक पीसीआर वैन तेज गति से एक कोयला लदे वाहन का पीछा करते हुए आई और स्कूटी सवार को रौंद दिया. सबसे बड़ी बात यह रही कि घटना के बाद स्कूटी सवार संजय को मौके पर ही छोड़कर पीसीआर वैन वहां से फरार हो गई. यहां बता दें कि पीसीआर वैन की तैनाती सड़क दुर्घटनाओं के बाद जख्मी को अस्पताल लाने के लिए की गई है, लेकिन अवैध कमाई के चक्कर में वैन में बैठे पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य को ही भूल गए. इस घटना को लेकर आसपास के लोगों में भारी आक्रोश देखा गया।इस घटना के बाद से पुलिस अधिकारी पेट्रोलिंग में शामिल जवान और ड्राइवर से पूछताछ कर रहे हैं।हादसे के आरोपी ड्राइवर को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं परिजनों द्वारा पीसीआर के ड्राइवर और पदाधिकारियों के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस पीसीआर चालक व पुलिसकर्मियों पर करवाई करने में जुट गई है। वहीं सड़क जाम की खबर सुनकर कई समाजसेवी रेड़मा चौक पहुंचकर मृतक के परिजनों को हर संभव मुआवजा दिलाने की प्रयास में खड़े रहे।

## कुरहत गांव में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत कुरहत गांव में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष बब्लू कुमार सिंह ने किया। जयंती समारोह में मुख्य रूप से आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, कुटुंबा के पूर्व विधायक ललन भुईयां, भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, राजद नेता कमलेश कुमार यादव शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की विचारधारा आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। स्वामी जी के दर्शन का मुख्य आधार करूणाभाव है। स्वामी विवेकानंद का आदर्श आज भी प्रासंगिक है। लोगों की सेवा करने और युवाओं को सशक्त बनाने से देश शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनता है। इससे देश की वैश्विक साख भी बढ़ती है। इस अवसर पर समिति के सचिव नवीन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अजय सिंह, संजय कुमार सिंह, राकेश पासवान, आजसू नेता दिलीप चौधरी, जितेंद्र विश्वकर्मा, अजीत कुमार सिंह डा0 नरेंद्र प्रियदर्शी, डा0 राजनारायण सिंह, शंकर सिंह, अखिलेश प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विवेकानंद जयंती को मनाया गया युवा दिवस के रूप में



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में गुरुवार को भारत गौरव स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद विद्यालय के छात्रओं के बीच स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर निबंध व चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुये थाना प्रभारी ने कहा कि इस कार्यक्रम में युवाओं ने जिस उत्साह से भाग लिया, यह सिद्ध कर दिया कि आज के युवा स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानते हैं. उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत को जगतगुरू बनाना चाहते थे। युवाओं को इस दिशा में प्रयास करना होगा.विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सबिता गुप्ता ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि हम एक साथ महान आत्मा स्वामी विवेकानंद की जयंती मना रहे हैं। समारोह को अखिल शुक्ला ने भी सम्बोधित किया। मौके पर शिक्षक अकबर अली, संस्था के स्वयंसेवक पीयूष चौबे, ॠतु कुमारी, पूजा सिंह, बबिता कुमारी, धर्मेन्द्र कुमार, युवा मंडल के सदस्य शिवम चौबे, विभिन्न प्रखंडों के स्वयंसेवक व विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थे।

## जिला परिषद सदस्य की अध्यक्षता में की गई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड मुख्यालय में होने वाले जाम से निदान के लिए दिन गुरुवार को प्रखंड सभागार में एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य मीना देवी एवं संचालन प्रमुख प्रतिनिधि सिंटू सिंह के द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों ने बारी- बारी से अपना अपना सुझाव दिया। मौके पर उपस्थित समाजसेवी भाई गोविंद सिंह ने कहा पांडू में जाम का मुख्य कारण है मोटरसाइकिल का जहां-तहां लगा देना, मोटरसाइकिल के लिए जगह - जगह पर पार्किंग की व्यवस्था करणी अति आवश्यक है, पांडू बाजार में गरीब गुरवे लोग सब्जी बेचने आते हैं बीच का ऐसा रास्ता निकले जिससे किसी का रोजगार भी ना छीने और लोगों को परेशानी भी ना हो. प्रखंड वासियों के हित में निर्णय



लिया जाएगा। वहीं उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित उपस्थित लोगों की बातों को सुनते हुए यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि एक सप्ताह के अंदर कोर कमेटी का गठन कर उचित स्थान का चयन कर सब्जी बाजार को उसमें सिफ्ट किया जाएगा एंव जगह-जगह पर पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय, विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदुम कुमार सिंह, पांडू आत्मा अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह, अवधेश सिंह, संतोष राम, विनोद राम, अरविंद जहरीला, इरफान अंसारी, रामबाबू, प्रमोद पासवान, श्याम सुंदर सिंह, मदन राम के साथ-साथ अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## मजदूरी करने गए युवक की मुंबई में हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड क्षेत्र के अररूआ खुर्द पंचायत के बिशुनपुर गांव निवासी नथुनी सिंह के 45 वर्षीय गणेश सिंह की मुंबई के कोपरखैरने में मौत हो गई। वह कोपरखैरने स्थित एक कंपनी में मजदूरी करता था। उसकी मौत की सूचना मिलते ही वृद्ध माता-पिता के साथ मृतक की पत्नी सरीता देवी, नाबालिग पुत्र प्रिंस कुमार व प्रभात कुमार का रो रो कर बुरा हाल है। वह अपने घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। परिजनों के अनुसार कंपनी में कार्य करने के दौरान अचानक उसके पेट में दर्द उत्पन्न हुआ। जिसके बाद काम कर रहे सहयोगियों ने उसे नजदीक के म्युनिसिपल हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां उसकी मौत



हो गई। वहीं मृतक के पुत्र ने कंपनी प्रबंधन से उचित मुआवजा व शव को घर पहुंचाने में मदद की गुहार लगाई है। उधर मजदूर के असामयिक मौत की सूचना पर पूरे गांव में मातम छाया है। वहीं प्रसिद्ध सिंह अशोक सिंह जनार्दन सिंह विकास पटेल सरोज ठाकुर कृष्णा ठाकुर बिरेंद्र ठाकुर बिजेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने मृतक के घर जाकर शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिवारजनों को सांत्वना दी है।

## उपायुक्त ने किया जिला आधार निगरानी समिति का समीक्षात्मक बैठक

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला आधार निगरानी समिति का समीक्षात्मक बैठक उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित किया गया. बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने जिला परियोजना पदाधिकारी को शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण में तीव्रता लाने हेतु निर्देशित किया और 10 वर्ष पूर्व पंजीकृत आधार में सभी नागरिकों को पता एवं पहचान से संबंधित दस्तावेजों को भी ऑनलाइन या आधार केंद्रों के माध्यम से अपलोड करने का निर्देश सबंधित विभाग को दिया। **उपायुक्त ने आधार को मोबाइल नंबर से लिंक कराने पर दिया जोर :** साथ ही उन्होंने पंचायतवार आधार अपडेट करने हेतु शिविर का आयोजन करने और इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने का भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आधार ऑपरेटर आम जनों का आधार केंद्र में बच्चों का नया आधार पंजीकरण एवं आधार से मोबाइल नंबर अपडेट करने का कार्य करें। आधार कार्ड या पंजीकरण रसीद खो जाने के समस्या के समाधान हेतु जिला स्तर पर एक एडवांस सर्च आईडी उपलब्ध कराने के लिए विभाग से पत्राचार करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया। **बंद पड़े आधार केंद्रों को पुनः चालू किया जाएगा :** बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, बैंक और पोस्ट ऑफिस जैसे कार्यालयों में बंद पड़े आधार केंद्रों को पुनः चालू करने का निर्देश सबंधित विभाग को दिया. साथ ही जिला आधार निगरानी समिति को आधार से जुड़ी फ्रॉड साइलेंट गतिविधियों की निगरानी करने और विभिन्न योजनाओं से जुड़ी कार्यो में आधार का उपयोग करने पर जोर दिया। **बैठक में इनकी रही उपस्थिति :** बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, कार्यपालक दंडाधिकारी सहसंयोजक, सिविल सर्जन पलामू, जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पलामू, अग्रणी बैंक प्रबंधक पलामू, डाक अधीक्षक प्रधान डाकघर मेदनीनगर, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक प्रबंधक पलामू, प्रोजेक्ट सहायक प्रबंधक यूआईडी क्षेत्रीय कार्यालय रांची, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी पलामू, सीएससी प्रबंधक,पलामू समेत अन्य उपस्थित थे।

## खरौंधी में मनाया गया स्वामी विवेकानंद का जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड के किसान इंटर कॉलेज अरंगी बैतरी में नेहरू युवा केंद्र के द्वारा स्वामी विवेकानंद का जयंती मनाया गया। किसान इंटर कॉलेज के पधानाचार्य राम अवध सिंह कुशवाहा ने बताया की हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद का युवाओं से गहरा नाता था, इसलिए उनके जन्म दिवस को युवाओं के लिए समर्पित किया गया है। करोड़ों युवा आज भी विवेकानंद को अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने युवाओं का सही मार्गदर्शन करने के लिए सफलता के कुछ मंत्र दिए। जिन्हें आज भी अपने जीवन में अपना कर लोग सफलता की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। उनके विचार लोगों की सोच और व्यक्तित्व को बदलने वाले हैं। यदि आप उनके विचारों को अपनाते हैं तो निश्चय ही आपको सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय युवा जितेंद्र कुमार, अजय राम, गीता कुमारी सहित अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## धान क्रय केंद्र का किया गया शुभारम्भ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखण्ड के पिपरडीह पैक्स में गुरुवार को धान क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। धान क्रय केंद्र का उदघाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, प्रखण्ड बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया उषा देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया. इस अवसर पर प्रखण्ड बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि हमारी सरकार की बराबर कोशिश रहती है कि किसानों को कैसे समृद्ध बनाया जाए। अभी सुखाड़ के मद्देनजर सरकार किसानों के खाते में सीधे पैसा जमा की है और इस विकट परिस्थिति में भी जो किसान धान का कुछ पैदावार कर पाए हैं उनकी खरीद के लिए भी आज धान क्रय केंद्र का उदघाटन किया गया है.उन्होंने कहा कि सरकारी दर के अनुरूप धान की खरीद की जाएगी और आगे भी सरकार की कोशिश रहेगी कि किस रूप में किसानों को मदद किया जाए और कैसे उनकी आय में बढ़ोतरी की जाए, जिससे की किसानों की खेती लाभकारी हो सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा कि सरकार किसानों को हर सम्भव मदद पहुचाने का कार्य कर रही है। सुखाड़ को देखते हुए सरकार राहत राशि किसानों के खाते में डाल रही है। मौके पर पैक्स अध्यक्ष भारतेंदु दुबे उर्फ बाबुलाल दुबे, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, मुकेश तिवारी, रविन्द्र प्रताप देव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में मनरेगाकर्मियों के साथ बैठक कर मनरेगाकार्यो की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया. बैठक में बीडीओ ने सभी कर्मियों को योजनाओं को धरातल पर लाने, पंचायतों में खेल के मैदान के लिये जमीन उपलब्ध कराने से संबंधित निर्देश दिया। उन्होंने मुसहर परिवारों का जॉव कार्ड व साक्षरता से जोड़ने का निर्देश दिया। बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों को आवास व मनरेगा लाभुकों का शिविर लगाकर 20 रुपये में दो लाख रुपये का बीमा करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार, सहायक अभियंता अखिलेश कुमार गुप्ता, कनीय अभियंता रंजीत कुमार, अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार, बिरेन्द्र यादव, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, नंद कुमार मेहता, प्रशांत कुमार, ज्ञानचन्द केसरी, रोजगार सेवक आलोक राज, संदीप कुमार, आनन्द कुमार विश्वकर्मा, रामचन्द्र पांडेय, अम्बिका सिंह, श्रवण राम सहित सभी पंचायत सचिव व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी का मनाया गया 65 वां जन्मदिन समारोह



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का 65 वां जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ करने से पूर्व,पूर्व मंत्री लाल हेमंत प्रताप देहाती व सिंधी ताली ग्राम निवासी पारसनाथ चौबे के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। तत्पश्चात जन्मदिन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा केक काटकर किया गया। जन्मदिन समारोह को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखण्ड के विकास पुरुष के रूप में जाने जाते है। शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे प्राथमिक शिक्षक के रूप में भी काम किये.इसी क्रम में इनका लगाव राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से हुआ और वहीं से वे राजीनीति से जुड़े। सर्व प्रथम 1998 में ये लोकसभा सदस्य के रूप में चुने गये. ये स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रिमंडल में वन व पर्यावरण मंत्री के रूप में शपथ लिये.15 नवम्बर 2000 को जब झारखण्ड प्रदेश का गठन हुआ तो झारखण्ड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लिये. अपने मुख्य मंत्रित्व काल मे झारखण्ड के विकास के लिये इन्होंने भागीरथ प्रयास किया। इन्होंने रांची को ग्रेटर रांची बनाने, सर्व शिक्षा अभियान के तहत झारखण्ड के सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में ग्राम शिक्षा समिति का गठन कराने, जनकल्याण विभाग से गरीबो के लिये बस योजना, प्राकृतिक संपदा बालू को समस्त झारखंडियों के लिये मुफ्त करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये.वर्ष 2020 में झारखण्ड भाजपा विरोधी दल के नेता चुने गये. सभी वक्ताओं ने उनके दीर्घायु जीवन की कामना किया। जन्मदिन समारोह को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शारदा महेश प्रताप देव, विजय कुमार केसरी, सूरज गुप्ता, रघुराज पांडेय, शिवधारी राम, ओमप्रकाश गुप्ता, रविन्द्र कुमार पासवान, आनन्द कमलापुरी, कुमार कनिष्क सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे गरीब, असहाय, निःशक्तों के बीच ठंड से बचाव के लिये कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, नंदकिशोर यादव, रामेश्वर राम, रमेश प्रसाद, सोबरन चंद्रवंशी, उमाशंकर प्रसाद, कमला सिंह, इस्माइल अंसारी, सुजितलाल अग्रवाल, सरोज सेठ, इंद्रजीत कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क व संचालन मो0 नईम खलीफा ने किया।

### राज्य के गरीब बच्चे भी अब बनेंगे डॉक्टर : रामचंद्र चंद्रवंशी

# एलसीएम कॉलेज में एमबीबीएस के नए सत्र का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नए शैक्षणिक सत्र 2022-27 का गुरुवार से औपचारिक शुरुआत हो गया। नए सत्र के छात्र छात्राओं को मंगल टीका लगाकर क्लास रूम में स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नए सत्र के बच्चों को महर्षि चरक शपथ भी दिलाया गया। इससे पहले पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि गरीबी में पला बढ़ा हूं। गरीबों का दर्द भी खूब समझता हूं। झारखंड के गरीब मेधावी बच्चे आर्थिक तंगी के कारण डॉक्टरी की पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे। हमने संकल्प लिया की राज्य के गरीब बच्चे को भी डॉक्टर बनाऊंगा। सब



के सहयोग और मां के आशीर्वाद से मेरा संकल्प भी पूरा हो गया। इसी के साथ गरीब बच्चों को डॉक्टर बनाने का मेरा सपना भी पूरा हो गया। श्री चंद्रवंशी ने बच्चो को भी कई टिप्स दिया। कहा कि डॉक्टर बनकर गरीब लोगों की सेवा जरूर कीजियेगा। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ सुविधा का लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रबंधक गौरव कुमार ने किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, प्राचार्य डॉ आर के श्रीवास्तव, डॉ मकबूल अंसारी, डॉ ओ पी भारती, डॉ अजय कुमार, डॉ नित्यानंद कुमार, डॉ सवंती, डॉ सुभाष तेतरवे, डॉ आसफा, डॉ रेखा, डॉ रूबी सहित कई लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी समाज के सभी वर्गों के लिए काम करती है : नवीन तिवारी

### किशोर सिंह ने रक्तदान कर छतरपुर के बच्चे की बचाई जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रकाश चंद जैन सेवा सदन में भर्ती नौ माह के छोटे बच्चे को ए निगेटिव रक्त की आवश्यकता होने पर सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा के आग्रह पर हुसैनाबाद निवासी किशोर सिंह ने रक्तदान कर बच्चे के इलाज में सहयोग कर जान बचाई। मालूम हो कि छतरपुर से डालटनगंज इलाज कराने डालटनगंज आए हुए नौ माह के बच्चे को ए निगेटिव बल्ड उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण बच्चे के पिता भरत यादव द्वारा बच्चे को रांची रेफर किए जाने की जानकारी देने और रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन तिवारी ने पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान जागरूकता अभियान चला कर लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक और प्रेरित करने का कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क कर बच्चे को रक्त उपलब्ध



कराने का आग्रह किया। सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने संस्था के सक्रिय सदस्य हुसैनाबाद निवासी किशोर सिंह से रक्तदान कराकर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया।इस दौरान श्री मिश्रा ने बताया कि रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरुप अब लोग जागरूक होकर रक्तदान कर लोगों की जान बचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने रक्तदान महादान के प्रति सराहनीय कार्य को लेकर श्री मिश्रा को आभार प्रकट करते हुए कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सामाजिक कार्यो में हर संभव अपना सहयोग प्रदान करेगी।श्री तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी समाज के सभी वर्गो के लिए कार्य करने में विश्वास करती है और जहां तक संभव हो पाता है रक्तदान व अन्य सामाजिक व धार्मिक कार्यो में अपनी भूमिका निभाने का कार्य करती रही है। रक्तदान के अवसर पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य गोरख पाठक, अमित सिंह और बच्चे के परिजन उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## झारखंड की टीम ने 366 रन बनाया

**रांची।** कीनन स्टेडियम जमशेदपुर में झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन झारखंड में 10 विकेट खोकर 366 रन का लक्ष्य अपने विरोधी टीम छत्तीसगढ़ को दिया। झारखंड के खिलाड़ी कुमार देवव्रत 20, आर्यन सेन 85, कुमार सूरज 51, विराट सिंह 63, केसर कुमार 41 और सौरभ तिवारी 78 रन बना चुके हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के टीम अनुज, आयुष पांडे, आशुतोष, अमनदीप सहित सभी खिलाड़ियों ने चार विकेट खोकर 60 ओवर में 140 रन पर खेल रहे हैं।

## प्रदेश भाजपा नेताओं ने स्वामी विवेकानंद को किया नमन

**रांची :** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर गुरुवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पार्टी नेताओं ने उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश समेत अन्य नेताओं ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दीपक प्रकाश ने कहा कि स्वामी विवेकानंद आधुनिक भारत के एक महान चिंतक, दार्शनिक, युवा संन्यासी, युवाओं के प्रेरणास्रोत और एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। वे भारतीय संस्कृति के प्रचारक-प्रसारक एवं उन्नायक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व भर में जब भारत को निम्न दृष्टि से देखा जाता था, ऐसे में स्वामी विवेकानंद ने 11 सितंबर, 1883 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म पर प्रभावी भाषण देकर दुनियाभर में भारतीय आध्यात्म का डंका बजाया। उन्होंने हमेशा युवाओं पर अपना ध्यान केंद्रित किया और युवाओं को आगे आने के लिए आह्वान किया। स्वामी विवेकानंद ने अपनी ओजस्वी वाणी से हमेशा भारतीय युवाओं को उत्साहित किया है। उनके विचार हमें सही मार्ग पर चलते रहने की प्रेरणा देते हैं।

# केंद्रीय संयुक्त सचिव ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की सराहना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्वास्थ्य विभाग के केंद्रीय संयुक्त सचिव विशाल चौहान ने झारखंड में मातृत्व मृत्यु और शिशु मृत्यु दर को कम करने में स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की और प्रयास को बेहतर बताया। केंद्रीय संयुक्त स्वास्थ्य सचिव गुरुवार को नेपाल हाउस स्थित विकास आयुक्त सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने झारखंड में स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़ाने एवं मानव संसाधन की कमी को दूर करने से संबंधित रोडमैप बनाने का निर्देश दिया। केंद्रीय संयुक्त सचिव ने कहा कि झारखंड में यक्ष्मा मरीजों की संख्या केंद्रीय औसत से कम है, टीबी मरीजों को और ज्यादा खोजने की जरूरत है। एक लाख की आबादी पर झारखंड में टीबी मरीज 866 है जबकि केंद्रीय औसत 1053 है।

**हर पंचायत में एक स्वास्थ्य केंद्र खोलने पर कार्य कर रहा है विभाग : अरुण कुमार सिंह**

अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में सभी पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए स्वास्थ्य विभाग कार्य कर रहा है। जल्द ही इसका लाभ मिलेगा। अपर मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कमी से संबंधित ब्यौरा बना कर दें और उसे पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाएं, ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर किया जा सके। अपर मुख्य सचिव ने केंद्रीय संयुक्त सचिव से आग्रह किया है कि डायलिसिस से संबंधित दवाओं की आपूर्ति यथाशीघ्र की जाए, जिससे मरीजों को सुविधा हो सके।

बैठक में अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव चंदन कुमार, निदेशक वित्त मनोज कुमार, झारखंड मेडिकल कॉर्पोरेशन के मिशन डायरेक्टर सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि झारखंड में शिशु मृत्यु दर और मातृत्व मृत्यु दर केंद्रीय औसत से बेहतर है। एसआरएस 2020 के तहत झारखंड में शिशु मृत्यु दर प्रति हजार पर 25 है जबकि केंद्रीय सूचकांक 28 है। झारखंड में मातृत्व मृत्यु दर 56 है जबकि केंद्रीय स्वास्थ्य सूचकांक 97 है। झारखंड में नवजात शिशु मृत्यु दर 17 है जबकि केंद्रीय सूचकांक में यह आंकड़ा 20 है।

# उद्यमियों की समस्याओं का हल ढूंढने के लिए उद्योग विभाग तत्पर : वंदना डाडेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उद्योग सचिव वंदना डाडेल ने कहा कि विभाग उद्यमियों की समस्याओं का हल ढूंढने के लिए तत्पर है। बहुत हद तक विभाग कार्यरत है लेकिन चुनौतियां अधिक है, जिनका मिलकर समाधान किया जायेगा। कुछ पॉलिसी में संशोधन की जरूरत है, जिसे किया जायेगा। जमीन संबंधी समस्या के लिए विभाग एक कमेटी बनाकर मामले में चर्चा करेगी। उद्योग सचिव गुरुवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स समेत अन्य औद्योगिक संगठनों के सदस्यों के साथ हुई बैठक में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि चैंबर के सदस्यों से भी आग्रह है कि वे भी इस पर सुझाव विभाग को दें। जमीन लीज के मामले में अन्य राज्यों का दौरा कर मंथन किया जायेगा। निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सर्टिफिकेट जैसी चीजों के लिए व्यापारियों को बहुत परेशान होने की जरूरत नहीं है। जरूरत है तो बस विभागीय वेबसाइट के इस्तेमाल की। विभाग के



आधिकारिक वेबसाइट में सभी सुविधाएं उपलब्ध है। एक ही लॉग इन आइडी से व्यापारी इसका लाभ ले सकते है। कई मामलों में निवेशकों की ओर से भी लापरवाही दर्ज की जाती है। ऐसे में जरूरी है कि सभी तत्पर रहें। विनोद अग्रवाल ने कहा कि हमारे राज्य के वनोपज की देश भर में मांग है। इमली की पैदावार राज्य में अधिक है लेकिन वैल्यू एडिशन नहीं होने के कारण कम कीमत में ही इमली दक्षिणी राज्यों में भेजी जाती है। इसके अलावा बांस और महुआ जैसे वनोपज पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिये, जिससे ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा दिया जा सके। राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने की योजना पर काम करने की बात रखी गयी। व्यापारी अजय भंडारी ने कहा कि राज्य में बड़े उद्योगों को काफी महत्व दिया जाता है लेकिन राज्य के क्षेत्रीय उद्यमी काफी समस्याओं से जूझ रहे हैं। सीएनटी जमीन आवंटन के लिए भी अलग से प्रावधान हैं लेकिन सरकार और विभाग को इस मामले में पहल करने की जरूरत है। कई ऐसे मामले आए हैं जब उद्यमियों को जमीन के कारण किसी दूसरे राज्य में उद्योग लगाना पड़ता है। जमीन ट्रांसफर के लिए बने प्रावधानों में भी सुधार की जरूरत है। कोयला एक ऐसी वस्तु है, जिसका सभी उद्योगों में लगभग इस्तेमाल है लेकिन जेएसएमडीसी से कोयला भी समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता।

# लाभुकों की शिकायत पर डीलर का लाइसेंस रद्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांके के एक राशन डीलर प्रवेश कुमार को लाभुकों की शिकायत पर जांच के बाद डीलर का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। कांके के 70 से 80 प्रतिशत लाभुकों को फर्जी तरीके से पर्ची निकाल कर राशन सामग्री का वितरण नहीं किया गया है। राशन कार्डधारियों ने आपूर्ति ऑफिस में प्रवेश कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। प्रवेश कुमार पर अनियमितताओं के कई इल्जाम लगाए गये हैं। लगातार डीलर के खिलाफ कम राशन देने, माप-तौल में गड़बड़ी और गलत व्यवहार करने की शिकायत मिल रही थी। टीम ने शिकायतों की जांच की। जांच में



शिकायत सही पाये गये, जिसके बाद प्रवेश कुमार के लाइसेंस (अनुज्ञप्ति संख्या-11/91, कांके) को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। इस संबंध में डीएसओ अल्बर्ट बिलुंग से संपर्क किया गया पर व्यस्तता के कारण डीएसओ ने फोन नहीं उठाए।

# आग की चपेट में आने वाले कुछ दुकानदारों को अंजुमन ने किया मदद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया रांची की टीम गुरुवार को पीड़ित दुकानदारों को आर्थिक सहायता देने के लिए गुदड़ी बाजार पहुंची। सदर हाजी मोख्तार अहमद के नेतृत्व में टीम ने पहले गुदड़ी बाजार का जायजा लिया। बता दें कि चार दिन पहले लोअर बाजार थाना क्षेत्र के गुदड़ी बाजार में रात्रि में अचानक आग लग गई थी। इसमें कुछ दुकान आग से जल गई थी, जिसमें दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ था। अंजुमन इस्लामिया की ओर से इन दुकानदारों को रोजगार फिर से शुरू कराने के लिए प्रत्येक दुकानदारों को 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता



प्रदान की गई। सदर ने जिला प्रशासन और नगर निगम से आग्रह किया है कि सभी दुकानों को अविलंब निर्माण करायी जाए, ताकि दुकानदारों अपनी रोजी-रोटी कमाने में फिर से जुट सके। वहीं महासचिव डॉ तारीख ने कहा कि जल्द ही अंजुमन की टीम रांची उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त से मिलकर दुकानदारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग करेगी। इस अवसर पर अंजुमन के शाहीद अख्तर, मो वसीम, मो नजीब, अयूब राजा खान, बबलू शाहजाद, साजिद उमर, नूर आलम, मो लतीफ, जावेद अख्तर, पूर्व पार्षद सलाउद्दीन, राधे राजू, मो आजाद के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

# पत्रकार ने दो लोगों पर साजिश रचने का लगाया आरोप, मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पत्रकार आशीष कुमार प्रमाणिक ने बुंडू थाना में दो लोगों के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराया है।

शिकायत में कहा है कि विनोद राय को भड़काकर स्वरूप भट्टाचार्य ने उनके खिलाफ थाना में झूठा एफआईआर करने की साजिश रची है। शिकायत में कहा गया है कि स्वरूप भट्टाचार्य और विनोद राय से हुई बातचीत सोशल मीडिया में वायरल हो गयी।

वायरल ऑडियो में स्वरूप भट्टाचार्य ने विनोद राय को विश्वास दिलाते हुए दावा किया है कि वर्ष 2020 में भी तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा से पत्रकार आशीष के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने में उसने पूरी मदद की थी।

वायरल ऑडियो में स्वरूप का कहना है कि आशीष प्रमाणिक पहले क्रिमिनल और नक्सली था। फर्जी पत्रकार है और फर्जी अखबार चलाता है।

पैसा कमाने का धंधा अपना लिया है। इसलिए एफआईआर करना बहुत जरूरी है। पत्रकार ने प्रतिलिपि बुंडू डीएसपी, ग्रामीण एसपी रांची और प्रेस क्लब रांची को दिया है।स्वरूप भट्टाचार्य पेशे से तमाड़ का एक पत्रकार है। विनोद राय अड़की थाना क्षेत्र का रहने वाला है और एक नेता है।

बुंडू थाना प्रभारी ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ शिकायत की गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# झारखंड जैसे पहाड़ी क्षेत्र में इससे बचाव के लिए अध्ययन हो : संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा के अधीनस्थ पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में रांची के सांसद संजय सेठ शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की कार्यपद्धति और गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही यह बताया गया कि पृथ्वी प्रणाली विज्ञान पृथ्वी प्रणाली के सभी पांच घटकों वायुमंडल, जलमंडल, हिमांगमंडल, स्थल मंडल और जैव मंडल तथा उनकी जटिल अंतर क्रियाओं से संबंधित है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय मौसम, जलवायु, समुद्रतटीय दशा, जल विज्ञान और भूकंप विज्ञान संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए पृथ्वी प्रणाली विज्ञान से संबंधित सभी पहलुओं को समग्र रूप से संबोधित करता है। इन सेवाओं में चक्रवात, तूफानी लहरों, बाढ़, लू, आकाशीय बिजली जैसी विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के लिए पूर्वानुमान और चेतावनी या सुनामी और भूकंप की निगरानी के लिए सतर्कता शामिल है।

इस बैठक में सांसद श्री संजय सेठ ने अपने सुझाव देते हुए कहा कि मंत्रालय कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए कैसे उपयोगी हो सके, इस पर हम सब को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। हम अधिक से अधिक आमजनों के लिए काम करें, इस दिशा में हमारा फोकस होना चाहिए। सांसद संजय सेठ ने बैठक में कहा कि झारखंड आकाशीय बिजली जैसी बड़ी प्राकृतिक आपदाओं से जूझता रहता है। इसका पूर्वानुमान हो और कैसे इससे बचा जाए, इन दोनों ही विषयों पर गंभीरतापूर्वक काम करने की आवश्यकता है ताकि झारखंड जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाले जानमाल के नुकसान से बचा जा सके। वहीं सांसद सेठ ने कहा कि देश में भूकंप आने की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

# सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात की अर्धवार्षिक परीक्षा अब 18 से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात की अर्धवार्षिक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। परीक्षा पहले 16 जनवरी को होने वाली थी लेकिन यह परीक्षा 18 जनवरी से शुरू होगी। परीक्षा की तिथि में बदलाव टुसू पर्व को लेकर की गयी है। तिथि में परिवर्तन करने की मांग शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो से बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती ने की थी। विधायक ने पत्र में लिखा था कि पूरे झारखंड में मुख्य त्योहारों में एक टुसु पर्व है।




इसके साथ झारखंड के लोगों का भावनात्मक लगाव है। हर जाति-वर्ग-पंथ द्वारा झारखंड में जिस तल्लिनता से इस त्योहार को मनाया जाता है, शायद ही और किसी त्योहार को मनाया जाता हो। विधायक ने लिखा था कि कहने को तो मकर पर्व 14 या 15 जनवरी को है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में यह पर्व सप्ताह भर मनाया जाता है। झारखंड के भाषा में अगर कहें तो 16 जनवरी को आईखान यात्रा कहा जाता है, जो इस पर्व का एक महत्वपूर्ण दिन है। इसे ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसे लेकर विधायक ने परीक्षा की तारीख में परिवर्तन करने की मांग की थी। शिक्षक संगठनों ने भी स्थिति के मद्देनजर तारीख बढ़ाने की मांग की थी।

# रांची : दोपहिया चलाने के पूर्व हेलमेट सही तरीके से पहनेंगे, दुर्घटना से बचेंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन गुरुवार को रांची शहर के विभिन्न ट्रैफिक लाईट, चौक पर लाल बत्ती के दौरान रुके लोगों के समक्ष सड़क सुरक्षा कार्ड प्ले के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्ड पर लिखे विभिन्न संदेशों के माध्यम से उनसे सुरक्षित सड़क उपयोगकार्ता बन ने की अपील की गई। हिनू चौक, इंद्रपुरी चौक, सुजात चौक, बिरसा चौक मौजूद यातायात पुलिस के समन्वय से लोगों को झारखंड को मिल कर सुरक्षित राज्य बनने को प्रेरित किया गया।वहीं झारखंड सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, 2023 के अंतर्गत, सभी स्कूलों में नोडल शिक्षकों के माध्यम से छात्र छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना के प्रति बच्चों को जागरूक करना व रोड साईनेज, यातायात नियम और सड़कों पर सुरक्षित रूप से सफर करने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी को प्रतिज्ञा भी दिलाई गई कि वाहन चलाते समय हमेशा यातायात के नियमों का दृढता के साथ पालन करें ताकी दुर्घटना में होने वाले क्षति को रोका जा सके।

## वीर बुधु भगत की शहादत दिवस आज

**रांची :** वीर बुधू भगत स्मारक समिति की ओर से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर वीर बुधु भगत जयंती समारोह के बारे में अवगत कराया गया। 13 फरवरी को वीर बुधु भगत शहादत दिवस अरगोड़ा चौक रांची में मनाने का निर्णय लिया गया है। जबकि 17 फरवरी को वीर बुधु भगत की जयंती सिलागाई में मनाई जाएगी। अध्यक्ष शिव पूजन भगत ने कहा कि एकलव्य विद्यालय सिलागाई में ही बनेगा, अन्यथा कहीं नहीं बनाया जाएगा। यह मामला हाई कोर्ट में लंबित है।

# आईईडी विस्फोट में घायल जवान के सिर की हुई सर्जरी, दो अन्य घायल जवानों की भी होगी सर्जरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका जंगल में आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान भरत सिंह राय के सिर की सर्जरी की गई है। मेडिका के सर्जन डॉक्टर गौतम चंद्रा ने बताया कि बुधवार देर रात भरत सिंह राय के सिर की सर्जरी की गई। अन्य दो जवानों की भी सर्जरी की जाएगी। आईईडी ब्लास्ट में मुकेश कुमार सिंह का बायां पैर जख्मी हुआ है। अजय लिंडा के जांघ, पैर और गर्दन में चोट आई है। जबकि भरत सिंह राय का बायां पैर और



सिर जख्मी है। सभी का इलाज चल रहा है। सभी जवानों का इलाज मेडिका अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टर गौतम चंद्रा और डॉक्टर राकेश अग्रवाल की देखरेख में जवानों का इलाज चल रहा है। सभी घायल जवान सुरक्षित बताये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम के तुम्बाहाका जंगल के समीप भाकपा (माओवादी) नक्सलियों और सुरक्षा बलों में मुठभेड़ के बाद आईईडी ब्लास्ट में कोबरा बटालियन के 6 जवान घायल हो गए थे। छह घायल जवान को हेलिकॉप्टर से रांची लाकर मेडिका अस्पताल में भर्ती किया गया था। घायल जवानों में अजय लिंडा, शाहरुख खान, भरत सिंह राय, मुकेश कुमार सिंह, आलोक दास और बीरपाल सिंह तोमर शामिल थे।

# रांची में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरुकता रथ रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रांची समाहरणालय परिसर से गुरुवार को जागरुकता रथ रवाना किया गया। रथ के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी और पालन के प्रति जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी किशोर कौशल, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश, अपर समाहर्त्ता राजेश बरवार, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 11-17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके जागरूकता के लिए प्रतिदिन सड़क सुरक्षा समिति की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से भी कई कानून बनाए गए हैं। जैसे हिट एंड रन के मामले में दो लाख का मुआवजा का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बहुत सारे लोगों को यह जानकारी नहीं है कि इस



प्रकार की दुर्घटना होने पर किस तरह से आवेदन करना है और कैसे लाभ प्राप्त करना है, जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को इससे संबंधित जानकारी भी दी जाएगी। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि गोल्डन आवर में सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को किसी तरह की परेशानी ना हो, इससे संबंधित सभी थानों को सूचना दी गई है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोग अपनी जिम्मेदारी समझें, नियम कानून का पालन करें ताकि सड़क हादसों में कमी आए।

# एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बेंगलुरु रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बीसीसीआई सिनियर महिला एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए 16 सदस्यीय झारखंड टीम बेंगलुरु के लिए प्रस्थान कर गयी। टीम बैंगलुरू में तीन अभ्यास मैच खेलने के पश्चात् उक्त टूर्नामेंट में भाग लेने 15 जनवरी को पुडुचेरी जाएगी, जहां अपना पहला मैच केरला से 18 जनवरी को खेलेगी। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली झारखंड टीम के खिलाड़ियों एवं स्पोर्ट स्टाफ की सूची इस प्रकार है निहारिका (कप्तान) अश्विनी कुमारी



(उपकप्तान) , अनुजा पाटिल, शुभ लक्ष्मी दिव्यानी प्रसाद, ऋतु कुमारी, आरती कुमारी, मोनिका मुर्मू, शांति कुमारी, ममता पासवान, सोनिया, रमा कुमारी महतो, खुशबू कुमारी, प्रजक्ता, प्रिया कुमारी, मानसी सिंह, उमेश शेट्टी (कोच), सीमा सिंह (कोच), प्रमोद कुमार (ट्रेलर), पूजा दत्ता (फिजियों) एवं गुरुवारी हेम्ब्रोरम (टीम मैनेजर) उक्त जानकारी देवाशीष चक्रवती सचिव ने दी।

## रेलवे में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए मौका

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे भर्ती सेल ने दक्षिण पूर्व रेलवे की कार्यशालाओं और अन्य प्रतिष्ठानों में रेलवे में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया हैं। खड़गपुर कार्यशाला के लिए 360, खड़गपुर संभाग के लिए 612, चक्रधरपुर संभाग के लिए 413, औद्रा संभाग के लिए 213, रांची संभाग के लिए 80, सिनी कार्यशाला के लिए 107, कुल 1785 रिक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित की गई हैं. रेलवे ने कहा है कि आवेदन ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए, इसे जमा करने के किसी अन्य तरीके पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके लिए रेलवे भर्ती सेल, दक्षिण पूर्व रेलवे ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट www.rrcser.co.in पर व्यापक अधिसूचना में स्लॉट, व्यापार-वार और समुदाय-वार (पीडब्ल्यूडी और पूर्व सैनिकों के स्लॉट सहित) का विस्तृत वितरण निर्धारित किया है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को रेलवे भर्ती सेल, दक्षिण पूर्व रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट https://iroams-com/RRCSER/ लिंक पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के अंतिम तिथि 2 फरवरी को 5 बजे षाम तक है।

## भाजपा संगठन महामंत्री, महापौर व आरएसएस प्रचारकों ने स्व मुकेश सोनी की हत्या पर चर्चा कर मौन रखा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन जागरण सांस्कृतिक उत्सव सह लोक नृत्य समागम मगध परियोजना चमातु कार्यक्रम में जाने क्रम में भाजपा संगठन महामंत्री करणवीर जी, महापौर राँची आशा लकड़ा, हिन्दू जागरण मंच के क्षेत्र प्रमुख डॉ0 सुमन जी,क्षेत्र सेवा प्रमुख अजय जी,धर्म जागरण प्रान्त सह संयोजक इंद्रजीत यादव (लालू) मैक्लुस्कीगंज स्थित आरएसएस कार्यलय शंकर निकेतन गेट के पास खलारी प्रखंड के आरएसएस,विहिप सह बजरंगदल व भाजपा के कार्यकर्ताओं से मिले. इस दौरान दिवंगत विहित खलारी प्रखंड अध्यक्ष स्व मुकेश सोनी के हत्या कर देने पर चर्चा कर उनके नाम पर दो मिनट का मौन धारण रखा गया.



## स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाया गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी की ज्यांति मैक्लुस्कीगंज में मनाया गया. जयंती अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया. इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने स्वामी जी पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं के लिए रोल मॉडल के रूप में इन्हे अपनाने की अपील की. और देश को आत्मनिर्भर बनाने में उनकी बताए मार्ग का अनुसरण करने से देश और युवा उन्नति के मार्ग पर बड़ेगे. देश आत्म निर्भर होगा तभी बेरोजगारी मिटेगी. वही रांची जिला ग्रामीण के महामंत्री प्रीतम साहू ने कहा की हम युवा पीढ़ी को उनके द्वारा कही गई बात उठो जागो और तबतक प्रयत्नशील रहो जबतक मंजिल नहीं जाती. सह मीडिया प्रभारी रांची जिला ग्रामीण आनंद कुमार सिंह ने शिकांगो में धर्म संसद में उनके भाषणों को याद करते हुए भाऊक होते हुए श्रद्धांजलि दी.



## झारखंड पब्लिक स्कूल में युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाया गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पब्लिक स्कूल, मोहन नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार चौहान ने विद्यालय के बच्चों के बीच स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत देश की अधिकतर आबादी युवाओं की है और किसी भी देश का भविष्य उसके युवाओं पर ही निर्भर करता है. नई प्रतिभा के आने से देश को ना सिर्फ तरक्की मिलती है, बल्कि देश का विकास भी सही तरह से होता है. वहीं देश के युवाओं के सही मार्ग दर्शन के लिए हर साल देश मे स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है. विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने संबोधन में कहा विवेकानंद जी के आदर्शो में चलकर ही हम देश के एक जिम्मेवार नागरिक बन सकते है.



## कंचनजंगा इंटरनेशनल स्कुल मंगरुवरी मैक्लुस्कगंज में स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाया गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय युवा दिवस पर कंचनजंगा इंटरनेशनल स्कुल मंगरुवरी मैक्लुस्कगंज में स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया. इस दौरान स्कूल के शिक्षकों ने स्वमी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पर्पित कर माल्यर्पण किया गया. वही विद्यालय के निदेशक कमल मुण्डा ने जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत देश की अधिकतर आबादी युवाओं की है उनके आदर्शों व कार्य पर चर्चा करते हुए प्रेरणा दिये.मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशांत कु0 पाठक,शिक्षक दीपिका कुमारी,पूनम कुमारी,रीना कुमारी,प्रियमबदा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांस्कृतिक नाच गान के साथ गुरुवार को आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंहपुर में राष्ट्रीय युवा महोत्सव दिवस मनाया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रुप मे पूर्व सांसद राम टहल चौधरी मौजूद रहे, राम टहल चौधरी के कर कमलों से स्कूल में फीता काटकर कंप्यूटर सेक्शन ,स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। उनके हाथों से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का प्राइज डिसटीब्यूशन किया गया। स्कूल के निर्देशक शोभाराम महतो ने कहा आज स्कूल की स्थापना के 22 साल पूरे हो चुके हैं, यह 23 वा साल है और आज ही के दिन इस स्कूल का झारखंड गवर्नमेंट की तरफ से मान्यता प्रमाण पत्र दिया गया, जो बहुत खुशी की बात है ,इस बात के लिए उन्होंने शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को आभार जताया है।

## अनुराग के शतक से सोनेट बुंडू जीता

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची में खेली जा रही है अंडर-14 वेंचर स्किल अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को सोनेट बुंडू ने रेलवे यूथ राँची को 73 रनों से हराया।सोनेट बुंडू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 ओवर में 211 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गयी जिसमें अनुराग कुमार ने शानदार 109 रन बनाया एवं तानिश ने 20 रन बनाया रेलवे यूथ के तरफ से अमन और आनंद ने 3 - 3 विकेट लिया।212 रन का लक्ष्य लेकर दूसरी पारी खेलने उतरी रेलवे यूथ ने 30 ओवर में 138 रन बनाकर ऑलआउट हो गया जिसमें अभिजीत ने 36 रन बनाया एवं अनमोल ने 20 रनों का पारी खेला जिसमें सोनेट बुंडू के तरफ से प्रिंस कुमार ने 4 विकेट लिया एवं अनुराग ने 2 विकेट लिया।

## स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरहू एवं एसजीवीएस हॉस्पिटल खूँटी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा जागरूकता अभियान कोड़ाकेल पंचायत,मुरहू के पंचायत सचिवालय में आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन मुरहू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश सिंह एवम ष्ट।ष्ट के चिकित्सा प्रभारी डॉ आशुतोष तिग्गा के कर कमलों द्वारा किया गया। शिविर का आयोजन कोड़ाकेल ग्राम के वार्ड सदस्य अमित महतो की अध्यक्षता में किया गया।शिविर में 231 रोगियों का निःशुल्क जाँच किया गया,उनमे से 34 रोगियों में मोतियाबिंद के लक्षण एवम अन्य रोग के लक्षण पाए गए.शिविर में संबंधित रोगियों के बीच दवाई का भी वितरण किया गया।

# आश्वासन के बाद बीसीकेयू का धरना समाप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एनके प्रबंधन से दोपक्षीय वार्ता के बाद बिहार कोलयरी कामगार यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त किया गया. बताना चाहते है कि बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले 9 जनवरी से रतिया गंझू के अध्यक्षता में अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा था. अनिश्चितकालीन धरना खलारी प्रखंड के दो पंचायत विश्रामपुर व तूमांग पंचायत के अंतर्गत बंद खदान में लगी आग से पूरे पंचायत क्षेत्र के जमीन के अंदर आग लगी है. उसी आग के गोले के ऊपर में हज़ारों की संख्या में ग्रामीण गुजर बसर कर रहे है. गुजर बसर करने वाले लोगों को तत्काल वहां से हटाने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा था. लगातार धरना के चौथे दिन गुरुवार को महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक संजय कुमार की अध्यक्षता में वार्ता किया गया. वार्ता में प्रबंधन की और से आश्वासन दिया गया कि 20 जनवरी से कैंप लगाकर करकट्टा और खिलानधौडा में एक साथ मेजरमेंट करा कर मुख्यालय भेजा दिया जाएगा. मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद जल्द से जल्द वहां के लोगों को हटाया जाएगा. महाप्रबंधक ने बताया कि पूर्व में करकट्टा के 70 घरों का मेजरमेंट करवा लिया गया है, शेष बाकी घरों का एक कमेटी तैयार कर मेजरमेंट करवाया जाएगा. कमेटी में सीसीएल के अधिकारियों के साथ-साथ वहां निवास करने वाले रैयत को भी शामिल किया जाएगा. वार्ता में महाप्रबंधक संजय कुमार, लैंड एंड रिवेन्यू अधिकारी एनके दुबे, दिवाकर साहू, रतिया गंझू, इरफान खान, जनेश्वर सिंह, उदय सिंह, एके सिंह, रामेश्वर सिंह ,महावीर गंझू, सोनू गंझू, भोला राम, उपेंद्र राम, रूपेश साव सहित कई लोग मौजूद थे।



## एसएसबी 26वीं वाहिनी और तमाड़ पुलिस ने एक नक्सली को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के किताडीह से कई कांड में शामिल पूर्व नक्सली डोका मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि डोका मुंडा अपने घर किताडीह में ठहरा हुआ है। सूचना के आधार पर ऑपरेशन कमांडर उप सेनानायक अनुराग सिंह के नेतृत्व् में एस एस बी 26 वीं वाहनी जी समवाय और तमाड़ पुलिस की संयुक्त टीम गठन की गई। सूचना के आधार पर गठित टीम ने छापेमारी कर डोका मुंडा को बुधवार की देर रात को घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# लाखों के पौधे जलकर नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** हेसल मौजा के मिलन चौक. बहेया रोड के समीप वन विभाग द्वारा लगाया गया सैकड़ों एकड़ पर लगे हजारों किमती पौधे जलकर नष्ट हो गए। विगत 2 वर्ष पहले सखुवा, करंज, जामुन, शीशम, सगवान, करम, गम्हार, बांस, बैर पौधे लगाए गए थे। वन विभाग द्वारा घेराबंदी की गई है जिससे बहुत सारे पौधे और घास उग आए थे, किंतु वन विभाग की उदासीनता और देखरेख का अभाव के कारण किसी सरारती द्वारा सुखे घने घास में आग लगा दिया गया। ज्ञात हो कि एकांत पाकर शराब, गांजा एवं अन्य नशा का प्रयोग करने के लिए असामाजिक लोगों का इस क्षेत्र में हमेशा आना जाना बना रहता है। क्षेत्र के समाजसेवी सखीचंद महतो ने बताया कि 2 साल पहले लगाया गए पौधे सुंदर और हरे हो गए थे पर्यावरण अच्छा होने का शुभ संकेत था किंतु वन विभाग के निष्क्रियता एवं क्षेत्र की जनताओं का जागरूकता में कमी के कारण पर्यावरण नष्ट करने की ऐसे घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिलते हैं यदि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाए तो जागरूक जनता पौधों को बचाने में मददगार साबित हो सकते हैं। इस घटना का सामाजिक कार्यकर्ता गबेश्वर महतो, हरी लाल महतो, धनंजय महतो, राजू महतो ने घोर निंदा किया है।



# युवा दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** स्वामी विवेकानंद की जयंती के शुभ अवशर पर स्वर्गीय करमु महतो खिलाडी समागम का आयोजन युवा विकाश मंच के द्वारा ई ई एफ मंदिर मैदान टाटीसिल्वे मे किया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत स्वामी विवेकानंद एवम् स्वर्गीय करमु महतो के फोटो पर माल्याअर्पण के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शो पर चलने कि जरूरत है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण बच्चो में प्रतिभा को निखरने के साथ एक अच्छा प्लेटफॉर्म मिलता है। प्रातः में युवाक् युतियो का मेराथन दौड़, 100 मीटर, 400 मीटर, 1600 मीटर की दौड़, 25 वर्ष से उपर के लिए क्रॉस कंट्री दौड़,दिव्यांग के लिए कुर्सी रेस का भव्य आयोजन किया गया।

# टुसू मेला को लेकर बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** हुण्डरु फॉल में 15 जनवरी2023 को एतिहासिक मकर संक्रांति टुसू मेला को लेकर सिकिदीरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि की अध्यक्षता में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामिणों की एक बैठक हुई । बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि मेला को सफल आयोजन में पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय ग्रामिणों ने मिलकर काम करेंगे मेला में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए 50 भोलेंटियर एवं पुलिस के जवान तैनात रहेगें और एक मेला नियंत्रण कक्ष रहेगा थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने कहा कि मेला में हुड़दंग करने वाले एंव शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी बैठक का संचालन ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया ने किया बैठक में एस आई अरूण कुमार सिंह, ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया,वार्ड सदस्य राम कुमार बेदिया,राजकिशोर प्रसाद, शचिमोहन कुमार, संतोष बेदिया, चंद्र मोहन भोगता, पवन भोगता, शुभम बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, चंद्र उदय बेदिया, दसैंया बेदिया, अजय बेदिया, मोहित बेदिया,मदन कुमार बेदिया,बसंत बेदिया मंगल दास हजाम , ब्रजेश भोगता, राकेश भोगता, मेघनाथ बेदिया, मनोज बेदिया आदि उपस्थित थे ।



## ऑल झारखण्ड एकता मंच ने वरीय आरक्षी अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

# विशेष जांच दल का गठन कर गहन जांच कराने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ऑल झारखण्ड एकता मंच के अध्यक्ष अशफाक खान की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक इरबा में किया गया। जिसमें अनगड़ा, ओरमांझी, एवम कांके प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य एव बुद्धिजीवी लोगों की एक आवश्यक बैठक करके हर पहलू पर गहराई से छानबीन और विचार विमर्श किया गया। जिसमें वरीय आरक्षी अधीक्षक रांची को एक हस्ताक्षरयुक्त एक ज्ञापन सौंपकर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर गहन जांच कराने की मांग किया गया। ज्ञात हो कि रांची जिला के अनगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवादग पंचायत के सीताडीह गांव के निकट रांची मुरी डाउन रेलवे लाइन पर विगत 26 सितंबर को सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव निवासी मो कलाम अंसारी नामक एक व्यक्ति की कुछ अज्ञात अपराधियों ने दोनों पांव काटकर फरार हो गए थे। इस घटना के विरुद्ध अनगड़ा थाना में 27 सितंबर को कांड संख्या 80/2022 अंकित कर कांड का पुलिस अनुसंधान कर रही है। इस कांड में कलाम अंसारी के द्वारा घटना की सही जानकारी ना देकर अपना बयान बार बार बदल कर पुलिस को दिग्भ्रमित कर घटना की असली सच्चाई को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। तथा ओरमांझी प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख सह सामाजिक कार्यकर्ता मुंतजिर अहमद रजा को घटना में सद्यंत्रकारी होने का झूठा आरोप लगाकर उसे फंसाने तथा घटना की असली सच्चाई को सामने नहीं आने देने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस प्रकार से सामाजिक कार्यकर्ता और निर्दोष व्यक्ति मुंतजिर अहमद रजा को इस कांड में नाम घसीट कर उसे जेल भेजने की साजिश को नाकाम करेंगे। इसको लेकर क्षेत्र के लोगो में काफी आक्रोश और नाराजगी भी है। ऐसे लोगो को गांव या प्रखंड से बहिष्कृत किया जाना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से ओरमांझी प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, अनगड़ा प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव,ओरमांझी प्रखंड उप प्रमुख रिजवान अंसारी, अनगड़ा पूर्व उप प्रमुख अनवर खान, ऐनुल हक अंसारी कार्यकारी अध्यक्ष कांग्रेस, शमीम अख्तर, नुरुल होदा, अब्दुल कुदुस अंसारी, मुमताज आलम, जहूर अंसारी, अब्दुल इनाम अंसारी, अब्दुल सत्तार अंसारी, बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भव्य भंडारे का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्वे पंचायत के अंतर्गत श्री श्री शिव मंदिर हरातु में विशेष पूजा अर्चना के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महा खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर मुखिया नूतन पाहन,विष्णु मुंडा,डॉक्टर मधुसुदं पाण्डे, राजेश मिश्रा, अरविंद महतो, गिरिधर उराव, राजू महतो,राम चरण पाहन, भोला ठाकुर के साथ सैकड़ो श्रधालु उपस्थित थे।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला

इम्पोरियम बिल्डिंग, सदर अस्पताल परिसर, गुमला पिनकोड – 835207
फोन – 06524–224960, 222390 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

**–ः आवश्यक सूचना ः–**

**आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों में (Schools of Excellence) एवं प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों के चयन हेतु आवश्यक सूचना :–**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार रांची के संकल्प संख्या 697 दिनांक 15.03.2022 के आलोक में जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों (Schools of Excellence) एवं प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में अल्पकालीन संविदा आधारित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 25.01.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक केवल निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, गुमला (इम्पोरियम बिल्डिंग, सदर अस्पताल परिसर, गुमला पिनकोड – 835207) में आमंत्रित किये जाते हैं :–

| S.N. | Subject | Category wise Vacancy: Total No. of Vacant Posts | UR | ST | SC |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Hindi | 3 | 2 | 1 | 0 |
| 2 | English | 2 | 1 | 1 | 0 |
| 3 | Urdu | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 4 | Mathematics/Physics | 7 | 4 | 3 | 0 |
| 5 | Biology/Chemistry | 5 | 3 | 2 | 0 |
| 6 | Geography | 3 | 2 | 1 | 0 |
| 7 | History/Civies | 8 | 4 | 4 | 0 |
| 8 | Sanskrit | 4 | 2 | 2 | 0 |
| 9 | Economics | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 10 | Commerce | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 11 | Physical Education | 2 | 1 | 1 | 0 |
| 12 | Napuri | 2 | 1 | 1 | 0 |
| 13 | Mundari | 2 | 1 | 1 | 0 |
| Total | | 41 | 24 | 17 | 0 |

| S.N. | Subject | Category wise Vacancy: Total No. of Vacant Posts | UR | ST | SC |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | English | 4 | 2 | 2 | 0 |
| 2 | History | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 3 | Mathematics | 4 | 2 | 2 | 0 |
| 4 | Physics | 5 | 3 | 2 | 0 |
| 5 | Biology | 5 | 3 | 2 | 0 |
| 6 | Chemistry | 3 | 2 | 1 | 0 |
| 7 | Commerce | 4 | 2 | 2 | 0 |
| Total | | 26 | 15 | 11 | 0 |

**1. अहर्ता :–**

**i. स्नातकोत्तर प्रशिक्षित (PGT) शिक्षकों हेतु :–**
- राज्य सरकार या केन्द्र सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से संबंधित विषय जिसमें चयन होना है में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री। परंतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री।
- साथ ही मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से बी.एड. अथवा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा बी.एड. के समकक्ष घोषित डिग्री।

**ii. स्नातक प्रशिक्षित (TGT) शिक्षकों हेतु :–**
- राज्य सरकार या केन्द्र सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से संबंधित विषय जिसमें चयन होना है में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री। परंतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री।
- साथ ही मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से बी.एड. अथवा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा बी.एड. के समकक्ष घोषित डिग्री।

**2. उम्र :–**
- न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा क्रमशः 21 और 55 वर्ष होगी।
- उम्र का आकलन 31.12.2022 के आधार पर किया जाएगा।

**3. आरक्षण :–**
- चयन में झारखंड राज्य द्वारा जिला स्तरीय नियुक्ति हेतु आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाएगा।
- आरक्षित पदों पर झारखंड में निवास करने वाले अभ्यर्थियों जिन्हें झारखंड सरकार के अधीन सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत आरक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर आरक्षण का दावा मान्य किया जाएगा।

**4. संविदा शिक्षक की मासिक परिलब्धि :–**

| क्र.सं. | शिक्षक की कोटि | नियत मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित (PGT) शिक्षक (सभी विषय) | रूपये 27500/– |
| 2 | स्नातक प्रशिक्षित (TGT) शिक्षक (सभी विषय) | रूपये 26250/– |

**5. संविदा शिक्षकों के निर्धारित कर्त्तव्य एवं दायित्व :–**
संविदा के आधार पर नियुक्त शिक्षक निम्नलिखित कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगे:–
i. नियमित कक्षा का संचालन/बच्चों के द्वारा किए गए कार्यो की जांच।
ii. निरीक्षण कार्य/मूल्यांकन कार्य।
iii. विद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रम/सह पाठ्यक्रम गतिविधियों की तैयारी एवं संचालन में छात्रों एवं सह–कर्मियों का सहायता करना।
iv. प्राचार्य द्वारा सौंपे गये सभी कार्य।

**6. चयन हेतु निर्धारित शर्त्ते** :– संविदा के आधार पर चयनित शिक्षक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के संकल्प संख्या 697 दिनांक 15.03.2022 के अंतर्गत निम्नांकित शर्त्तों के अधीन कार्य करेंगे :–
i. यह चयन शैक्षणिक सत्र समाप्ति या नियमित शिक्षक के योगदान करने तक जो भी पहले हो अल्पकालीन संविदा के आधार पर की जाएगी।
ii. शैक्षणिक सत्र समाप्ति के पश्चात चयन समिति द्वारा अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयनित एवं कार्य कर रहे शिक्षक के चयन समिति द्वारा यह कार्रवाई प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने के पूर्व कर ली जाएगी।
iii. संविदा के आधार पर शिक्षकों को नियमित चयन का कोई दावा/अधिकार नहीं होगा और न ही वे सरकारी शिक्षक संवर्ग का हिस्सा होंगे।
iv. ऐसे शिक्षक विद्यालय के प्राचार्य के अधीन एवं उनके द्वारा निर्धारित शर्त एवं बंधेज (संविदा के समय निर्धारित) के अनुरूप कार्य करेंगे।
v. संविदा आधारित चयन को एक शैक्षणिक वर्ष में 11 माह हेतु कार्य करने संबंधी एकरारनामा के आधार पर किया जाएगा। यह एकरारनामा चयनित उम्मीदवार एवं संबंधित विद्यालय के प्राचार्य के बीच निर्धारित शर्तों के अनुरूप किया जाएगा।
चयन समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष एकरारनामा एवं संविदा का विस्तार अगले शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व अल्पकालीन संविदा पर कार्य कर रहे शिक्षक के कार्यकलाप का मूल्यांकन किया जाएगा तथा संतोषपद्र पाए जाने की स्थिति में अगले शैक्षणिक सत्र हेतु संविदा विस्तार किया जाएगा। कार्य मूल्यांकन किए जाने पर कार्यकलाप असंतोशप्रद पाए जाने की स्थिति में आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु अवधि विस्तार नहीं किया जाएगा तथा संबंधित शिक्षक की कार्य अनुमति विखण्डित मानी जाएगी।

**8. आवेदन करने की प्रक्रिया :–**
i. सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 25.01.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक केवल निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, गुमला (इम्पोरियम बिल्डिंग, सदर अस्पताल परिसर, गुमला पिनकोड – 835207) में स्वीकार किया जायेगा। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जायेगा।
ii. चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन, एवं आवेदन प्रपत्र का प्रारूप जिले के अधिकारिक वेबसाईट https://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है एवं झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला के कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।
iii. चयन के संबंध में अद्यतन जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला अथवा जिले के उपरोक्त अंकित अधिकारिक वेबसाईट पर देखी जा सकती है। अभ्यर्थी का दायित्व होगा कि वे नियमित रूप से अवलोकन करते हुए चयन संबंधी जानकारी प्राप्त करें।

**9. चयन परीक्षा हेतु शुल्क 100/– रूपये होगी, परंतु अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए यह 50/– रूपये निर्धारित की जाती है। आवेदन शुल्क Crossed Demand Dfaft/Bankers Cheque जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला के पदनाम से Payble at गुमला में स्वीकार किए जायेंगे। जो आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।**

**10. पात्रता** :– चयन परीक्षा में बैठने की अनुमति पूर्णतः औपबंधिक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होना यह प्रमाणित नहीं करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पद पर चयन हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं। चयन समिति द्वारा विज्ञापित पद पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के पात्रता संबंधी प्रमाण पत्रों की जांच करायी जाएगी। निर्धारित जांच के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने अथवा आवेदन में भरे गए पात्रता संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने अथवा निर्धारित अवधि अंतर्गत नहीं होने पर आरक्षण/अन्य लाभ अनुमान्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झाखंड शिक्षा परियोजना, गुमला

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला चयन समिति, गुमला

PR 287416 (Jharkhand Education Project Council)22-23*D

## मायुमं टाटानगर अचीवर्स शाखा ने बांटे कंबल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत बढ़ते हुए कड़ाके की सर्दी को देखते हुए बुधवार की रात शहर के सड़को के किनारे फुटपाथों पर सौ रहे जरूरतमंदों के बीच 101 कंबल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सुरेंद्र सिंह (जगत सिंह साकची) के सौजन्य से पूर्ण हुआ। इसे सफल बनाने मे शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, सचिव चेतन अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, उमंग अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## सोनी ब्राविया एक्स75के-स्मूद परफ़ॉर्मेंस वाला स्मार्ट टेलीविज़न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनी ब्राविया एक्स75के एक प्रीमियम-सेगमेंट टेलीविज़न है, एक ऐसा टेलीविज़न जिसका लुक सबसे अलग है और जो आपकी पसंद के मुताबिक और बिल्कुल असली जैसा ऑडियो-विज़ुअल अनुभव देता है।



एक्स75के लाइन-अप में एक्स1 पिक्चर प्रोसेसर है जो एडवांस एल्गोरिद्म इस्तेमाल करके नॉइज़ हटाता है और डिटेल्स बढ़ाता है। यह टेलीविज़न लाइव कलर टेक्नोलॉजी की मदद से बिल्कुल असली जैसे कलर दिखाता है। इसमें है मोशनफ्लो एक्सआर वाला एक्स- रियलिटी प्रो जो 4के व्यूइंग के अनुभव को और भी अधिक साफ़ और स्मूद बनाता है। सोनी इंडिया की एक्स75के सीरीज़ के ब्राविया टेलीविज़न कई स्क्रीन साइज़ में उपलब्ध हैं, जिनकी शुरुआत 108 सीएम (43) से होती है और वे 165 सीएम (65) तक के साइज़ में उपलब्ध हैं। केडी-43एक्स75के रु. 50,990/- और केडी-50एक्स75के वेरिएंट रु. 60,990/- की कीमत पर उपलब्ध हैं। ये मॉडल भारत में सभी सोनी सेंटर्स, प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक स्टोर्स और ई-कॉमर्स पोर्टल्स पर उपलब्ध हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने की द आइकॉनिक हिलक्स की बुकिंग शुरू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी आइकॉनिक लाइफस्टाइल यूटिलिटी व्हेकिल द हिलक्स के लिए बुकिंग शुरू की। कहने की जरूरत नहीं है कि 2022 की शुरुआत में लॉन्च किए जाने के बाद से, हिलक्स को ग्राहकों ने खूब पसंद किया है



और इसकी तारीफ ड्राइविंग की इसकी शानदार स्टाइलिंग और ड्राइविंग आराम के लिए सराहना की गई है। हिलक्स की उच्च मांग और आपूर्ति को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों के कारण प्रसिद्ध हिलक्स की बुकिंग अस्थायी रूप से रोक दी गई थी। हालांकि, आज की घोषणा के साथ, डीलर आउटलेट्स पर बहुप्रतीक्षित वैश्विक दिग्गज के लिए ऑर्डर लेना शुरू हो गया है और साथ ही ऑनलाइन बुकिंग भी स्वीकार की जाती है। वैश्विक स्तर पर, हिलक्स की 20 मिलियन यूनिट्स से ज्यादा की बिक्री हो चुकी है और इसने 180 से अधिक देशों के कई समझदार ग्राहकों का दिल जीत लिया है। पांच दशकों और आठ पीढ़ियों से अधिक के दौरान, टोयोटा हिलक्स ने असाधारण अनुभव और उन लोगों के साथ एक अटूट बंधन बनाया है जो भयानक ड्राइव की इच्छा रखते हैं, चाहे वे व्यवसाय में हों या अपने परिवार के साथ।

## श्री श्याम कृपा महोत्सव कार्यकम बिष्टुपुर तुलसी भवन में 16 को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्याम सेवा समिति बिष्टुपुर द्वारा आगामी 16 जनवरी सोमवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में श्री श्याम कृपा महोत्सव कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। बाबा श्याम की कृपा से यह कार्यकम संध्या 7.31 बजे से आरम्भ होगी, जो देर रात तक चलेगी। जिसमें भजनों की अमृतवर्षा करने हेतु कोलकत्ता से सुप्रसिद्ध भजन गायक संजू शर्मा, कटिहार से आदर्श दाधीच एवं जमशेदपुर के अनुभव अग्रवाल बाबा के दरबार में हाजरी लगायेंगे। फूलो की भव्य होली का भी आयोजन होगा। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष कमल बाकरेवाल ने बताया कि संस्था के मुकेश आगीवाल, प्रभास मूनका, पंकज अग्रवाल, जुगल बाकरेवाल, अमित मूनका, नरेश नरेडी समेत सभी सदस्य इस कार्यकम को भव्य बनाने में लगे हुए है।

## मायुमं स्टील सिटी शाखा का चैंपियंस लीग 14 को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा आगामी 14 जनवरी शनिवार को चैंपियंस लीग सीजन 4 का ट्यूब मेकर्स क्लब में आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य सौजन्यकर्ता कमल फार्मास्यूटिकल्स एवं सह सौजन्यकर्ता जेएमवी फार्मास्यूटिकल्स है। क्रिकेट के इस रोचक मुकाबले में स्टील सिटी शाखा, यंग इंडियंस, सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स, जेसीआई जमशेदपुर रॉयल्स, टाटानगर अचीवर्स शाखा एवं एक्सिस बैंक हिस्सा लेंगे। उक्त जानकारी शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल ने दी। कार्यक्रम संयोजक अंकुर मोदी एवं प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि इस बार चैंपियंस लीग में आईपीएल के तर्ज पर टीमों की नीलामी की गई। शाखा सचिव निलय अग्रवाल ने बताया कि इस बार 6 लीग मैच के माध्यम से सेमी फाइनल और फिर फाइनल मैच होगा। साथ ही इस बार विजेता एवं उपविजेता के अलावा अन्य कई पुरस्कार भी रखे गए है।

## पटमदा के आगुईडांगरा में युवा दिवस पर भाजपा अजा मोर्चा ने बांटे 110 कंबल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को युवा दिवस के अवसर पर जमशेदपुर महानगर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से पटमदा के आगुईडांगरा गांव में अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के बीच 110 कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा पटमदा अध्यक्ष विमल रजक ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत कालिंदी उपस्थित थे। मौके पर कालिंदी ने सभी को टुसू पर्व की बधाई दी एवं इस पर्व को नशामुक्त वातावरण में हर्ष और उल्लास के साथ मनाने की सलाह दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, मोर्चा के महामंत्री पीके करवा, मंत्री मिलीदास मंडल, अध्यक्ष विमल रजक, अबोध कालिंदी, भूषण सिंह, दीनबंधु दास, सुनील रजक, बाघाम्बर सिंह, सुखेन कालिंदी, रतन सिंह व साधु दास आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## जमशेदपुर शहर से मृत जानवर का शव लाकर पातीपानी गांव में फेंका, ग्रामीणों में आक्रोश

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डिमना लेक से सटे बोड़ाम थाना क्षेत्र के पातीपानी गांव में सड़क किनारे मृत जानवर का शव फेंके जाने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में गुरूवार को पातीपानी के ग्राम प्रधान दिलीप मुर्मू के नेतृत्व में दर्जनों



ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे बोड़ाम के पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो ने मामले की जानकारी देते हुए आंदोलन में ग्रामीणों को साथ देने का भरोसा दिलाया है।

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दो की मौत व तीन जख्मी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सदर थाना अंतर्गत सरायकेला कांड्रा मुख्य सड़क पर मुड़िया गांव के पास गुरुवार सन्ध्या समय एक तेज रफ्तार दस चक्के वाले ट्रक की चपेट में बाइक आ गया. बाइक सवार एक महिला एवं एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गयी तथा बाइक चालक सहित एक और महिला एवं बच्चा जख्मी हो गए. मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर नजदीकी गांव



चमारू से ये लोग बाइक पर मुड़िया के किसी दुकान में मकर पर्व के लिए कपड़े की खरीदारी करने आये थे. समाचार लिखे जाने तक सभी के नाम की जानकारी नहीं हो सकी थी. पता चला कि हीरो बाइक जेएच 05 एके 5416 पर बाइक चालक सहित दो महिला एवं दो बच्चे बैठे थे. तेज रफ्तार ट्रक जेएच 09 पी 5506 के चपेट में आने से यह दुर्घटना हुई. सूचना मिलते ही पुलिस एवं एम्बुलेंस घटनास्थल पहुंच घायलों को उपचार के लिए एमजीएम भेजा गया. पुलिस द्वारा ट्रक के नीचे दबे शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया एवं ट्रक जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है.

## सांसद विद्युत महतो ने घाटों का दौरा कर अधिकारियों को साफ सफाई का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सांसद विद्युत वरण महतो ने आज टुसू पर्व और मकर सक्रांति के मद्देनजर सोनारी दोमुहानी घाट का दौरा किया। सांसद ने इन शहर के सभी घाटों का दौरा के क्रम में यह पाया कि कई स्थानों पर नदियों में काफी गंदगी है। उन्होंने इस मौके पर वहां पर उपस्थित (जेएनएससी) के पदाधिकारियों को अवगत कराया कि आने वाले टूसू एवं मकर पर्व को ध्यान में रखकर घाटों की समुचित सफाई अत्यंत आवश्यक है। सांसद श्री महतो ने जे एन एस सी के उपस्थित पदाधिकारियों एवं पार्टी के



कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि आगामी 15 तारीख के पूर्व इन स्थानों के अलावा अन्य सभी घाटों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर सांसद श्री महतो ने कहा कि इस कार्य के लिए उन्होंने गत सप्ताह जिले के उपायुक्त को एक पत्र भी समर्पित किया था। उन्होंने स्वर्णरेखा परियोजना के खरकई नहर प्रमंडल के कार्यपालक एवं बांध प्रमंडल चांडिल के कार्यपालक अभियंता को भी क्रमशः खरकई और स्वर्णरेखा नदी में 15 जनवरी के पूर्व संध्या तक समुचित जल छोड़ने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस संबंध में जे एन एस सी के सिटी मेनेजर एवं पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि समुचित व्यवस्था की जाएगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा, मंडल के अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार ,महामंत्री नारायण प्रसाद, वरिष्ठ नेता सुदीप चौधरी इत्यादि उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर श्रीलेदर्स के निर्देशक शेखर डे ने रक्तवीर योद्धाओं को दिए 500 टी-शर्ट व 7000 कैप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को जहां पूरा विश्व युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद के 161वीं जयंती मना रहा है, एवं पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव में रंगा हुआ है. वहीं जमशेदपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सह समाजसेवी एवं बिस्टुपुर श्रीलेदर्स के निर्देशक, स्वतंत्रता सेनानी पुत्र शेखर डे ने इस दिन को यादगार बनाते हुए मानव प्रेम के तहत मानवता का परिचय देकर प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के पहल पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर को रक्तदान जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु नियमित एसडीपी रक्तदान करने वाले रक्तवीर योद्धाओं के लिए 500 टी-शर्ट दिया है। साथ ही सुदूरवर्ती गांव में रक्तदान करने वाले रक्तवीर योद्धाओं के उत्साहवर्धन हेतु 7000 कैप आज जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सचिव नलिनी राममूर्ति, सह सचिव रविंद्र दुग्गल, महाप्रबंधक संजय चौधरी, वरीय एवं अनुभवी चिकित्सक डॉक्टर लव बहादुर सिंह, साथ ही साथ कई गणमान्य अतिथियों के उपस्थिति में जमशेदपुर ब्लड सेंटर को सुपुर्द किया। शेखर डे अपने माता- पिता को आदर्श मान उनके बताए पदचिन्हों पर चलते हुए, निरंतर समाज हित में अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए आ रहे हैं. इस अवसर पर शेखर डे को पुष्पगुच्छ देकर जहां सम्मानित किया गया. वहीं जगाधत्री पूजा कमेटी इस्ट बंगाल कॉलोनी, बीएसएसआर यूनियन एवं पीएसएफ की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.

## करीम सिटी कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विवाकानंद के जयंती पर नेहरू युवा केंद्र पूर्वी सिंहभूम एवं करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा कॉलेज कैम्पस में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रभात फेरी से कराया गया उसके उपरान्त दीप प्रज्ज्वलित कर स्वामी विवाकानंद को याद किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल कूद पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी , करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मो. रेयाज , एनवाईकेएस के अंजली कुमारी ( जिला युवा अधिकारी ), आशीष जैन (एपीए), एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज तथा स्वयंसेवक निखिल कामती, शुभम, नम्रता, आयुष एवं




अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इसके बाद सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वागत में एक स्वागत नृत्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा कुमारी के द्वारा किया गया।

**मनोविज्ञान विभाग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन :** करीम सिटी कॉलेज के मनोविज्ञान स्नातकोत्तर विभाग में नए सत्र के विद्यार्थी का विभाग के पुराने छात्र छात्राओं ने स्वागत किया और उनके लिए प्रेशर पार्टी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया। स्वागत समारोह स्नातक सेमेस्टर-2, स्नातक सेमेस्टर-4 और स्नातकोत्तर सेमेस्टर-2 के छात्र छात्राओं ने आयोजित किया। इस सभा में महाविद्यालय के शिक्षकों के अलावा मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज शामिल हुए जिनका स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ फिरोज इब्राहिमी ने किया।

# कुचाई मे रोजगार मेला आयोजित

**- 50 शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों ने आवेदन दिए**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा भव्य रोजगार मेला-2023 का आयोजन किया गया. रोजगार मेला का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य जींगी हेमरम, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुजाता कुजुर,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार कोड़ा? ने दीप प्रज्वलित कर किया. रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे 50 शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों ने आवेदन जमा किया. मौके पर हेमरब ने कहा कि सरकार को बड़े रोजगार लक्ष्यों को पाने के लिए मैन्यूफैक्चरिंग,कृषि और सेवा क्षेत्र के योगदान के मौजूदा स्तर को




बढ़ाना होगा. मेक इन इंडिया को गतिशील करना होगा. उन ढांचागत सुधारों पर भी जोर देना होगा, जिसमें निर्यातोन्मुखी विनिर्माण क्षेत्र को गति मिल सके.ऐसा करने से क्षेत्र मे आर्थिक विकास के साथ रोजगार की नई संभावनाएं आकार ग्रहण कर सकती हैं. इस दौरान मुख्य रूप से मुखिया देवचरण हाईबुरु, मुखिया रेखा मनी उरांव, मुखिया लुदरी हेबरम, मुखिया शास्त्री सांगा, पायल महांती, पिंटू पटनायक, अभिषेक झा, सुरेश कुमार आदि उपस्थित थे.

## पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में स्वामीजी की जयंती समारोह के साथ ही युवा महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। यहां 12 से 23 जनवरी तक युवा महोत्सव का आयोजन होगा। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक सह कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष मंगल कालिंदी ने द्वीप प्रज्ज्वलित व स्वामीजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने सभी युवाओं को स्वामीजी के बताये मार्ग पर चलते हुए उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने की अपील की। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए विदेश में भेजकर इतिहास बनाने का काम किया है। इस दौरान कॉलेज के सचिव प्रमथनाथ मंडल, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, समाजसेवी सुनील वरण महतो, पूर्व प्राचार्य पंचानन दास, बुद्धेश्वर महतो आदि थे।

# कुचाई के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र जोंबरो पिकेट में खुला जन कल्याण केंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड अंतर्गत रोलाहातु पंचायत के जोंबरो में जन कल्याण केंद्र खोला गया। जोंबरो स्थित पिकेट में खोले गए जन कल्याण केंद्र में विभिन्न जन शिकायतों का निपटारा होगा। मौके पर डीडीसी प्रवीण कुमार गागराई, एसपी आनंद प्रकाश,एसडीपीओ हरिविंदर कुमार,सीआरपीएफ के अधिकारी,जीप सदस्य जींगी हेम्ब्रम,कुचाई बीडीओ सुजाता कुजूर,कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता,सीओ रवि कुमार समेत कई पदाधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। जनकल्याण केंद्र स्थापित किए जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों को जिला प्रशासन की ओर से जन सुविधा व शिकायतों का निपटारा स्थानीय स्तर पर ही किया जाएगा। केंद्र में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यो के लिए आवेदन, विवाह पंजीकरण,15वें वित्त आयोग के तहत किए जाने वाले कार्यो का आवेदन जमा किया जा सकेगा। वहीं जिला पुलिस की ओर से एंबुलेंस



सेवा, सीआरपीएफ के डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा सेवा दी जाएगी। कुचाई के जोंबरो का इलाका ट्राई जंक्शन के रूप में माना जाता है। जोंबरो क्षेत्र घने पहाड़ियों से घिरा हुआ है। कुचाई का जोंबरो इलाका पश्चिमी सिंहभूम व खूंटी के सीमावर्ती क्षेत्र में आता है। जोंबरो पहुंचने के लिए चक्रधरपुर के टोकलो होते हुए जाना पड़ता है।

## बालक मध्य विद्यालय सरायकेला में मनाया गया स्वामी विवेकानंद की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** बालक मध्य विद्यालय सरायकेला में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती जागरूकता पूर्वक मनाई गई. इस अवसर पर विद्यार्थियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. साथ ही स्वामी विवेकानंद के बताएं मार्ग पर चलने एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया. जयंती समारोह का संचालन विद्यालय के बाल संसद द्वारा किया गया.

## संत कबीर सेवा संस्थान ने मनाया स्वामी विवेकानंद की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** संत कबीर सेवा संस्थान द्वारा संचलित संस्कारोदय अकादमी विद्यालय जुलूमटांड़ मे स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इन मौके पर विद्यालय के बच्चो व शिक्षक -शिक्षिकाओ ने स्वामी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने कहा कि ऐसे महापुरुष की जयंती पर हमें युवा सोच रखना चाहिए। साथ ही, अपने आसपास के क्षेत्र को एक बगिया की तरह सजा कर रखना चाहिए ताकि नए पीढ़ी को यह संदेश मिले



कि युवा के लिए उम्र की जरुरत नहीं बल्कि सोच बदलने की जरूरत है। इस मौके पर मोनिका कुमारी, सुमित सिंह, प्रीति कुमारी, जयंती महतो, निधि कुमारी, खुशी कुमारी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## बीमा की सहयोग राशि घटाकर 10 प्रतिशत की जाए नहीं तो बहिष्कार करेगा एसोसिएशन : प्रीतम भाटिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** एआईएसएमजेडबल्यूए के बिहार,झारखंड और बंगाल प्रभारी प्रीतम सिंह भाटिया ने आज झारखंड सरकार द्वारा पत्रकारों को दी जाने वाली बीमा योजना का विरोध कर दिया है. उन्होंने कहा कि बीमा की सहयोग राशि बहुत ही ज्यादा है जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों को मिलना मुश्किल लग रहा है. वह बोले कि कम से कम यह राशि 10 प्रतिशत और घटाई जानी चाहिए. सरकार को 90 प्रतिशत का अनुदान इस बीमा में देना चाहिए. श्री भाटिया ने कहा कि सभी जानते हैं कि 90 प्रतिशत पत्रकारों को ना तो वेतन मिल रहा है ना उनका पीएफ व ईएसआई का लाभ मिल रहा है. श्री भाटिया ने कहा कि हम पूरी तरह से इस बीमा योजना का बहिष्कार करते हैं और हमारा प्रयास होगा कि जब तक सरकार इसमें 10 प्रतिशत की राशि का अनुदान नहीं बढ़ाएगी तब तक कोई पत्रकार इस बीमा योजना का लाभ नहीं ले.

# उत्कल सम्मिलनी ने ओड़िया भाषियों से राज्य सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार किये जाने का लगाया आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** नगरपालिका उड़िया मध्य विद्यालय सरायकेला परिसर पर गुरुवार को उत्कल सम्मिलनी सरायकेला प्रखंड अध्यक्ष सुदीप पटनायक की अध्यक्षता मे स्थानीय ओड़िया भाषी बुद्धिजीवियों एवं ओड़िया संस्कृति प्रेमियों की एक बैठक हुई. बैठक में उपस्थित लोगों ने झारखंड सरकार द्वारा माध्यमिक परीक्षा में ओड़िया भाषा को शामिल नहीं किये जाने की घोर



निंदा की. कहा गया कि ओड़िया भाषियों के प्रति राज्य सरकार का यह सौतेला व्यवहार निंदनीय एवं संविधान विरुद्ध है. यदि सरकार ओड़िया भाषा मे हमारे बच्चों को पढ़ने से रोकने की अपने निर्णय को वापस नहीं लेती है तो इस क्षेत्र के ओड़िया भाषी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे. बैठक में सरायकेला नगर पंचायत अध्यक्ष मीनाक्षी पटनायक, कार्तिक परीछा, प्रशांत दास, बद्री दरोगा, शिक्षाविद नीलाम्बर सिंहदेव, राजा ज्योतिषी, चिरंजीबी महापात्र,परशुराम कबि, काशीनाथ कर, ओड़िया संगठक दुखु राम साहू, शिक्षिका रीता रानी नंद, संध्या रानी कर, शुशांत महापात्र एवं अन्य उपस्थित रहे.

## सीए की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरूवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा युवा दिवस के अवसर पर सीए की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले 6 छात्रों को सम्मानित किया गया। साकची ठाकुर बाड़ी रोड़ स्थित श्री महालक्ष्मी दादी मंदिर प्रांगण आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित अग्रवाल उपस्थित थे। शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी के नेतृत्व में आयोजित हुए कार्यक्रम में अमीषा भालोतिया, मुस्कान अग्रवाल, श्रेया कुमारी मुनका, नीलेश छापोलिया, संभव अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल को दुपट्टा एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

संक्षिप्त खबरे

## मनरेगा परियोजना पदाधिकारी ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत में मनरेगा से जुड़े योजनाओं का निरीक्षण करने मनरेगा परियोजना पदाधिकारी अनुजा राणा बृहस्पतिवार 12 जनवरी को पहुंची। जहां दीदी बाड़ी आम बागवानी पीएम आवास डोभा कूप का निरीक्षण किया सभी योजनाओं को सकुशल पाने के बाद रोजगार सेवक को और बेहतरीन कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित बीपीओ अजय कुमार सिन्हा रोजगार सेवक सुनील कुमार एवं लाभुक थे।

# डीसी अबु इमरान ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा किया गया।बैठक में सभी मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा भूमि अधिग्रहण के पश्चात रैयतों को मुआवजा भुगतान, वन विभाग से




जुड़े मामले, एन0ओ0सी,एफ आर ए,रैयती मान्यता, अवार्ड, जीएम लैंड समेत अन्य मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को अपने स्तर से मामलों की समीक्षा कर जल्द उन मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। जिससे कि रैयतों को ससमय भुगतान हो सके एवं जिले में सभी प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। वहीं सभी निर्माणाधीन कार्यों में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया जिससे संचालित सभी कार्य को ससमय पूर्ण कराया जा सके। समीक्षा के दौरान कुछ मामलों में उपायुक्त ने रैयतों से बात कर मुआवजा समेत अन्य प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त ने जमीन मुआवजा राशि एवं अब तक किए भुगतान की पूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक लिया। गहन समीक्षा उपरांत उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय रखते हुए समस्याओं का ससमय समाधान करने को कहा गया। जिससे कि प्रोजेक्ट का संचालन सरलता पूर्वक हो सके। **जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक :** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए जिले में चल रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत व्यापक प्रचार प्रसार कर आमलोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। जिससे बढ़ते सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण लगाया जा सके। इसके पश्चात पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सभी परियोजनाओं में चलने वाले वाहनों में स्पीड लिमिट मशीन लगाने का निर्देश दिया था जिसे लेकर संबंधित द्वारा जानकारी दिया गया की कार्यवाही की जा रही है । साथ ही उन्होने बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए संबंधित के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने एवं जिले के अलग-अलग स्थानों पर औचक जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। पूर्व के बैठक में वैसे सड़क मार्ग जहां जंगल झाड़ी के कारण वाहन चालकों को वाहन चालने में एवं सामने देखने में समस्या होती हैं वैसे स्थानों को चिन्हित कर जंगल झाड़ी को साफ-सफाई करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल चतरा को दिया गया था इसकी समीक्षा करते हुए जल्द से इस दिशा में कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## सांसद के प्रयास से कैंसर रोगी गुलजार के ईलाज के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पीएमओ से दिलाया दो लाख रुपए का मदद



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम राहम निवासी मोहम्द गुलजार अंसारी कैंसर रोग से ग्रसित हैं, इनका ईलाज वैलोर तमिलनाडु क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। गुलजार अंसारी के ईलाज के लिए सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा प्रधानमंत्री को गंभीर बीमारी से मुक्त करने के लिए कैंसर ट्रीटमेंट की अनिवार्यता और परिवार की निस्साहय परिस्थिति को देखते हुए आर्थिक मदद के लिए दिनांक 18/10/2022 को पत्र लिखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे त्वरित संज्ञान में लेते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से चिकित्सा हेतु खर्च की अंशतः पूर्ति के लिए सहायता के रूप में दो लाख की राशि सैद्धांतिक रूप से मंजूर प्रदान किया एवं देश के प्रधानमंत्री ने गुलजार अंसारी को रोग मुक्त होने,सुख दुःख में सहभागी रहने संबंधी शुभकामना संदेश पत्र लिखा है। यह सहायता राशि और प्रधानमंत्री का पत्र पाकर गुलजार अंसारी के पिता जबुल मियां, उसके परिवार वाले,समाजसेवी मो. मंजूर मियां, राहम के पुर्व मुखिया अक्षयवट पांडेय, मो. इदरीश अंसारी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह एवं टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया। बताते चलें कि क्षेत्र के लोगों की मदद में हमेशा तत्पर रहने वाले टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के संज्ञान में मंजूर मियां के द्वारा दिया गया जिसे तुरंत श्री पांडेय ने सांसद के पास दिल्ली में चिकित्सा पेपर उपलब्ध कराया और फिर सांसद ने पूरी संवेदनशीलता के साथ गुलज़ार के ईलाज के लिए आगे आए। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि गंभीर बीमारी से मुक्ति दिलाने के क्रम में अब तक दर्जनों लोगों को मदद करवा चुके हैं और ऐसे परिस्थिति वालों के लिए चतरा सांसद भी संवेदनशील रहते हैं।

# मोटरसाइकिल दिलाने के नाम पर सायबर ठगी करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ पुलिस ने मोटरसाइकिल दिलाने के नाम पर एक युवक से 53000/-रुपये ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना परिसर में गुरुवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार ने बताया की विवेक कुमार यादव पिता स्व0अरुण यादव ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा था कि उसे हीरो कम्पनी का ग्लेमर बाइक दिलाने के नाम पर साइबर अपराधियों ने उससे 53,000 रुपये की ठगी कर लिया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में 165/22 419,420 आईपीसी एंड 66 (सी)66 (डी) आईटी एक्ट दर्ज किया गया था ।जिसके बाद लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर टीम का गठन किया गया और जिस मोबाइल नम्बर से फोन



आया था ।उसका तकनीकी विश्लेषण किया गया तो उसका लोकेशन ग्राम नवादा थाना सारठ जिला देवघर बताया ।जिसके बाद छापेमारी कर देवघर से दो साइबर अपराधियो को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्तों में मो0हुसैन अहमद 32वर्ष पिता समसुद्दीन मियां,शमशेर मियां 49वर्ष पिता जीतन मियां दोनो ग्राम नवादा,थाना सारठ जिला देवघर निवासी को गिरफ्तार किया गया। मौके पर से सैमसंग कंपनी का दो कीपैड मोबाइल,पांच एनरॉइड मोबाइल (विभिन्न कंपनी का)बरामद किया गया। वही गिरफ्तार दोनो साइबर अपराधियों को लातेहार जेल भेज दिया गया ।छापेमारी दल में बालूमाथ थाना एसआई मनोज मुर्मू, वीरेंद्र पासवान साइबर सेल, सुरेश सिंह साइबर सेल सहित शस्त्र बल के जवान शामिल है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाजयुमो ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के नेतृत्व में आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर यंग इंडिया रन मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ का आरंभ जतराहीबाग चौक अशोक स्तंभ से शुरू हुआ और समापन शहीद विनय भारती पार्क के पास किया गया। इस मैराथन दौड़ में 15 से 20 साल उम्र के 50 बच्चे ने भाग लिया। मैराथन दौड़ में प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले विजेता को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सुनील कुमार ठाकुर प्रथम स्थान ,पवन कुमार यादव द्वितीय स्थान और सुनील कुमार यादव तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, ग्रामीण अध्यक्ष अनिल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुजीत जयसवाल, भाजपा के वरीय नेता शिव कुमार चौबे, बसंत यादव, गुड्डू



रजक, नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, राजेश पासवान और गोविंद पासवान के द्वारा सभी विजेता को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया सभी को बधाई दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी विकास मालाकार जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, लीगल सेल के जिला सह् संयोजक पंकज भाजयुमो प्रदेश आईटी सेल संयोजक सुमन सौरभ, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नीरज, सोनी, अंकित सिंह, बबलू कुमार साहू, दीपक वर्मा, बबलू सिंह, राजेश यादव, भाजयुमो कार्यालय मंत्री शत्रुघ्न ठाकुर भाजयुमो नगर महामंत्री राजकुमार वर्मा, विजय यादव, भाजयुमो जिला कार्यसमिति के सदस्य मनीष खंडेलवाल संदीप सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री संजय प्रजापति, भाजपा नगर मंत्री काली यादव अजय कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## एबीभीपी से जुड़े युवाओं ने मनाया स्वामी विवेकानंद की जयंती




**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई गिद्धौर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी का जयंती 12 जनवरी बृहस्पतिवार को मनाया। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री राहुल कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा सुमित कुमार राजेंद्र दांगी लखन दांगी संतोष दांगी अशोक जी गंगा सागर संतोष कुमार देवनारायण दांगी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक पैर का विकलांग टेंपो चला करता है जीविका पार्जन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत गांव निवासी तिलेश्वर भुइयां पिता स्वज़ सनू भुइंया एक पैर का विकलांग है वह बैसाखी के सहारे चलता है उसने अपने परिवार की जीविका पालन के लिए बैंक से लोन लेकर टेंपो लेकर उसे चला कर अपना तथा अपने परिजन का जीविका पालन कर रहा है बताया गया कि जब कोई बुक कर के टेम्पु ले जाता है तब जाते है ऐसे गिद्धौर बाजार सोमवार के दिन पूरे दिनभर सवारी को गिद्धौर बाजार ले जाने तथा ले आने का काम करते है जिससे घर परिवार चलाते है। चलें कि यह विकलांग व्यक्ति के घर में आय का दूसरा कोई स्रोत नहीं है मां बुड्ढी है एवं शादीशुदा जिंदगी में एक लड़का और एक लड़की भी इसके पीछे है ? मीडिया के द्वारा पूछे जाने पर व्यक्ति ने बताया कि विकलांग पेंशन मिलता है परंतु रहने के लिए हमारे पास कोई मकान नहीं है।अदि सरकार की एवं प्रखंड प्रशासन की दया दृष्टि हो तो पीएम आवास में नाम जोड़ लाभ दिलवा सकते हैं। परंतु अब तक इन गरीब परिवार को देखने और समझने वाला कोई नहीं आया है।

## स्वामी विवेकानंद चेतना जागृति सेवा संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड मुख्यालय स्थिति सुप्रसिद्ध चुंदरू धाम प्रांगण में स्थापित कार्यालय स्वामी विवेकानंद चेतना जागृति सेवा संस्थान के द्वारा गुरुवार को विवेकानंद की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक शामिल हुए। विधायक किशुन कुमार दास ने दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके आदर्शों का बखान किया। तत्पश्चात विवेकानंद चेतना जागृति सेवा संस्थान के अध्यक्ष बिगुल प्रसाद गुप्ता के द्वारा विधायक को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सिमरिया विधायक के द्वारा लगभग 200 गरीब असहाय लोगों के बीच में सीसीएल अम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना के द्वारा दिए गए कंबल का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा केंद्रीय सदस्य अक्षयवट पांडे, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे, टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।

## युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। जहां इस कार्यक्रम को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद चौक की साफ सफाई कर लाईट बत्ती का इंतजाम किया। मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष फिरोज अहमद ने बताया कि स्वामी विवेकानंद का पुरा जीवन और उनके किए गए कार्य आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। महज 39 वर्ष के जीवन काल छात्र छात्राओं को प्रेरित करने वाली है। वहीं नगर मंत्री सागर कुमार वर्मा ने बताया कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। बताया कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि देश के हर युवा राष्ट्र के निर्माण में अपना बेहतर योगदान दे सकता है। वही कार्यक्रम में नगर सह मंत्री अनिरुद्ध कुमार,अमरेंद्र सिंह,लक्ष्मण कुमार, राजीव रंजन समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# सिमरिया पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया चतरा मुख्य सड़क स्थित पुराना प्रखंड कार्यालय के पास। अभियान में हेलमेट, ट्रिपल लोड और ड्रंकन ड्राइविंग की चेकिंग की गई। चेकिंग में 26 मोटरसाइकिल सवारों का चालान काटा गया और आइंदा ट्रैफिक नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया। गुरुवार को सप्ताहिक हाट होने के कारण काफी भीड़भाड़ थी और लगातार दो पहिया वाहन चालकों का आवागमन जारी था। ऐसे में अभियान सफल रहा और काफी संख्या में वाहन चालक पुलिस की गिरफ्त में आए। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए वाहन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा और ट्रैफिक नियमों का अनुपालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई भी लगातार जारी रहेगी। वहीं मोटरसाइकिल चालको ने शिकायत किया है कि इस तरह चतरा जाकर चलान कटवाना काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि डीटीओ व थाना द्वारा ऑन स्पॉट चलाना काटने का सुविधा होती तो हम लोगों को चतरा जाना नहीं पड़ता और समय बर्बाद नहीं होता। अभियान में एसआई रामदेव वर्मा, अनिल कुमार सहित थाना के पुलिस बल शामिल थे।

## युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर बच्चों ने किया नृत्य



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत सलगा गांव की बच्चे बच्चियों ने गिद्धौर पांडे टोला में एकल अभियान से जुड़े सभी युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर नृत्य गान संगीत का कार्यक्रम किया। जहां मुख्य अतिथि के रुप में पंचायत मुखिया निर्मला देवी नागेश्वर दांगी व्यास वासुदेव दांगी उपस्थित थे। उपस्थित बच्चों को किरण देवी ने हिंदी संस्कृतीक के बारे में बताई। उन्होंने बताई कि बच्चों सबसे पहले अपने जन्म देने वाले माता-पिता की पूजा करनी चाहिए। उसके बाद गुरुजनों तब संसार की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। आगे बतलाई की स्वामी विवेकानंद ने अपने माता-पिता विश्वनाथ दत्त एवं माता भुनेश्वरी देवी का नाम जगत में उजागर किया है स्वामी विवेकानंद का जन्म1863 ईज़्कलकता में हुआ था। कामेश्वर पांडेय एवं नृत्य कर रहे बच्चियां पेजल कुमारी करीना कुमारी हिमानी कुमारी अलका कुमारी व अन्य बच्चे सम्मिलित थे।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर डीसी ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को प्रचार प्रसार के लिए किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति द्वारा जागरूकता रथ को डीसी अबू इमरान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केन्द्र सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घुमकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारें में लोगों को जागरूक करेगा।इस मौके पर समाहरणालय परिसर से जतराहीबाग चौक तक विद्यालय के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाला गया।उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए इसपर नियंत्रण हेतु पुरे जिले भर में 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह




मनाया जा रहा है। लोगों में जागरूकता नहीं होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी हो रही है। युवा पीड़ी दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं लगाते है, तीन लोड लेकर चलते है, वहीं चार पहिया में बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाते है साथ ही नशा कर वाहन चलाते है। सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन नहीं करने के कारण ऐसे लोगों कि सड़क दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु होती है। उन्होने मौके पर आमजनों से अपील किया कि अपने 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को वाहन चलाने न दें एवं सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन करें। जिससे हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाया जा सके। सड़क सुरक्षा नियमों के तहत एमभी एक्ट के अनुसार बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन से यात्रा करने पर धारा 194(ठ) के तहत 1000रू. का जुर्माना भरना पड़ सकता है। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन में यात्रा करते पकड़े जाने पर मोटर वाहन (अधिनियम) 1988 की धारा 194(क) के तहत 1000रू. का जुर्माना या तीन माह तक ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दंडित किया जायेगा।सड़क दुर्घटना के दौरान हेलमेट आपकी जान बचाने में सहायक साबित हो सकता है।इससे जरूरत पड़ने पर वाहन को रोकना आसान हो जाता है और आपको सड़क पर किसी भी बदलाव पर वाहन नियंत्रित करने का पर्याप्त समय मिलता है।अपने वाहन और सामने वाले वाहन के बीच समुचित सुरक्षित अनुगामी दूरी बनाये रखें।नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलायें। नशे में वाहन चलाना आपके और सड़क पर अन्य लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।इस मौके पर अपर समाहर्ता पवन मंडल, डी एस पी मुख्यालय केदार राम,जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# बिजली बिल की जटिल समस्याओं के समाधान को लेकर शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत कुचिला के पंचायत सचिवालय में गुरुवार को क्षेत्र के उपभोक्ताओं की शिकायत पर बिजली बिल की जटिल समस्याओं के समाधान को लेकर शिविर आयोजित की गई। जहां मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह और जिप सदस्य कन्हाई सिंह एसडीओ रामगोपाल राम की उपस्थिति रही। मौके पर नसीम अंसारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र से अधिक बिजली बिल आने की शिकायत मिल रही है उन्होंने बताया कि पांच छः माह में बीस से पच्चीस हजार रूपए का बिजली बिल आना मीटर के रीडिंग या मीटर में ही गड़बड़ी को देखा जा रहा है।इस मामले में एसडीओ ने बताया कि इस समस्या के लिए प्रावधान है कि



उपभोक्ता डाल्टनगंज बिजली ऑफिस में दो सौ रुपए चैलेंज फी जमा कर मीटर जांच करा सकते हैं अगर मीटर में गड़बड़ी हो तो उसे सुधार कर एवरेज बिल दिया जाएगा। वहीं प्रेम कुमार सिंह ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है कि वर्तमान सरकार अपने वादे के मुताबिक सौ यूनिट तक बिजली बिल माफ कर रही है जिसका फायदा उपभोक्ताओं को मिले। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अबतक मीटर कनेक्शन नहीं लिए हैं वे मीटर कनेक्शन करा लें ताकि सरकार की बिल माफी योजना का लाभ उठा सकें। कहा कि उपभोक्ताओं के बिजली बिल की जटिल समस्याओं का समाधान के लिए लगातार प्रत्येक पंचायतों में शिविर के माध्यम से उन्हें राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर नेजाम अंसारी पंचायत के मुखिया समेत कई बिजली उपभोक्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्लस टू लॉर्ड कृष्णा स्कूल में मनी स्वामी विवेकानन्द की जयंती



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड अंतर्गत करवे कला पंचायत के अमृत नगर स्थित प्लस टू लॉर्ड कृष्णा स्कूल में गुरुवार को विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में प्रिंसिपल कृष्ण कुमार देव के द्वारा विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को स्वामी विवेकानंद के विचार को आत्मसात कर समाज में अपना योगदान सुनिश्चित करने का संदेश दिया।बच्चो एवं शिक्षकों ने स्वामी जी के चित्र पर पुष्पअर्पित भी किया। इस अवसर पर सचिव अमिताभ नीरज भी उपस्थित थे।

### इंदिरा मुखिया राधिका देवी ने किया विद्यार्थियों के बीच किट व पोशाक का वितरण

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुरचु प्रखंड अंतर्गत इंदरा पंचायत के मुखिया राधिका देवी द्वारा अलग-अलग विद्यालयों में किट और पोशाक का वितरण किया गया। पहले उत्क्रमित मध्य विद्यालय इंदरा में विद्यार्थियों को किट का वितरण किया फिर इसके बाद नव प्राथमिक विद्यालय बड़की बसाडीह में 1 से 2 वर्ग के बच्चों को पोशाक और जूते का वितरण किया। इस दौरान पूर्व मुखिया दसरथ महतो, उत्क्रमित मध्य विधायक के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार रवि, सहायक शिक्षक मोइज अंसारी, सुनीता कुमारी, अनिता कुमारी, जुगेसर महतो, अनिल प्रसाद, एसएमसी अध्यक्ष नीलम देवी वही नव प्राथमिक विद्यालय बड़की बसाडीह से प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी, सहायक शिक्षिका पूर्णिमा देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

### रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर सांसद चंद्रप्रकाश ने डोर टू डोर अभियान चलाया

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ विधानसभा में होने वाले उप चुनाव को लेकर डोर टू डोर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया दुलमी प्रखंड के गांव बेयांग, कारो, उरबा पुत्रिडीह, कुल्ही, में र गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर सभी ग्रामीण समस्याओं से रूबरू हुए और आने वाले उप चुनाव में फिर से आजसू पार्टी समर्थन देने हेतु अपील किये, ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा आपलोग के दुःख सुःख में हमेशा आजसू पार्टी साथ है। हमारे पार्टी द्वारा सभी गांव में पिछले 20 वर्षो से रामगढ़ क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क ,शिक्षा ,स्वास्थ सिंचाई आदि मूलभूत अनगिनत चहमुखी विकास किया गया है और आगे हमेशा करता रहूँगा। किसी के बहकावे में नही आना है और फिर से आजसू पार्टी को विजय बनाना और रामगढ़ विधानसभा के विकास को प्रशस्त और मजबूत बनाना है क्योकि आजसू पार्टी हमेशा विकास की काम करती है। भाषण बाजी वाले लोगो से सावधान रहें और फिर से रामगढ़ को विकास की राह में ले जाना है।। इस मौके पर साथ मे रामगढ पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रम्हदेव महतो। आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदीश महतो, रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष ब्रजनंदन महतो। कुल्ही पंचायत प्रभारी दिलीप कु महतो, मिडिया प्रभारी राजेन्द्र उर्फ रमन पटेल, आजसू नेता देवधारी महतो, तपेन्द्र महतो, पंकज महतो, राजेश महतो, बसंत बगे बिंदु भगत, महेश भगत, सिकन्दर नायक, ईश्वर महतो, रवि रतन, खुसरसिद आलम, जलेसवर महतो, गंगेश महतो, मकरधज करमाली, अवधेश महतो, कन्हाई कुमार, सोता नायक, आदि सभी ग्रामवासी उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर निकाली गई प्रभात फेरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अनुमण्डल कार्यालय, रामगढ़ परिस से 160वीं स्वामी विवेकानन्द जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस% के अवसर पर खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन, रामगढ द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें डे-बोर्डिंग बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र, रामगढ़, विभिन्न विद्यालय, एन एस एस एवं एन सी सी, रामगढ़ से 15 से 29 वर्ष आयुवर्ग तक के लगभग 500 से अधिक युवा-युवतियों ने प्रभात फेरी में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ मो0 जावेद हुसैन के द्वारा दीप प्रज्जवलित करने एवं स्वामी



विवेकानन्द की प्रतीमा पर मल्यार्पण करने के उपरांत राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवक -युवतियों को संबोधित किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि जब भी राष्ट / देश या प्रांत के विकास की बात आती है तो सबसे पहले युवा ही आगे आते हैं, क्योंकि इस उम्र के युवाओं में ऐसी ताकत व जोश होता है जिससे वे अपना और देश का भविष्य बदल सकते हैं। युवाओं में इतनी प्रतिभा होती है कि चाहे वह पढ़ाई हो, खेल हो, आर्ट हो या फिर अन्य व्यवसाय हो क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकते है। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर सभी युवक एवं युवतियों को प्रभात फेरी के लिए रवाना किया गया, जो सुभाष चौक से होते हुए पुनः अनुमण्डल कार्यालय के प्रांगण में समाप्त हुई। कार्यक्रम में सीमा आइन्द, कार्यपालक दण्डाधिकारी, रामगढ एवं रूपा रानी तिर्की, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ के साथ खेल कार्यालय के छोटु तिर्की, भोला नाथ महली, सूरज कुमार, प्रकाश महतो, एन एस एस के विकास कुमार, श्याम कुमार, अंकित अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित थे।

## पति पत्नी का तैरता शव कुएं से बरामद

# पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा अस्पताल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड के कुल्ही के सबई गढ़ा के कुआं से कुल्ही निवासी कंचन नायक( 50 वर्ष8 पिता स्व महिलाल नायक का शव व कचंन नायक के पत्नी उमा देवी (45 वर्षीय) दोनों का लाश कुआ में तैरता मिला। ग्रामीणो ने बताया कि बारी तरफ जाने पर कुआं में लाश दिखा पति-पत्नी का लाश एक ही कुआं मे तैरता हुआ देख ग्रामीणों द्वारा रजरप्पा पुलिस को सूचना दी गई मौके पर रजरप्पा इंस्पेक्टर हरिनंदन प्रसाद सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर पास पड़ोस के ग्रामीणों से पूछताछ की और पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया उधर घटना से पूरा पंचायत वासी काफी शोकाकुल है एक ही परिवार के दोनों पति पत्नी कुआं में आखिर कैसे डूबे, विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही है कि आखिर पति पत्नी एक ही कुआं में कैसे डूब कर मर गए। घटना की जानकारी मिलते ही कुल्ही गांव तथा पास पड़ोस के लोग भारी संख्या में इकट्ठा हुआ और पुलिस की मदद से दोनों शव को निकाला गया और पति पत्नी केशव को पुलिस अपने में कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों सहित दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# किड्ज् स्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** गुरुवार को किड्ज ए जूनियर स्कूल के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्य का शुभारंभ किया। शिक्षको द्वारा बच्चों को स्वामी विवेकानंद जीवनी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। साथ ही गीत प्रतियोगिता एवं बहनों ने नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात निदेशक के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया और सबो से



स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलने के लिए आवाह्न किया।मौके पर अशोक कुमार सिन्हा प्रभाती बक्शी पूनम कुमारी आरती कुमारी सिंह ममता कुमारी नैंसी कुमारी स्वाति कुमारी महारानी सेनसंजय महाराज अनु कुमारी आदि मौजूद थे।

# टॉकीसूद में तीन दिवसीय महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत पालू ग्राम टॉकीसूद दामोदर नदी पर तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। वहीं महायज्ञ में 321 महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल हुए। बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के तीन दिन पूर्व उक्त स्थल पर महायज्ञ का आयोजन किया जाता। जिसमें पंचायत के समाज सेवी एवं जनप्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहता है। मौके पर अभिलाषा सिंह, अनीता कुमारी, साधना देवी, के एन सिंह, वीरेन्द्र कुमार, संगीता देवी,शिवदयाल



महतो,भूषण,रविंद्र महतो अजय कुमार सिंह,विकास कुमार गिरी,किरण देवी, उज्जवल कुमार सिंह,राधा देवी,सुषमा देवी,ज्योति देवी, तिलेश कुमार साहू,यशवंत कुमार,विकी कुमार सिंह, शांति देवी,मीरा देवी,कुणाल कुमार सिंह,सोना प्रताप सिंह, रिंकू कुमार सिंह,मानसो देवी, सुमन,रविन्द्र सिंह,प्रीति साहू, सुशीला देवी आदि लोग शामिल थे।

# पुलिस अधीक्षक को मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय में दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के द्वारा हजारीबाग के एसपी मनोज रतन चौथे को मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। दहेज प्रथा की रोकथाम के लिए संघ द्वारा जागरूकता अभियान स्कूल कॉलेज, गांव, पंचायत ,शहर में जागरूकता अभियान चलाने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग की मांग की गई । जिसमें एसपी मनोज रतन चौथे के द्वारा आश्वासन दिया गया कि हजारीबाग जिले में दहेज प्रथा की रोकथाम के लिए सभी थानेदारों को निर्देश देने की बात कही । सम्मानित करने वालों में मुख्य रूप से सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह, जिला अध्यक्ष अमरदीप कुमार, जिला महामंत्री रामस्वरूप महतो , सदर प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार, बिशनगढ़ अचल जामो पंचायत अध्यक्ष टेकामन प्रजापति, मंडई के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश उर्फ डॉक्टर गणेश कुमार, पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार , बैहरी पंचायत सचिव अजय कुमार, एवं रवि शंकर पांडे ने मुख्य रूप से शामिल थे।

# जिला ग्रामीण विकास समिति ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय युवा दिवस और युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की 160 वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार की सुबह स्वयंसेवी संस्था जिला ग्रामीण विकास समिति,हजारीबाग द्वारा स्थानीय झील परिसर स्थित कैफेटेरिया गेट के समीप स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी विशिष्ट प्रमोद कुमार सिन्हा सेवानिवृत्त सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी हजारीबाग सपत्नी शामिल हुए और सभी ने स्वामी जी के तस्वीर पर तिलक - चंदन लगाकर, पुष्पमाला पहना कर उन्हें नमन किया। मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की स्वामी जी के बताएं बातों को अमल करें और राष्ट को सशक्त बनाने में अपनी महत्ती भूमिका निभायें। रंजन चौधरी ने कहा की व्यक्तित्व में गहराई



और विचारों में शुद्धता के साथ अपने अंदर की ऊर्जा को हमेशा सकारात्मक दिशा में खपाएं, तभी हम और हमारा राष्ट विश्व गुरु बन पाएगा। विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत सहायक सांख्यिकी पदाधकारी, हजारीबाग प्रमोद कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा की स्वामी विवेकानंद के विचार देश के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्होंने देश और समाज को नई और विकासशील दिशा की ओर अग्रसर करने में हम योगदान निभाया था।

# एनटीपीसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में परियोजना प्रभावित महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ढेंगा में परियोजना प्रभावित महिलाओं के लिए कौशल विकास के तहत आईटीआई मे तिहमाही औद्योगिक सिलाई प्रशिक्षण शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी केरेडारी के उप महाप्रबंधक (सीएसआर) एसपी गुप्ता एवं कालिया एस मूर्ति एजीएम (एचआर) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम को विधिवत संचालित आईटीआई के विद्युत अनुदेशक संदीप कुमार मौर्य ने करते हुए आईटीआई मे चल रहे तीन ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, फिटर ,वेल्डर के प्रशिक्षण एवं स्किल डेवलपमेंट कोर्स का विस्तृत जानकारी दीया। साथ ही अतिथियों के द्वारा तिमाही स्किल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण इलेक्ट्रिशियन वेल्डर और कंप्यूटर प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण कीट भी दिया



गया। अंतिम में कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन एनटीपीसी केरेडारी के सीनियर मैनेजर आशीष कुल्लू ने किया। मौके पर वेल्डर अनुदेशक तरुण कुमार रंजन, शाहिद अख्तर, उपेंद्र कुमार, श्रीनाथ श्री, अमरेश कुमार विद्यार्थी, विकास कुमार चौरसिया, इरफान अंसारी, प्रदीप गुप्ता, संजीत मेहता, सुनील सिंह, रवि कुमार प्रजापति उपस्थित थे।

# अदाणी फाउंडेशन ने जरूरतमंदों के बीच 250 कंबल वितरण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने गुरुवार को ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। ठंड के इस मौसम में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से गोंदलपुरा पंचायत के करीब ढाई सौ ग्रामीणों को कंबल प्रदान किया गया। मौके पर परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दूबे ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन इस क्षेत्र में अपने सामाजिक दायित्वों के




तहत लगातार जनकल्याण के कार्यों के लिए अग्रसर है। आने वाले समय में भी फॉउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों के लिए विभिन्न कार्य करने की योजना है। कार्यक्रम में गोंदलपुरा के मुखिया वासुदेव यादव, गंगा कॉपरेटिव सोसायटी की अध्यक्ष प्रभा देवी, डीजीएम संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्य कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर झारखंड कॉलेज में लेखन प्रतीयोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड कॉलेज बड़कागांव में स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर पर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथमवर्ष की छात्रा प्रियांशु कुमारी प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान खुशबू कुमारी तृतीय स्थान सोनी कुमारी तथा द्वितीय वर्ष की छात्रा तानिया परवीन प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान बुलबुल कुमारी तथा तृतीय स्थान तृषा कुमारी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य विनोद यादव ने किया। प्रोफेसर शमशेर अंसारी,



प्रोफेसर रंजीत कुमार, प्रोफेसर किरण कुमार, प्रोफेसर सतनारायण कुमार, प्रोफेसर अजय पटेल, प्रोफेसर मोहम्मद मुदस्सर के द्वारा सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही युवा दिवस के अवसर पर सभी छात्र छात्राओं ने सरकार से शीघ्र जनगणना करने का मांग किया।

# कर्णपुरा महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा कार्य एवं खेल मंत्रालय झारखंड निदेशालय के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर उपस्थित हुए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के मशहूर वाणी ÷उठो जागो और तब तक रुको नहीं जब तक कि तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते÷ से अपने बात की शुरुवात की। श्री जलधर ने आगे कहा के 1893 ई. में अमेरिका के शिकागो शहर में हुए विश्व धार्मिक सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने भारत और हिंदुत्व का प्रतिनिधित्व किया था। हिंदुत्व को लेकर उन्होंने जो व्याख्या दुनिया के सामने रखी उसकी वजह से इस धर्म को लेकर काफी आकर्षण बढ़ा। कार्यक्रम के आयोजक प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो थे। उन्होंने कहा कि अपने महान कार्यों द्वारा स्वामी विवेकानंद ने पाश्चात्य जगत में सनातन धर्म, वेदों तथा ज्ञान शास्त्र को काफी ख्याति दिलाई। विश्वभर के लोगों को भाईचारे का संदेश दिया । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने संचालन किया एवं उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण मिशन और वेदांत सोसाइटी की नींव रखी। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज ने किया। इस मौके पर प्रो. फजरुद्दीन, प्रो. अनु कुमारी, प्रोफेसर ऋतुराज दास, प्रोफेसर रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, प्रोफ़ेसर लालदेव महतो एवं डॉ चंद्रशेखर राणा तथा अशैक्षणिक कर्मचारियों में नागेश्वर महतो, राजेंद्र कुमार, नेमधारी राम, धनु प्रसाद ,धनेश्वर महतो एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक में सचिन कुमार, निरंजन कुमार, राहुल कुमार, ललिता कुमारी, उषा कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंजू कुमारी, प्रिया कुमारी आदि उपस्थित थे।

# चुंगी टैक्स को लेकर नव झारखंड फाउंडेशन का एक दिवसिय धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इन दिनों चुंगी टैक्स को लेकर आक्रोश है, जिसे लेकर नव झारखंड फाउंडेशन के जिला सचिव महेन्द्र ठाकुर के अध्यक्षता में एक दिवसिय धरना दिया गया। तथा संचालन वरिष्ट समाजसेवी विपिन कुमार सिन्हा ने किया महेन्द्र ठाकुर ने कहा यह अन्याय हम नही होने देंगे। यह तो हद हो गया, नगर निगम का राजस्व वसूली का यह कैसा नया सोच है, टैक्स वसूली में अंग्रेजों को भी फेल कर देंगे यह लोग। पहले होल्डिंग टैक्स में वृद्धि और अन्य यह चूँगी। हर मोर्चे पर वसूली में हज़ारीबाग़ को अव्वल बनाने की ओर, जिसमे अब मालवाहक से चुंगी वसूली शुरु। लाठी - डंडे से शहर के हर नाके पर पन्द्र्ह- बीस युवा वसूली



के धंधे में। इसके अनुसार छोटे मालवाहक से 20 रुपया , बड़े से 40, ट्रेक्टर से , से और ट्रक से 100, छह चक्का के ऊपर के वाहन से 140 रुपया तय किया गया है। प्रविण मेहता ने कहा निगम बिना ट्रांसपोर्ट विभाग से समन्यवय स्थापित के इस तरह का कर लगाया है। अगर यह बंद नही हुआ तो हम आंदोलन करने सड़क पर उतरेंगे , न्यायालय जाएँगे , जो भी करना पड़े करेंगे लेकिन अपने हज़ारीबाग़ के लोगों को इस तरह परेशान होने नही देंगे। फाउंडेशन के केन्द्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के आवाहन पर उनके समर्थकों ने धरना दिया । विपिन सिन्हा ने निगम पर तीखा निशाना साधते कहा इस तरह का वसूली हम बर्दाश्त नही करेंगे हमारे प्रखंड से कई मजदूर बस से यहाँ काम करने एंव सब्जियां लेकर आते है और इस तरह से टैक्स लेकर मजदूरों के पेट पर लात मारने का काम कर रही है हज़ारीबाग नगर निगम। जब तक हमलोग न्यालय में जनहित याचिका दायर करेगे ओर जब तक फैसला नही आता तब तक। सतपाल सिंह ने कहा उपायुक्त महोदया से आग्रह होगा इस चूँगी को रोक के रखे। से रोड टैक्स ये सरासर गलत है हम बर्दाश नही करेंगे , जन आंदोलन होगा। इस धरने पर सुबाष प्रसाद , रामधनी गोप, समाजसेवी अजित चंद्रवंशी,मो . कादिर , असलम खान, चमरू ठाकुर बालदेव प्रसाद मेहता, पंकज मेहता , लाल जी प्रसाद मेहता, रामचंद्र राम, मोहन दास, शम्भू दास, किसन कुमार, रामेश्वर प्रसाद लाल, नंदलाल साव, दीपक पासवान, साधक भैया, सुबोध सिन्हा, बजरंगी, चौरसिया,अमर लाल नागेंद्र गुप्ता, मो0 राशिद, आदि कई लोग उपस्थित थे।

## धनंजय कुमार पुटूस ने किया जनसंपर्क

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा में होने वाले उप चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। संभावित प्रत्यासीयों के सक्रियता भी बढ़ गयी है। रामगढ़ विधानसभा के संभावित प्रत्यासी धनंजय कुमार पुटूस ने विधानसभा क्षेत्र राँची रोड, इफीको,मरार आदि क्षेत्रों में में जनसंपर्क किया।जनसंपर्क में महिलाओं और युवाओ की भारी संख्या देखने को मिली। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि विगत डेढ़ दशक से हमलोग रामगढ़ के लोगो के हक और अधिकार के ये लड़ाई लड़ते आए हैं, आगे भी हमारी यह मुहिम जारी रहेगी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## एमजी ने भारत में नेक्स्ट-जेन हेक्टर की कीमत की घोषणा की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमजी मोटर इंडिया ने आज हेक्टर की कीमत की घोषणा की।नेक्स्ट-जेन हेक्टर में कई रोमांचक तकनीकें और 11 ऑटोनॉमस लेवल 2 (ADAS) विशेषताएं हैं जो बेहतर सुरक्षा के साथ परेशानी मुक्त ड्राइविंग आराम प्रदान करती हैं। अपने नए-नए आकर्षक बोल्ड एक्सटीरियर और विकसित सुरक्षा सुविधाओं



और सुरुचिपूर्ण डिजाइन तत्वों के साथ, नेक्स्ट-जेन हेक्टर एक अभूतपूर्व ड्राइव और उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करता है।नई एसयूवी के मंत्रमुग्ध कर देने वाले इंटीरियर लकड़ी के फिनिश के साथ डुअल-टोन अर्गिल ब्राउन और ब्लैक थीम में उपलब्ध हैं। फ्लैगशिप एसयूवी 5, 6 और 7-सीटर कॉन्फ़िगरेशन में उपलब्ध है, यह बुद्धिमानी से डिजाइन किए गए बैठने के विकल्प और पर्याप्त जगह प्रदान करता है। 6-सीटर स्क्ड सीटें एक कप्तान कॉन्फ़िगरेशन के साथ आती हैं जबकि 7-सीटर वाहन बेंच सीटों के साथ पेश की जाती हैं।ऑटोनॉमस लेवल 2 एसयूवी में 11 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम्स (एडीएएस) फीचर्स पेश किए गए हैं। इनमें ट्रैफिक जैम असिस्ट (टीजेए) और ऑटो टर्न इंडीकेटर्स शामिल हैं जो ड्राइवर को पूरा मानसिक शान्ति, सुरक्षा और आराम प्रदान करते हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने द आइकॉनिक हिलक्स की बुकिंग शुरू की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी आइकॉनिक लाइफस्टाइल यूटिलिटी व्हेकिल द हिलक्स के लिए बुकिंग शुरू की। कहने की जरूरत नहीं है कि 2022 की शुरुआत में लॉन्च किए जाने के बाद से, हिलक्स को ग्राहकों ने खूब पसंद किया है और इसकी तारीफ ड्राइविंग की इसकी



शानदार स्टाइलिंग और ड्राइविंग आराम के लिए सराहना की गई है।हिलक्स की उच्च मांग और आपूर्ति को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों के कारण प्रसिद्ध हिलक्स की बुकिंग अस्थायी रूप से रोक दी गई थी। हालांकि, आज की घोषणा के साथ, डीलर आउटलेट्स पर बहुप्रतीक्षित वैश्विक दिग्गज के लिए ऑर्डर लेना शुरू हो गया है और साथ ही ऑनलाइन बुकिंग भी स्वीकार की जाती है।वैश्विक स्तर पर, हिलक्स की 20 मिलियन यूनिट्स से ज्यादा की बिक्री हो चुकी है और इसने 180 से अधिक देशों के कई समझदार ग्राहकों का दिल जीत लिया है। पांच दशकों और आठ पीढ़ियों से अधिक के दौरान, टोयोटा हिलक्स ने असाधारण अनुभव और उन लोगों के साथ एक अटूट बंधन बनाया है जो भयानक ड्राइव की इच्छा रखते हैं, चाहे वे व्यवसाय में हों या अपने परिवार के साथ।

## एमजी ने भारत में आयोजित ऑटो एक्सपो 2023 में अपनी हाइड्रोजन फ्यूल-सेल टेक्नोलॉजी प्रदर्शित की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमजी मोटर इंडिया ने सस्टेनेबिलिटी पर खास फोकस के साथ भारत में गतिशीलता के भविष्य को प्रदर्शित करते हुए, ऑटो एक्सपो 2023 में अपनी थर्ड-जेनरेशन की हाइड्रोजन फ्यूल-सेल टेक्नोलॉजी से चलने वाले न्यू एनर्जी व्हीकल्स (एनईवी) का प्रदर्शन किया। दुनिया का नेतृत्व कर रहा हाइड्रोजन फ्यूल-सेल सिस्टम




पर्यावरण के अनुकूल और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर आधारित है। यह स्वच्छ पर्यावरण में यूजर्स को सक्षम और बेहतरीन तरीके से यात्रा की सुविधा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। हाइड्रोजन फ्यूल-सेल सिस्टम को सबसे पहले2001 में फीनिक्स के नंबर 1 फ्यूल सेल व्हीकल प्रोजेक्ट के लिए लॉन्च किया गया था। अब नए तरीके से विकसित थर्ड-जनरेशन फ्यूल-सेल सिस्टम, जिसे प्रोम पी390 का नाम से जाना जाता है, कई अत्याधुनिक फीचर्स के साथ आता है। इन खूबियों में एकीकृत डिजाइन, उच्च ऊर्जा घनत्व, उच्च टिकाउपन और उच्च विश्वसनीयता के साथ मौसम के अनुकूल बेहतरीन ढंग से अपने को ढालने की क्षमता शामिल है। 92 किलोवॉट के सिस्टम पावर के साथ विश्व में अग्रणी फ्यूल-सेल टेक्नोलॉजी उच्च सुरक्षा के मानकों पर खरा उतरती है और सभी प्रमुख परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स पर बेहतर प्रदर्शन करती है, जिसमें आराम, ईंधन की बचत और सर्विस लाइफ शामिल है।

## भाजपा सांसद प्रतिनिधि मधुसुदन प्रसाद ने विष्णुगढ़ में किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ पंचायत के पुराना पंचायत भवन के सामने लगे दो सौ केवी के ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिसके कारण यहां के ग्रामीण पिछले 8 दिनों से अंधेरे में गुजारा कर रहे थे। बिजली नहीं रहने से यहां के ग्रामीणों एवं बच्चों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हो रही थी।इन सारी समस्या को भाजपा सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद के द्वारा हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को अवगत कराया गया, सूचना पाकर हजारीबाग सांसद जयंत सिंहा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए जल्द से जल्द नया नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाने की बात कही, फलस्वरूप दो दिनों के भीतर दो सौ केवी के जले ट्रांसफार्मर के बदले में बिजली विभाग द्वारा नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। हजारीबाग लोकसभा सांसद के प्रयास से एवं उनके नेक कार्य से बिष्णुगढ़ की जनता काफी उत्साहित होकर हजारीबाग लोकसभा सांसद का आभार प्रकट किया। इस उद्घाटन के मौके पर सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, केदार कसेरा,बालगोविंद प्रसाद बरनवाल, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डोमन गुप्ता, अनूप कसेरा,पिंकू कसेरा, कुंदन शर्मा, किशोर सोनी, टिंकू शर्मा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में चित्रकला, लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित संचालित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पण किया। इस अवसर पर कक्षा छठी से लेकर कक्षा आठवीं तक लेखन, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और विचार दोनों ही प्रेरणा के स्रोत हैं।उनके विचारों पर चलकर लाखों युवाओं के जीवन में बदलाव आया। स्वामी विवेकानंद महान समाज सुधारक, दार्शनिक और विचारक थे। वह देशभर के सभी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस दिन रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण मिशन के केंद्र और उनकी शाखाओं में बहुत ही उत्साह के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में भाषण प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों और समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसका उद्देश्य भारत के युवाओं में प्रतिभा को बढ़ाने में मदद करना है। साथ ही यह युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, भाईचारे संप्रदायिक सद्भाव की भावना और साहस की अवधारणा को प्रचारित करने के मकसद से आयोजित किया जाता है।

# केसीबी कॉलेज में कॉमन सर्विस सेंटर का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो में गुरूवार को प्रभारी प्रिंसिपल राजा अजित कुमार ने कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया। महाविद्यालय के सुदुर, पिछड़े आदिवासी इलाकों के बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। इन कोर्स के संचालन से छात्र छात्राओं को अपने डिग्री शिक्षा के साथ साथ रोजगार परक शिक्षा मिलेगी जिससे विभिन्न संस्थानो में नौकरी के द्वार खुलेंगे। प्रज्ञा केंद्र में सभी डिजिटल सेवा जैसे कि आधार कार्ड, जाति, आवासीय, एग्जाम फॉर्म, एडमिट कार्ड, शुल्क पेमेंट व अन्य उपयोगी सेवाएँ छात्रो के लिए उपलब्ध रहेगी जो महाविद्यालय के छात्रों व विश्वविद्यालय कर्मियों के लिए बेहद ही उपयोगी होगा। छात्रों को विश्वविद्यालय में डिजिटल सेवा एवं शार्ट टर्म रोजगारोपरक वोकेशनल शिक्षा मिलेगी। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के सभी अंगीभूत संबध कॉलेजों में डिजिटल इंडिया के अंतर्गत प्रज्ञा केन्द्र स्थापना



करना है। राँची विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी कॉलेजों में वोकेशनल ट्रेनिंग के अंतर्गत शॉर्ट व डिप्लोमा कोर्स का प्रशिक्षण देना है। मौके पर सी एस सी ई गवर्नेन्स सर्विसेज इंडिया लिमिटेड जिला प्रबंधक विनय कुमार, कॉलेज के अर्थपाल विंध्याचल राम, डॉ0 आशारानी लकड़ा, डॉ मगदली खलखो, डॉ अयूब, निरंजन कुमार, हामिद गजाली व आकिब जावेद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पी.टी.पी.एस.महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा पी.टी.पी.एस.महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता पी.टी.पी.एस.महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.रामाचंद्रा ने की। मुख्य अतिथि सचिव अजित प्रसाद,विशिष्ट अतिथि कटिया ग्राम पंचायत के मुखिया तथा कोतो ग्राम पंचायत की मुखिया निधि सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.निशा कुमारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी- विवेकानंद जी का विचार 60 साल बाद भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। युवाओं का देश कहलाने वाले भारत के युवाओं,किशोरों महिलाओं और बच्चों की आज क्या स्थित है? युवाओं देश के भविष्य होते हैं, पर हम किस तरह के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं हमारी शिक्षा-प्रणाली बच्चो को किस राह पर जा रही है।कार्यक्रम का प्रारंभ स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुरुषांजली तथा दीप प्रज्वलित कर के किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्यनीत, भाषण,देश भक्ति गीत, नागपुरी गीत आदि छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में चंदन कुमार, राधिका, छोरी, मनीषा,अनिका, संध्या, करीना, रिकी, माही, वर्षा,आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर करणवीर सिंह, सुबोध कुमार, डॉ कुमार मनोज, डॉ.विजय सिंह, प्रो.जयशंकर ठाकुर, प्रो गेंद कुमार,मंजू सिंह आदि उपस्थित थे।

## दिग्वार प्रीमियर लीग का हुआ आगाज़

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**रामगढ :** नगर परिषद क्षेत्र के दिग्वार मैदान में राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर दिग्वार प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया।उदघाटन मैच कुजू इलेवन बनाम नईसराय इलेवन के बीच खेला गया।कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा उपस्थित हुए। मैच का शुभारंभ अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काटकर किया गया। मौके पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मनोज़ कुमार महतो ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है।

## चितरपुर प्रखंड नाई कमेटी का पुनर्गठन 21 जनवरी को किया जाएगा : प्रो पूर्णकांत

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 12 जनवरी को रामगढ़ जिला नाई समिति के तत्वाधान में चितरपुर प्रखंड नाई समाज का बैठक स्थानीय रजरप्पा मोड़ मे किया गया इस बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ जिला नाई समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर पूर्ण कांतकुमार ठाकुर ने किया व संचालन जिला सचिव लाल चंद ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन शंभू ठाकुर ने किया। नाई समाज के उपस्थित दर्जनों लोगों ने अपना -अपना वक्तव्य दिया सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया आगामी 24 जनवरी 2023 को प्रखंड स्तर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाया जाएगा एवं 31 जनवरी 2023 दिन मंगलवार को कुशवाहा भवन रामगढ़ मे भव्य तरीके से जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती सह नाई जाति मिलन समारोह मनाया जायगा। चितरपुर प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन 21 जनवरी 2023 दिन शनिवार को पूर्वाहन 11ः30 बजे रजरप्पा मोड़ ग्राउंड पानी टंकी के नजदीक किया जाएगा।

## वेश भूषा प्रतियोगिता सह स्वावलंबी पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन



**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर महापुरुषों के वेश पर आधारित वेश-भूषा प्रतियोगिता सह स्वावलंबी पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हजारीबाग जिला के विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिन्हा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित कुमार, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय और स्वावलंबी पूर्व छात्रों के द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों ने स्वामी विवेकानंद, महाराणा प्रताप, भीमराव अंबेडकर, बिरसा मुंडा, नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ, मीराबाई, झांसी की रानी, अवंती बाई, पद्मावती, भारत माता समेत कई महापुरुषों व वीरांगनाओं के वेष-भूषा को धारण कर प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें बहनों की ओर से प्रथम स्थान जिया राणा, द्वितीय स्थान सेजल केसरी, तृतीय स्थान सोनाली कुमारी को मिला।

## कब थमेगा प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला : ग्रामीण

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम नागी में जैसे ही गुरुवार को निरपत महतो के बीस वर्षीय पुत्र राजेश कुमार का शव मुंबई से गाँव पहुँचा तो परिजनों के हृदय विदारक चीत्कार से पूरा गाँव में कोहराम मच गया। घर की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए युवक मुंबई कमाने के लिए गया था,और वहाँ हाइवा ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। मुम्बई में अचानक रास्ते में दुर्घटना होने से उसकी दुखद मृत्यु हो जाती हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID eedwsd.lohardaga@gmail.com

**सूचना**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 11/2021–22 (शष्टम आमंत्रण) जिसका PR-274799 Lohardaga (22-23) :D है, को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
लोहरदगा

PR 287481 Lohardaga(22-23)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा आधारित MIS Cooridinator एवं IEC Cooridinator के पद पर नियुक्ति हेतु चयनित अंतिम मेधा सूची का सूचना प्रकाशन NIC Ramgarh पर देखी जा सकती है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR 287412 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

**झारखंड सरकार**
**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, खूंटी।**
**(जिला सूचना एवं जनसंपर्क इकाई, खूंटी)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) 2023 के अवसर पर कचहरी मैदान, खूंटी में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, खूंटी की झांकी निकालने/निर्माण के लिए अनुभवी संस्थानों/फर्मों से दिनांक 18/01/2023 को अपराह्न 01:00 बजे तक टर्न के आधार पर सालवेज वैल्यू सहित मुहरबंद निविदा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, खूंटी के कार्यालय के नाम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन अपराह्न 03.:00 बजे तक क्रय समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी।

नोट–निविदा के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाइट www.prdjharkhand.in & www.khunti.nic.in पर उपलब्ध है।

उपायुक्त, खूँटी।

PR.NO.287436 IPRD(22-23):D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़**

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– ***RDSD/RAMGARH/05/2022-23*** जिसका PR No.– 287237 (Rural Work Development) 22-23 *D में प्रकाशित निविदा की कार्य पूर्ण करने की अवधि इस प्रकार संशोधित हैः–

- आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या DUF/01/2022-23 से DUF/08/2022-23 तक के निविदा के लिए क्रमांक– 08 में अंकित कार्य पूर्ण करने की अवधि 31.05.2023 तक होगी। इसे इस हद तक संशोधित समझा जाय।
- आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या DMFT/09/2022-23 से DMFT/62/2022-23 तक के निविदा के लिए क्रमांक– 08 में अंकित कार्य पूर्ण करने की अवधि 30.06.2023 तक होगी। इसे इस हद तक संशोधित समझा जाय।
- **उक्त NIT के निविदा के लिए अग्रद्यन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा एवं प्राईवेट बैंक का मान्य नहीं होगा। NIT सूचना के क्रमांक– 09 पर अंकित तथ्यों को इस हद तक संशोधित समझा जाय।**

ह०/– कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 287344 (Rural Work Department)22-23*D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**प्राथमिकी अभियुक्त शेखर सिंह**

उपर्युक्त लोअर बाजार थाना काण्ड संख्या–232/11, दिनांक–18.08.11 धारा–467/468/469/471/472/419/420/406/120बी भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त शेखर सिंह, पिता–देवनाथ सिंह, सा0–ओम श्री ओम फाईनेनसीयल कन्सलटेन्सी के मालिक(अलिगढ़) वर्तमान पता–कंकरबाग अशोक नगर रोड़ नं0–02 जिला–पटना, का द0प्र0स0 की धारा–82 अंतर्गत माननीय न्यायालय द्वारा ईस्तेहार निर्गत किया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिकी अभियुक्त शेखर सिंह कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची। –9431706139
थाना प्रभारी, लोअर बाजार, राँची। –9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 287453 Police(22-23).D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना (2nd Call)**

**P.R. no. 273166 Urban Development and Housing(22-23).D**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, हजारीबाग क्षेत्रान्तर्गत मटवारी गाँधी मैदान के उत्तर में अवस्थित मार्केट कम्प्लेक्स के प्रथम तल के 1150 वर्गफीट छत का खुला डाक के माध्यम से किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 12.01.2023 से 18.01.2023 तक नगर निगम कार्यालय के एक खिड़की से फार्म 5,000.00 रुपये की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो Municipal commissioner, Hazaribag Municipal Corporation के नाम से भुगतेय होगा का बैंक ड्रॉफ्ट जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 18.01.2023 है। इसके पश्चात आवेदनों पर विचार विमर्श नहीं किया जायेगा। यह राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं होगा।

| क्रमांक | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम तल्ला के 1150 वर्गफीट खाली छत | 30,00,000/- | 5,00,000/- |

**नोट** – डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 287443 Urban Development and Housing(22-23)#D

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
Phone no. 06524-223003 (office)
e-mail :- dfogumla@yahoo.in,
forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
9102600556 P (mob.)8987790115 O (Mob.)

**कार्यालयः-प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल**

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.11.2022 को गुप्त सूचना के आधार पर रायडीह–गुमला मार्ग, मौजा–सिलम, थाना–रायडीह के पास से 37 पीस साल बोटा, 29 पीस साल बीम सहित एक ट्रक संख्या–CG04J7356 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर हेमराज उराँव, प्रभारी वनपाल के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी –सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 17.01.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.287395 Forest, Environment and Climate Changes(22-23):D

**अभिहित अधिकारी-सह अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला (खाद्य सुरक्षा शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत सभी खाद्य कारोबारियों को लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। बिना फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करना दण्डनीय अपराध है जिसमें 6 (छः) मास का कारावास एवं 5 (पांच) लाख रू0 तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। सभी खाद्य कारोबारियों को पुनः सूचित किया जाता है कि दिनांक– 20.01.2023 को प्रखण्ड सभागार, सिसई में एक दिवसीय शिविर License/Registration Camp का आयोजन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक किया जा रहा है। इस शिविर में खाद्य कारोबारकर्त्ता अपने प्रतिष्ठान का अनुज्ञप्ति या निबंधन व्द जीमˆचवज प्राप्त कर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन / लाईसेंस हेतु निम्नांकित दस्तावेजों के साथ उक्त शिविर में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस हेतु निम्नांकित दस्तावेजों के साथ उक्त शिविर में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

रजिस्ट्रेशन (जिसका सलाना टर्न ओवर 12 लाख तक) हेतु आवश्यक दस्तावेज :–

- आधार कार्ड
- रंगीन फोटोग्राफ
- अवस्थित दुकान संबंधित कागजात यथा Rent Agreement/बिजली बिल
- रजिस्ट्रेशन शुल्क – 100/year

**लाईसेंस (जिसका सलाना टर्न ओवर 12 लाख से अधिक) हेतु आवश्यक दस्तावेज :–**

- खाद्य कारोबारकर्त्ता की संपूर्ण विवरणी।
- आवेदक/प्रोपराईटर का पहचान पत्र
- व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण पत्र (सेल डीड/बिजली बिल/राजस्व रसीद/Rent Agreement आदि)
- प्रोपराईटर से संबंधित स्व घोषणा पत्र/पार्टनरशीप डीड/फोर्म ix
- मैन्यूफेक्चरिंग के लिए अतिरिक्त दस्तावेज
- मैन्यूफेक्चरिंग युनिट का फोटो, प्रोसेंसिंग एरिया सहित
- लाईसेंस हेतु शुल्क – 2000–5000/– रू0 प्रति वर्ष

**नोट** :– मीट, मछली एवं चिकन दुकान वाले कारोबारकर्त्ता मुखिया या शहरी वार्ड द्वारा हस्ताक्षर किया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र अपने साथ लेकर आयेंगे।

अभिहित अधिकारी –सह–
अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला

PR.NO.287415 District(22-23):D

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले के बेंगाबाद प्रखण्ड अंतर्गत ज्वाला युवा क्लब केंदुआगढा के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस सह प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखण्ड के विभिन्न युवा मंडल के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य केदार हाजरा, मुखिया प्रतिनिधि छोटेलाल यादव, उपमुखिया कृष्ण कुमार वर्मा, शेखलाल प्रसाद वर्मा ने प्रतियोगिता का फीता काटकर एवं कीक मारकर उद्घाटन किया गया। जिसमें बालक वर्ग फुटबॉल, बालिका वर्ग वॉलीबॉल, दौड़,कब्बडी कराया गया। फुटबॉल में प्रथम अरतोका, द्वितिय केंदुआगढा की टीम ने विजय प्राप्त किया। वही वॉलीबॉल बालिका वर्ग में प्रथम केंदुआगढा, द्वितिय बिजलीबथान ने प्राप्त किया। कबड्डी में प्रथम अरतोका, द्वितिय केंदुआगढा ने प्रपात किया। बालिका वर्ग दौड़ 200 मीटर में प्रथम सृष्टि कुमारी, द्वितिय गुड़िया कुमारी , तृतीया नीलम कुमारी, बालक वर्ग दौड़ में प्रथम अनिल यादव, द्वितिय हरीश वर्मा, तृतीय गणेश कुमार सिंह ने प्राप्त किया। वही सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज़िला परिषद सदस्य केदार हाजरा ने कहा कि खेलकूद के आयोजन से सिर्फ मनोरंजन ही नही बल्कि अनुशासन और लोगो के प्रति युवाओं की शारीरिक दक्षता प्रेरित करते हैं। मुखिया प्रतिनिधि छोटेलाल यादव ने कहा कि जीवन में खेल का अहम रोल है। छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल का हुनर होना बहुत जरूरी है। आप पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं।



## कैसे बचेगी जान, ब्लड बैंकों में रक्त का संकट

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मरीजों की जान बचाने के लिए जिले में खून का संकट एक बार फिर खड़ा हो गया है। समय-समय पर विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों की ओर से रक्तदान मुहिम चलाए जाने के बावजूद मौजूदा समय में स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। हालत यह है कि गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए उनके तीमारदारों को इधर-उधर भटकने के बाद भी सफलता नहीं मिल पा रही है। खून के लिए परेशान मरीजों को कई बार गैर जनपद का रुख करना पड़ता है, तो वहीं इन्हीं संकट के बीच जब तब मौत हो जाने की खबर भी सामने आती रहती है।इन दिनों स्थिति इतनी चिंताजनक है कि जिला धनबाद ब्लड बैंक में ए पॉजिटिव,1 यूनिट बी पॉजिटिव,53 ओ पॉजिटिव 67 खून उपलब्ध है, तो वहीं निवास ब्लड सेंटर धनबाद में ए पॉजिटिव,1 बी पॉजिटिव,21 ओ पॉजिटिव 16 यूनिट उपलब्ध है। यहां गौरतलब है कि जिन ब्लड ग्रुप में एक यूनिट रहता है, वहां उसे आमतौर पर बड़ी इमरजेंसी के लिए रिजर्व रखने का प्राविधान है। ऐसे में नतीजा यह है कि मरीजों व तीमारदारों को खून की कमी के संकट से जूझना पड़ रहा है। कई मरीजों को लेकर उनके तीमारदार या तो गैर जनपदों का रुख कर ले रहे हैं, या फिर इधर-उधर मिन्नतें करते फिर रहे हैं। **धनबाद जिला का कल सुबह तक का यह है रिपोर्ट** :-धनबाद ब्लड बैंक ए निगेटिव ब्लड संख्या 0, बी पॉजिटिव ब्लड संख्या 0,ओ निगेटिव ब्लड संख्या 0, एबी निगेटिव ब्लड संख्या 0, एबी पॉजिटिव ब्लड संख्या 0,ओ निगेटिव ब्लड संख्या 0, निवास ब्लड सेंटर धनबाद में एबी पॉजिटिव ब्लड संख्या 0 ए निगेटिव ब्लड संख्या 0 बी पॉजिटिव ब्लड संख्या 0 ओ निगेटिव ब्लड संख्या 0, एबी निगेटिव ब्लड संख्या 0, इस्सी तरह पूरे धनबाद का बुरा हाल है। **विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों को आगे आना चाहेये तकनिकल मनेजर विनोद कुमार मिश्रा : -** निवास ब्लड सेंटर के तकनिकल मनेजर विनोद कुमार मिश्रा का कहना है लोग काफी परेशान है हम किया करे विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों को आगे आना चाहे ताकि ब्लड की कमी न हो एक महिना से ज़ियादा हो गया ब्लड की कमी लगातार बढती जा रही है **प्रभात मन्त्र के पत्रकार ने की कई विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों से बात सभी ने दिया आश्वासन :-** खुशहाल वतन ट्रस्ट के संस्थापक सैयद ए बरकात (अरमान) ने कहा की धनबाद जिला में ब्लड की कमी को देखते हुवे बहुत जल्द रक्त दान शीवीर का अयौजन किया जायेगा लोगो को आगे आने की ज़रुरत है । सफल इंडिया के प्रदीप महतो ने भी ब्लड कंप लगाने की बात कही है उन्होने कहा की रक्त दान ही जीवन दान बिना सहयौग से रक्त की कमी को दूर नहीं की जा सकती। नायाब तकनिकल वेल्फैर ट्रस्ट के आरिफ सिद्दीकी ने कहा की बहुत जल्द जामाडोबा में कैंप लगाया जायेगा ग्रुप के मधय्यम से लोगो को ब्लड की कमी की जानकारी दी जाएगी लोगो के सहयौग के साथ साथ प्रचार प्रसार भी जरूरी है।




## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मना राष्ट्रीय युवा महोत्सव

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा की विशेष प्रार्थना सभा में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रार्थना सभा में उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों ने भी पुष्प अर्पित कर विवेकानंद को श्रद्धांजलि दी। ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा पायल के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर भाषण दिया गया। कक्षा छठवीं वर्ग डी के छात्र विनायक चौबे ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित एक अच्छी कविता सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा सातवीं की छात्रा मालविका चौहान ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित प्रश्न किए जिसका उत्तर प्रार्थना सभा में उपस्थित बच्चों ने दिया।

## तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति किया जागरुक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अर्न्तगत आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग के द्वारा विभिन्न विद्यालयों में स्कूल प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस के लिए तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक किया गया।मौके पर जिला तंबाकु नियंत्रण से जिला परामर्शी श्री राहुल कुमार एवं विद्यालयों के प्रधान अध्यापक व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## भटमुरना में बीसीसीएल क्वार्टर को बना दिया मार्केट, अधिकारी उदासीन

*-दुकानों के एवज में 1 से 2 लाख रुपये की लग रही है पगड़ी की बोली*



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भटमुरना में फोर लाइन सड़क के बगल में स्थित बीसीसीएल के 772 नंबर क्वार्टर को अवैध तरीके से दुकान में तब्दील कर दिया गया है। यहां लगभग 4 दुकाने निकाली गई है। उपरोक्त क्वार्टर गोविंदपुर क्षेत्र के ब्लॉक 4 कोलियरी के अधीन आता है। बता दें कि उपरोक्त दुकानों को क्वार्टर में रह रहे बीसीसीएलकर्मी के द्वारा धड़ल्ले से बनवाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रति दुकान के एवज में 1 से 2 लाख रुपये पगड़ी ली जा रही है एवं उसे भाड़े में दिया जा रहा है। लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसकी वजह से फोरलेन सड़क के किनारे बीसीसीएल की खाली पड़ी जमीनों पर भू माफियाओं की गिद्ध दृष्टि लग गई है। विदित हो कि जब से एनएचएआई की फोर लाइन सड़क कतरास से भटमुरना होते हुए महुदा के लिए निकली है, तब से बीसीसीएल की खाली पड़ी जमीनों को कब्जा कर अवैध तरीके से दुकान का निर्माण कई जगहों पर किया जा रहा है। लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन मौन धारण किए हुए हैं। इस संबंध में गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक जीसी साहा ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की टीम ने सुखाड़ का किया आकलन

## बेहतर सिंचाई सुविधा होने से लोग कर पाएंगे 12 माह पैदावार : मुनिया देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में गठित टीम के द्वारा गुरुवार को जमुआ प्रखंड के चितरडीह पंचायत का निरीक्षण किया गया। केंद्रीय टीम चावल अनुसंधान संस्था डॉ मान सिंह, नीति आयोग से एस. सी. मीना, एम एन सी एफ सी से करण चौधरी वही राज्य स्तरीय टीम उपनिदेशक मुकेश कुमार सिंह, सहायक कृषि निदेशक आशुतोष कुमार, जिला स्तरीय टीम डी ए ओ सुरेंद्र सिंह एवं जीप अध्यक्ष मुनिया देवी इसके साथ है प्रखंड विकास पदाधिकारी जमुआ अशोक कुमार, अंचलाधिकारी द्वारिका बैठा, बीएओ अनिल गोस्वामी ,बी टी एम, ए टी एम एवं अन्य अधिकारी के द्वारा सुखाड़ आकलन को लेकर चितरडीह पंचायत सचिवालय में एक बैठक की आयोजन की गई जिसमें अधिकारी किसानों की समस्या से अवगत हुआ उसके बाद सभी अधिकारी ने क्षेत्र भ्रमण कर सुखाड़ का आकलन किया। मुख्य रूप से जीप अध्यक्ष मुनिया देवी ने अधिकारी का ध्यान कुरोहोबिन्दो उसरी नदी की और आकर्षित कराते हुए कहीं की अगर इस नदी में सिंचाई के लिए उत्तम व्यवस्था की जाए तो यहां के किसान 12 महीना पैदावार करके अपना जीवन अर्पण कर सकते हैं। वही जीप अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारी को समस्या से अवगत कराते हुए कही की इस वर्ष लक्ष्य के अनुसार से मात्र 10 परसेंट भी खेती नहीं हुआ है सरकार एवं विभागीय अधिकारी किसानों को उचित मुआवजा दे ताकि सुखाड़ में राहत मिल सके। वहीं अधिकारियों ने कई किसानों से सुखाड़ एवं खेती में होने वाली परेशानी से अवगत हुए। मौके पर प्रखंड एवं जिला के कई अधिकारी ,चितरडीह पंचायत मुखिया शोभा देवी, वार्ड सदस्य पप्पू वर्मा इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## आजादी के बाद देश का पहला मलटीपरपस रिभर भैली प्रोजेक्ट ने किया बिजली का रिकार्ड उत्पादन

### -इस कैलेंडर साल में 42,784 एमयु का रिकार्ड उत्पादन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मैथन :** आजादी के बाद का देश का पहला मलटीपरपस रिभर भैली प्रोजेक्ट यानी दामोदर भैली निगम (डीभीसी) एक कैलेंडर साल में (42,784) एमयु यानि 74.14त्न (पीएलएफ) में 31दिसम्बर 2022 तक बिजली को रिकार्ड उत्पादन कर चकित कर दिया है। पिछले साल के 2021में 40,619 एमयु यानि 68. 17त्न को पिछा छोड़ते हुए ये मुकाम हासिल की है। डीभीसी अपने प्रेस रिलीज को जारी करते हुए बताया के देश के टौप दस सेंट्रल सेक्टर स्टेशन में डीभीसी के तीन थर्मल पावर प्लांट भी है जिनमें बोकारो, कोडरमा, चंदरपुरा को शामिल हो गये हैं । डीभीसी के केटीपीएस प्लांट लगातार अपना उत्पादन आज 11 महिने से बिजली का उत्पादन 500 एमडबलु करते आ रही है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह द्वितीय दिन : निकाली गई जागरूकता रैली, यातायात नियमों का पालन करने की अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दसड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।इसी कड़ी में आज सुबह जिला परिवहन विभाग तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों व पुलिस जवानों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरुकता स्लोगन व तख्तियां लेकर कतारबद्ध तरीके से स्कूली बच्चे और पुलिस जवानों ने मिश्रित भवन से रणधीर वर्मा चौक तक रैली निकाली और लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली में जिला परिवहन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार सिन्हा तथा ट्रैफिक डीएसपी श्री राजेश कुमार समेत कई वरीय अधिकारी शामिल हुए। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि 13 जनवरी को भारी वाहनों के चालक एवं कंडक्टरों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें विशेषकर उनके नेत्रों की जांच की जाएगी। वहीं 14 जनवरी को सड़क सुरक्षा का उल्लंघन करने वालों को गुलाब फूल प्रदान कर उनकी गलती सुधारने का मौका दिया जाएगा। साथ ही सड़क के विपरीत दिशा पर चलने वाले चालक एवं वाहनों पर ओवर लोड करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा।



## यूट्यूब में राइडर स्टंट बॉय के नाम से धूम मचा रहा है रेम्बा का अजहरुद्दीन

### -दस हजार सब्सक्राइबर होने पर केक काटकर मनाया जश्न, लोगों ने दिया बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत रेम्बा पंचायत के छोटे से गांव कर्माटांड़ का अजहरुद्दीन यूट्यूब पर राइडर स्टंट बॉय के नाम से धूम मचा रहा है। यूट्यूब पर दस हजार सब्सक्राइबर होने और सिल्वर बटन मिलने की खुशी में कर्माटांड़ के ग्रामीणों ने केक काटकर अपने खुशी का इजहार किया। राजमिस्त्री मोहम्मद सकुर तथा फातिमा खातून के पुत्र अजहरुद्दीन ने प्रभात मंत्र प्रतिनिधि को बताया कि आर्थिक संकट के बावजूद भी उसने कभी हार नहीं माना और बाइक से स्टंट को उसने अपना हमसफर बना लिया। वह मौत कुआं में बाइक से स्टंट कर लोगों का मनोरंजन करता है। स्टंट भी ऐसा कि देखने वालों का कलेजा मुंह में आ जाता है। पूछने पर कि डर नहीं लगता के बाबत उसने बताया कि डर के आगे जीत है।

वह डर जाता तो फिर जीत नहीं पाता। कहा कि बचपन से ही उसे स्टंट देखना अच्छा लगता था और वह उसी राह पर चल पड़ा। यूट्यूब पर सिल्वर बटन मिलने पर जिप सदस्य विजय पांडेय, कुमारी प्रभाव वर्मा,राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो गिरिडीह जिलाध्यक्ष योगेश कुमार पाण्डेय, आजसू के गिरिडीह जिला उपाध्यक्ष अजय द्विवेदी, साली के मुखिया मोहम्मद निजामुद्दीन ,जमुआ के पूर्व प्रमुख सुलोचना देवी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु राम, झामुमो नेता मंजूर अंसारी, पंसस आमना खातून, महताब अंसारी, इरफान, सहित कई लोगों ने राइडर स्टंट अजहरुद्दीन को सफलता के लिए बधाई दी है।



## स्वामी विवेकानंद जी के जयंती मनाया गया समारोह में पहुंचे दीप नारायण सिंह



**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिरामपुर पंचायत के अन्तर्गत हीरापुर में यूथ फोर्स कार्यालय में यूथ फोर्स के द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी का जयंती है।

## दवाब बनाकर निजी हित साधने के लिये मेरे खिलाफ की जा रही साजिश : सीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया सीओ रमेशचन्द्र तिवारी ने गुरुवार को अपने कार्यालय में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन कर लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इन्होंने कहा है कि बीते बुधवार को झामुमो के जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मण्डल के नेतृत्व में मेरे खिलाफ एक प्रदर्शन किया गया इस दौरान मेरे खिलाफ कई असंवैधानिक नारे बाजी की गयी और भूमाफियाओं का संरक्षक तथा पैसे लेकर काम करने का आरोप लगाया है, जो सभी आरोप बेबुनियाद हैं। मेरे कार्यालय में लोगों के लगभग मामले का निष्पादन समय के अनुसार कर दिया जाता है। इन्होंने कहा कि उनके प्रदर्शन का उद्देश्य मूल रूप से दबाव बनाकर अपना काम निकलवाने का है, चूंकि उनसे सम्बंधित एक जमीन विवाद है जो बड़की सरिया मौजा का जमीन है जिसका खाता संख्या 200 जो जमीन गरमजूरवा किस्म की जमीन है जिसपर निषेधाज्ञा 144 लागू है और एसडीएम कोर्ट में वाद चल रहा है। जिसमें उन्हें जमीन सम्बंधित कागजात उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है लेकिन उन्होंने 15 दिन का वक्त मांगते हुए कागजात प्रस्तुत नहीं किये हैं और चाहते हैं कि उनके पक्ष में होकर काम करें। चूंकि मामला द्विपक्षीय है और एसडीएम कोर्ट में वाद चल रहा है ऐसे में नियम के विरुद्ध जाकर काम करना न्यायपूर्ण नहीं है। इसलिए लोगों को बरगलाकर प्रदर्शन कर रहे हैं ताकि उनके दबाव में आकर प्रशासन उनके पक्ष में काम करें। इन्होंने बताया कि मामले से वरीय पदाधिकारियों को अवगत करा दिया है निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी, ये पूरा घटनाक्रम निंदनीय है और दुराग्रह से ग्रस्त है।



## स्व. महावीर महतो के प्रतिमा का किया गया अनावरण

*-लोगों के दुःख दर्द को कम करने का कोशिश करूंगा : प्रदीप महतो*

*-स्व. महावीर महतो स्मारक समिति ने क्षेत्र को दिया एंबुलेंस।*



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** महुदा के अंधारी गांव मे स्व॰ महावीर महतो के पुण्य तिथि के मौके पर प्रतिमा अनावरण व जिला स्तरीय परीक्षा और शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन स्व॰ महावीर महतो स्मारक समिति ने किया। समारोह से पहले स्व॰ महावीर महतो के प्रतिमा का अनावरण किया गया। और दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत किया।समारोह में शिक्षको,सामाजिक कार्यकर्ताओ, पत्रकार को संविधान का बुक, कलम और शॉल देकर सम्मानित किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में स्थान पाने वाले को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान समिति के प्रदीप महतो ने क्षेत्र को एक एंबुलेंस भेट किया । समारोह में भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ। रोहित कुमार रजवार, डी एस पी चास , बोकारो ने कहा की इस पुण्य तिथि में मैं पुण्य आत्मा को नमन करता हु। स्व॰ महावीर महतो ने जो काम किया उससे कभी भुलाया नही जा सकता। आज क्षेत्र को एक एंबुलेंस देकर लोगो की समस्या को समाधान करने का काम किया गया।प्रदीप महतो ने कहा की हमसे जितना भी हो सकेगा लोगो के दुःख दर्द को कम करने का कोशिश करूंगा। पुण्य तिथि में इस महान आत्मा के सपनो को पूरा करना मेरा पहला लक्ष्य होगा।

## गुरु की महिमा से ही विवेकानंद जैसे रत्नों का निर्माण होता है : सुनील कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुबन :** सरस्वती विद्या मंदिर सिनिडीह में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह एवं उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने दीप प्रज्वलन किया एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युग दृष्टा एवं युग श्रष्टा थे। उन्होंने कहा कि गुरु की महिमा से ही विवेकानंद जैसे रत्नों का निर्माण होता है। अपने उद्बोधन में पूर्ववर्ती छात्र भैया दामोदर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने दिग दिगंत में भारतीय संस्कृति की गूंज पैदा कर दी। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के आचार्य अरविंद कुमार ने किया। `कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य मुरारी प्रसाद, मुरारी दयाल सिंह, धर्मेंद्र तिवारी अजय कुमार पांडे गौतम मुखर्जी, डॉक्टर तापस कुमार घोष मानिक सेन एवं नवल किशोर झा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विवेकानंद इंटर कॉलेज ने महुदा में जागरूकता के लिए निकली रैली।

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज महुदा से जागरूकता के लिए रैली निकाला गया। जागरूकता अभियान में समाज को यह संदेश दिया गया कि राष्ट्र के निर्माण में युवा का महत्व क्या है। वक्ताओं ने कहा की सभी युवाओं को मिलकर आगे बढ़ना है तभी एक सुंदर राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।




### कतरास में स्वामी विवेकानंद के 161 वे जयंती पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन।

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नन्द की आनंद की जय विवेकानंद नारो के साथ आज स्वामी विवेकानंद जी के 161वी जयंती और युवा दिवस के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कतरास नगर इकाई द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कतरास कॉलेज कतरास से प्रारम्भ हुई जो कतरास बाजार होते हुए पचगड़ी थाना चोक थाना चौक पर स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के सामने सभा स्थल में तब्दील हो गया।



## पश्चिम मध्य रेलवे के खन्ना बंजारी एवं महरोई स्टेशनों पर नान इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों में अस्थायी बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** कटनी-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के मद्देनजर पष्चिम मध्य रेलवे के खन्ना बन्जारी एवं महरोई स्टेषनों पर 12. 01.2023 से 23.01.2023 तक प्रीएनआई/ एनआई कार्य किया जाना है । इस कारण पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से गुजरने/खुलने वाली 03 जोड़ी ट्रेनों के परिचालन निम्नानुसार रद्द किया गया हैः-

1.गाड़ी सं. 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी- 12.01.23 से 23.01.23 तक,

2.गाड़ी सं. 11652 सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी- 13.01.23 से 24.01.23 तक,

3.गाड़ी सं. 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस-14, 18 एवं 21.01.23 को, 4.गाड़ी सं. 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस-17, 19 एवं 24.01.23 को,

5.गाड़ी सं. 22167 सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस-15.01.23 एवं 22.01.23 को,

6.गाड़ी सं. 22168 हजरत निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस - 16.01.23 एवं 23.01.23 को।

युवाओं के लिए आज भी प्रासंगिक है स्वामी विवेकानंद का उपदेश : प्रमोद कुमार

# सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में स्वामी विवेकानंद की 160 वीं जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो मुख्यालय में 12 जनवरी गुरूवार को मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर मे स्वामी विवेकानंद जी की मनाई गई 160 वीं जयंती समारोह। मौके पर विद्यालय परिवार के द्वारा सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात उन्हे नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया ने भी गेरुवा वस्त्र धारण कर स्वामी विवेकानंद जी की रुप मे दिखाई दिये गये। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि आज ही के दिन सन 1863 में स्वामी जी का जन्म हुआ था,पुरा देश स्वामी जी की जयंती युवा दिवस के रुप मे मना रही है,युवाओं के लिए आज भी प्रासंगिक है स्वामी विवेकानंद जी का उपदेश। सन 1881 मे उन्होने रामकृष्ण परमहंस को अपना गुरु स्वीकार करने के बाद बचपन का नरेन्द्रनाथ स्वामी विवेकानंद के नाम से जाने,व पहचाने लगे। अपने 25 वर्ष के आयु मे ही गेरुवा वस्त्र धारण कर सम्पूर्ण देश की पैदल यात्रा की। प्रधानाचार्य ने कहा कि सन 1883 मे अमेरिका के शिकागो के धर्म परिषद में एक अमेरिकन प्रोफेसर के प्रयत्न से भारत का प्रतिनिधित्व के साथ स्वामी जी को बोलने का सुअवसर प्राप्त हुआ,अपने थोड़े समय के धर्म परिषद में वक्तव्य से कई विद्वान आश्चर्य चकित हो गये, उनके ब्क्त्व्य से समस्त भारतवासी का गौरव वैश्विक पटल पर उचाईयों को छूने लगा, पराधीन भारत वासी की एक नई पहचान मिली, और देखते ही देखते अमेरिका में स्वामी जी की शिष्यों की एक बड़ा समुदाय खड़ा हो गया, वे 03 साल तक अमेरिका में रहें। वहाँ के लोगो को भारतीय तत्व ज्ञान की अद्भुत ज्योति प्रदान करते रहें, स्वामी जी भारत के गौरव का देश -देशांतरो मे उज्जवल करने का सदा प्रयत्न किया। उनकी जीवनी पर विद्यालय के आचार्य देवा उराँव ने भी प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी भारतीय हिन्दु धर्म, संसकृति, रीति रिवाज को प्रचार प्रसार करते हुए सन 04 जुलाई 1902 को देह का त्याग कर दिया। उनकी जीवनियों से हमे प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित, व समाज हित मे कार्य करने की आवश्कता है। इस अवसर पर विद्यालय के भैया, बहन, दीदी जी एवं प्रवंधकारिणी के लोगों ने भी अपने अपने विचार रखे।

## जय श्री राम समिति ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में लोहरदगा जय श्रीराम समिति के द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें एवं उनकी सिद्धांतों को याद किया गया। मौके पर सभी को संबोधित करते हुए संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार स्वयं के साथ साथ दूसरे व्यक्ति को भी शून्य स्थिति में अपने शामिल कर लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रेरणा देते हैं। स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य किसी भी एक लक्ष्य एकाग्रचित्त होकर सीधा मार्ग अपनाने को कहा जिससे कि बगैर थके आप लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। विवेकानंद विचार से पूरा विश्व प्रभावित हुआ हमें उनकी मूल वचनों को आत्मसात करने की बहुत ही आवश्यकता है। संरक्षक अजय सोनी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जीवनी एवं उनके विचारों को आत्मसाथ कर कोई भी व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने स्वयं अपने साथ-साथ राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेवारी वह अपनी भारतीय संस्कृति गौरव को पूरे विश्व में बताया।मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी अनूप गुप्ता अध्यक्ष राजीव रंजन, महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, दयाशंकर सिंह, हेमंत वर्मा जिला महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, अनुज कुमार, जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, दीपक कुमार साहू, पराक्रम सोनी, विक्रम दास, संजय पासवान समेत आदि लोग मौजूद थे।

## एमबी डीएवी विद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में धर्म शिक्षक जीतेंद्र मेहर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती तथा सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश पाठक व अश्विन पात्रों द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों व विचारों से संबंधित ऑनलाइन व आफलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। भारत प्राचीन काल से ही महान ऋषि मुनियों का देश रहा है। अनेक महान आध्यात्मिक गुरुओं, उच्च कोटि के संतो तथा समाज सुधारकों ने इस देश में जन्म लिया है तथा अपने ज्ञान और कार्यो से भारत भूमि तथा समस्त विश्व की मानव जाति पर उपकार किया है। इनमें से ही एक महान संत व युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद का जन्म भारत भूमि पर 12 जनवरी को हुआ था। जो कि समस्त विश्व के युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं उनके जन्म दिवस के अवसर को भी हम युवा दिवस के रुप में मनाते है। कार्यक्रम के शुभारंभ में माननीय प्राचार्य महोदय के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वामी जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। मौके पर प्राचार्य महोदय ने स्वामी जी के जीवन के प्रेरणाप्रद घटनाओं का वर्णन करते हुए अपने जीवन में उन्हें उतारने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए स्वामी जी द्वारा बताए गए दो मूल मंत्रों को भी बच्चों को बताया।पहला कि हमें अपना कार्य निष्ठापूर्वक व ईमानदारी से करना चाहिए, दूसरा हमें स्वयं पर और ईश्वर पर भरोसा रखना चाहिए।

## साथिया सम्मेलन का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा एवं तकनीकी सहयोगी सिनी संस्था द्वारा नगर भवन, सिमडेगा में संयुक्त रूप से साथिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन नवल कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज, DRCHO पी पी साह, MOIC कोलेबिरा के के शर्मा, डीपीएम प्रदीप सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम शुरुवात करने से पहले सभी अतिथियों द्वारा संयुक रूप से दिप प्रज्वलन किया गया। स्वागत भाषण छक्क प्रीति बाला शालिनी तिर्की के द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम में आए सभी लोगों का स्वागत उन्होंने किया। साथ ही ऋस्य कार्यक्रम पर अपना विचार दी और सभी को किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस कार्यक्रम में जाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन नवल कुमार ने कहा की जब भी अपने क्षेत्र में RKSK कार्यक्रम के निमित्त AHWD कार्यक्रम हो तो सभी लोग जरूर जाए और दिए जाने वाले सभी विषय में जानकारी प्राप्त कीजिये। ये सभी जानकारी बहुत ही महत्वपूर्ण होती है इसलिए निश्चित रूप से जरूर भाग लें। विशिष्ट अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने बताया की किस प्रकार हम सभी को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर सकते हैं साथ ही उन्होंने बताया की किशोर-किशोरी कम उम्र में ही पढाई छोड़ देते हैं जिससे उनको अनेकों जानकारी नहीं हो पाती है। इस वजह से कुछ किशोर - किशोरी जल्दी शादी कर लेते हैं कम उम्र में गर्भधारण का सामना करना पड़ता है। साथ ही सभी को विभिन्न विषयों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि पोषण पर ध्यान देना जरूरी है सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना है एंव जब भी मौका मिले सभी किशोरों को ऋस्य कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अनुरोध किया। साथिया सम्मेलन में एस एस +2 सिमडेगा एवं बोलबा प्रखंड टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही सभी प्रखण्डों से आये हुवे 16 साथिया द्वारा भी ऋस्य कॉम्पोनेमट्स पर भाषण दिया गया एवं सिंगल डांस निशा कुमारी द्वारा किया गया।

प्रेरणा व पूनम की जोड़ी ने जीता खिताब

## विद्या मंदिर प्लस टू में स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय और लोहरदगा वन प्रमंडल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को विद्यालय के भगवान बिरसा मुंडा सभाकक्ष में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य रूप से प्रश्न मंच प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेरणा तिग्गा एवं पूनम कुमारी की जोड़ी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान रीना कुमारी एवं सोनी कुमारी की जोड़ी ने प्राप्त किया। सुषमा अभिषेक लकड़ा एवं सोनी उरांव तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रीना कुमारी, द्वितीय स्थान सुषमा अभिषेक लकड़ा और तृतीय स्थान आदित्य राज ने प्राप्त किया। सभी को समारोह में मुख्य अतिथि डीएफओ अरविंद कुमार,विशिष्ट अतिथि रेंज ऑफिसर अरुण कुमार, उपवन परिसर अधिकारी किशोर नंद कुमार, लोहरदगा में विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सदस्य शोभा देवी एवं प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके पूर्व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने किया। संचालन प्रीति कुमारी गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन रेणु कुमारी ने किया। निर्णायक की भूमिका कविता कुमारी एवं ऋद्धि मिश्रा ने निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी एवं वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सीओ ने फीता काट कर किया पतिअम्बा और लमडेगा धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन



**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा सीओ डॉ खगेन महतो ने बुधवार को प्रखंड के पतिअम्बा और लमडेगा लैम्पस में फीता काटकर धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन किया। पतिअम्बा पंचायत ग्राम खरवागढा एवं लमडेगा पंचायत मुख्यालय झारझारा बजार स्थित लैम्स कार्यालय सह गोदाम में संबंधित कार्यकारिणी समिति के माध्यम धान खरीदी किया जाएगा। इधर जलडेगा लैम्स कार्यकारिणी समिति भंग होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लमडेगा कार्यकारिणी समिति के माध्यम से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार और बुधवार को जलडेगा लैम्स कार्यालय सह गोदाम में धान खरीदी किया जाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीओ खगेन महतो ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से किसानों को अपने उपज का समुचित कीमत मिलेगा वहीं आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। अब किसानों को विवश होकर औने-पौने कीमत पर धान नहीं बेचना पड़ेगा। कहा किसानों से केन्द्र में 2040 रूपए प्रति किलोग्राम की दर में धान खरीदी किया जाएगा एवं 10 पैसे प्रति किलोग्राम बोनस के रुप में भुगतान किया जाएगा। उन्होंने किसानों को बिचौलियों की बातों में नहीं पड़ने को कहा है। मौके पर मुखिया बिमला देवी, कार्तिक प्रसाद, जगदीश बडाईक, संजय बडाईक, राजस्व कर्मचारी उमेश ठाकुर, बिनोद बडाईक, जस्टीन लुगून सहित लैम्पस के पदधारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति पर भक्सो नदी में तैयारी पूरी 14 को मेले के साथ कृतन का आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में भक्सो कोयल नदी स्थित पौराणिक 1008 श्री उमानाथ मंदिर में (नदी तट) परिसर में मेले को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। 14 जनवरी दिन शनिवार कृष्ण पक्ष सप्तमी तिथि को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मेला तथा 12 घंटे अखण्ड हरि कृतन का आयोजन प्रातः 6 बजे से संध्या 6 बजे तक किया गया है साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन भी मंदिर परिसर में होगी। वैसे तो माघ महीने में राज्य भर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग मेले का आयोजन होता रहा है भक्सो कोयल मेला में बिशेष कर श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। लोगो का मानना है कि मकर संक्रांति के दिन स्नान ध्यान करने से कष्टों का निवारण एवं सुख समृद्धि में बृद्धि होती है। वैसे तो मकर संक्रांति बोल चाल की भाषा मे 14 जनवरी को मनाया जाता रहा है परंतु सूर्य गोचर के अनुसार कुछ वर्षो से मकर संक्रांति कभी 14 कभी 15 जनवरी को मनाया जा रहा है। इस वर्ष ग्रहों के स्वामी सूर्य महाराज धनु राशि से मकर राशि मे 14 जनवरी दिन शनिवार को रात्रि में राशि परिवर्तन करेंगे चूंकि स्नान दान रविवार को पुण्यकाल प्रातः कालीन में होगी,रात्रि होने के कारण मकर संक्रांति का पुण्य पर्व 15 जनवरी दिन रविवार को मनाया जाना अति उत्तम होगा। माघ मास में बहुत ही सुंदर और आकर्षक मेले के आयोजन भक्सो नदी तट पर होता रहा है जिसे देखने के लिए लोग दूर दूर से आते है। इस आयोजन में मंदिर समिति के दीपक कुमार साहू, रमेश राम,उदय साहू, मनोज, जोगेंद्र, अमित लोहरा, फुलकेश्वर, प्रेम, सहदेव सतीश, विनोद, मनोज, गंगा, बिरजु, राजकुमार, बालक, सनीचरवा उरांव इत्यादि सदस्यों ने भाग लिया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूम धाम से मनाया गया स्वामी विवेकानंद जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्वामी विवेकानद जयंती सह पूर्व क्षात्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं पूर्व क्षात्र पुष्पम कुमार के द्वारा द्विपप्रज्वलं कर विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पार्चन प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के पूर्व क्षात्र भैया पुष्पम कुमार विवेकानंद जयंती एवं पूर्व क्षात्र दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन मे विवेकानंद की बातों को अक्षरसः पालन करना चाहिए। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि वेद और वेदांत की सिख देने वाले विवेकानंद की जीवन से अदम्य साहस, आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। विद्यालय के भैया नीतिन कुमार स्वामी विवेकानंद के वेश में आकर उनकी भूमिका निभाई। विवेकानद जयंती पर क्विज प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम.नवम कक्षा की बहन सुभद्रा कुमारी, द्वितीय आदित्य कुमार और तृतीय स्थान पर भैया राहुल कुमार रहे। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अचार्य आचार्या का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, रामकुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, मालती साहु, मीना देवी, कविता काजल कुमारी के अलावे अभिभावक और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## चितरी घाघ मेला को आपसी सौहार्द और प्रेम के साथ मनाए : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। साथ ही कोयल नदी तट पर ऐतिहासिक चितरी घाघ मेला आयोजन को लेकर कमिटी के गठन किया गया। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा विधि व्यस्था का जानकारी लेते हुए कमिटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा की मकर संक्रांति के में लगने वाले मेला में सभी जाति समुदाय के लोगो का आपसी सहयोग भाईचारा और सौहार्द जरूरी है। साथ ही कहा कि कमेटी के सदस्य एवं आमजन प्रखंड प्रशासन की बात को सुने और निर्देश का पालन करें गहरे पानी में नहाने नही जाये। थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने कहा की यातायात को ठीक रखा जाएगा पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी पार्किंग से आगे किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगा साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सुबह से ही पुलिस प्रशासन मेला स्थल पर तैनात रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी धनंजय पासवान, मुखिया दिलीप कुमार उरांव, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, मेला कमेटी के अध्यक्ष सुबोध वर्मा, उपाध्यक्ष गुलाम सरवर अंसारी बीपीओ नीलेंद्र कुमार, पंचायत सचिव अधीश खाखा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण गवर्निंग बोर्ड की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वॉघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) गवर्निंग बोर्ड की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में आत्मा अंतर्गत संचालित गतिविधियों के प्रगति प्रतिवेदन का उपायुक्त द्वारा अवलोकन किया गया। इसमें किसानों के प्रशिक्षण, एक्सपोजर विजिट, डेमोन्सट्रेशन, किसान समूहों के मोबिलाइलेशन समेत अन्य गतिविधियों पर हुए व्यय पर चर्चा की गई। जिला में बीटीएम व एटीएम की नियुक्ति प्रक्रिया अंतर्गत आये अभ्यर्थियों का कम्प्यूटर दक्षता जांच आयोजित करने का निदेश आत्मा निदेशक को दिया गया। बैठक में कृषि उत्पादकता समूह के कार्यों की समीक्षा की गई। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-आत्मा निदेशक शिव पूजन राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी अशोक सिन्हा, डीडीएम नाबार्ड संजय त्रिवेदी, डीडीएमो विभाकर कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

युवा है राष्ट्र के शिल्पकार : अजय कुमार सिंह

## स्वामी विवेकानंद के जयंती पर सिमडेगा में आयोजित की गई यंग इंडिया रन कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर सिमडेगा जिला में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया एवं बहनों के समूहों के साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा, सिमडेगा ने यंग इंडिया रन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा सिमडेगा के महामंत्री दीपक पुरी एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व प्रत्याशी सिमडेगा विधानसभा के श्रद्धानंद बेसरा उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने यंग इंडिया रन के प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि युवा ही राष्ट्र के शिल्पकार है। उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। मौके पर विद्यालय के भैया एवं बहनों को संबोधित करते हुए दीपक पुरी ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी के जयंती की यादगार में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद एक तेजस्वी एवं अविस्मरणीय महापुरुष थे। शिकागो धार्मिक सम्मेलन में जब उन्हें भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर रखने का अवसर प्राप्त हुआ तब उनके प्रारंभिक संबोधन अमेरिकी माताओं, बहनों एवं भाइयों को नमस्कार बोल कर किया। यह संवाद अमेरिकी नागरिकों में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की। अमेरिकी नागरिक सोच कर दंग हो रहे थे कि ये साधारण सा दिखने वाला व्यक्ति में इतना तेज एवं प्रकाश कैसे हैं ? स्वामी विवेकानंद योग एवं अध्यात्म के उपासक थे। उनकी वाणी ÷उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए÷ प्रत्येक युवाओं को अभिप्रेरित करते रहती है। विशिष्ट अतिथि श्रद्धानंद बेसरा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की भूमि अतुल्य महापुरुषों की जननी है। स्वामी विवेकानंद जी बचपन से ही प्रतिभावान थे। एक पुरुष ने उनसे कहा कि किसी रास्ते में तुम्हें धन और ज्ञान दोनों मिलेंगे तो तुम क्या लेना पसंद करोगे, तब स्वामी जी ने उत्तर दिया कि मुझे ज्ञान की आवश्यकता है। मुझे ज्ञान चाहिए। उनका कहना था वीर बनो, साहस बनो, निडर बनो। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे देश के प्रति समर्पित रहे और इसके लिए उन्हें वीर, साहस और निडर बनना होगा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा, सिमडेगा के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती प्रत्येक युवाओं को शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, संवेगिक, शैक्षिक एवं नैतिक रूप से मजबूत बनने का संदेश देती है। स्वामी जी के अनुसार ÷मनुष्य में अंतर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति करना ही शिक्षा है।÷ इसलिए हमें अपने मन, कर्म एवं वचन पर हमेशा शुद्धता रखने की आवश्यकता है और यह शुद्धता ही भारत को विश्व गुरु बनाने में मदद करेगी। भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी अंकित कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन का हमें अनुसरण करना चाहिए। भारतीयों पर अंग्रेजों द्वारा थोपी गई पश्चात संस्कृति की उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि हमें भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को आत्मसात करना चाहिए क्योंकि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति मनुष्य का सर्वांगीण विकास करने में सक्षम है। स्वामी जी नारी शिक्षा के बहुत बड़े समर्थक थे।

संस्कार युक्त शिक्षा के द्वारा ही राष्ट्र का निर्माण होता है : डॉक्टर टी साहू

## विवेकानंद की जयंती के अवसर पर अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में आयोजित की गई इस अवसर पर लोहरदगा के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक एवं समाजसेवी मुख्य अतिथि के रूप में डॉ टी साहू ने के साथ-साथ अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में पूर्व छात्र नीरज कुमार मिश्र तथा अभिभावकों की प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती प्रतिमा शुक्ला जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से स्वामी जी के चित्र तथा मां सरस्वती ओम भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्चन कर के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने अतिथियों का परिचय एवं आचार्य एवं अभिभावक गोष्ठी के उद्देश्य को बताया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिशुओं के समय एवं सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य है तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति में आचार्य अभिभावक एवं समाज के पूर्ण सहयोग से ही संभव है ।डॉक्टर टी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज युवा दिवस है और स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श को जीवन में अपनाएं साथ ही सभी शिशु को सम्यक संस्कार सम्यक भोजन एवं संस्कारित व्यवहार की आवश्यकता है। साथ ही स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं शिक्षा के द्वारा ही राष्ट्र का निर्माण संभव है अतः संस्कारित शिक्षा की ओर हम अपने कदम को सतत आगे बढ़ाएं ।श्री राहुल कुमार गुप्ता ने कहा कि हम अपने इस प्रकार के विद्यालयों में भैया बहनों का नामांकन संस्कार के विकास हेतु ही कराते हैं उन्होंने कहा संस्कार ही जीवन है। अतः हम सदैव संस्कारी जीवन का अनुसरण करते हुए समाज में ज्ञान की ज्योति जलाए आज स्वामी विवेकानंद के जीवन पर पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है ।इस अवसर पर समिति अभिभावक प्रतिनिधि श्रीमती शोभा ने कहा कि विद्यालय में गुरुओं के द्वारा दी गई शिक्षा महत्वपूर्ण है ।गुरुओं से कहीं अधिक उत्तरदायित्व हम सभी अभिभावकों के ऊपर है कि हम अपने बच्चों के अंतर्गत किस प्रकार के शिक्षा एवं संस्कार को देखना चाहते हैं इसके निमित्त हम सभी को प्रयासरत रहना होगा। श्रीमती मुक्ता पांडे ने विद्यालय के संस्कार अनुशासन एवं शिष्टाचार की प्रशंसा के साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि कार्यपुस्तिका की नियमित जांच की जाए तथा भैया बहनों के लेखन पर ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य श्री महेंद्र कुमार मिश्र ने शिशु के सर्वांगीण विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि आदर्श संस्कार के द्वारा ही हम शिशु के अंतर्निहित गुणों का विकास करते हुए हम उन्हें रामकृष्ण शिवाजी एवं महाराणा प्रताप की छवि को प्राप्त करा सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के स्वास्थ्य उनके भोजन तथा उनके भोजन से संबंधित पात्र के विषय में विस्तृत जानकारी दी भैया बहनों को प्लास्टिक की टिफिन में तथा प्लास्टिक के बोतल में पानी नहीं लाने के लिए अपने अभिभावकों से निवेदन किया।

## चलते चलते एक नजर

### समाजसेवी इंदू सिंह ने जरुरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज नगर निगम वार्ड नंबर 16 के निवासी समाजसेवी इंदू सिंह ने जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मालूम हो कि पलामू का पारा काफी नीचे आ गया है और यहाँ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में गरीब लोगों का जीना मुहाल हो गया है। गरीब लोगों की मदद के लिए कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत देने की सोच के साथ गुरुवार को समाजसेवी इंदू सिंह ने 150 पीस कंबल का वितरण जरुरतमंदों के बीच किया। इस अवसर पर सोनू सिंह ने कहा कि वार्ड नंबर 16 के सभी लोगों को उचित मान सम्मान देते हुए उनकी भावनाओं का ख्याल रखा जायेगा। वार्ड 16 की जनता के सुख दुख में हमेशा सहयोग के लिए वो सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी,समाजसेवी खुदी सिंह,बब्लू सिंह,बब्लू पांडेय,सतीश तिवारी व यशविन्द्र सिंह सहित वार्ड के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर समाजसेवी सोनू सिंह ने कहा कि समाज सेवा करना हमारे परिवार का धर्म और कर्तव्य है। हमेशा उनका परिवार गरीबों की सेवा में तत्पर रहता है। इस कड़ाके की ठंड में कमल का वितरण उनके परिवार के द्वारा हमेशा किया जाता रहा है और आगे भी किया जाता रहेगा।

### आदिवासियों के विकास के लिए विकास भारती ने एक मॉडल विकसित किया: राज्यपाल

**रांची :** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि आदिवासियों के विकास के लिए विकास भारती ने एक मॉडल विकसित किया है। इसमें स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, आय-सृजन, वन एवं जल संसाधन का संरक्षण, ग्रामीण तकनीक एवं सामाजिक विवेक को समाहित किया गया है।

बैस गुरुवार को विकास भारती संस्था की ओर से आयोजित ÷शिल्पी मेला-सह-प्रदर्शनी के समापन और 40 दिन में 40 स्थान पर 40 कार्यक्रम के उद्घाटन पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्था के सदस्य परोपकार के मार्ग पर चलते रहें और लोक-कल्याण का कार्य करते रहें, यही मेरी कामना है। उन्होंने कहा कि आज हमारे राष्ट्र के पास एक विशाल मानव सम्पदा है, जिसमें अधिक संख्या युवाओं की है। इस युवा आबादी में निहित प्रतिभा को विकसित कर उनके कौशल विकास पर ध्यान देकर आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि समाज में जागरुकता की दिशा में संस्था के हर कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य करें। राज्य में मौजूद सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए संस्था को और सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है। जनजातीय समुदाय में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता के आदि के साथ सरकार द्वारा उनके लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संस्था को अपने कार्यों से राज्य में पलायन जैसी गंभीर समस्या के निदान के लिए अपनी कोशिश की गति में और तेजी लानी होगी। राज्य के लोगों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है उनके हुनर को पहचान कर उसे प्रोत्साहित करने की। मेरा विश्वास है कि विकास भारती इस दिशा में गंभीरतापूर्वक काम कर अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

# उत्तर भारत के किसानों का त्योहार लोहड़ी आज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत में हर साल 13 जनवरी को लोहड़ी का दिन मनाया जाता है। लोहड़ी को उत्तरी भारत में किसानों का त्योहार कहा जाता है। यह मकर संक्रांति से एक रात पहले मनाया जाता है। फसल उत्सव भारत के उत्तर में प्रमुख रूप से मनाया जाता है। त्योहार के दौरान,लोग सूर्य देव, धरती माता, अग्नि और समृद्धि, स्वास्थ्य और अच्छी फसल के लिए खेतों में प्रार्थना करते हैं। वे अलाव के लिए मूंगफली, गुड़ की रेवड़ी और मखाना देते हैं। लोकप्रिय लोक गीत गाते हुए लोग नृत्य करते हैं। लोहड़ी की उत्पत्ति का पता सिंधु घाटी सभ्यता से लगाया जा सकता है। हिंदू सौर कैलेंडर के अनुसार, लोहड़ी माघ माह में आती है, जो 13 जनवरी के आसपास होती है। पृथ्वी इस समय सूर्य के सबसे निकट है। त्यौहार आवर्ती सर्दियों और एक नई फसल के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है। लोहड़ी नई फसल के मौसम का प्रतीक है। त्योहार को



भारत के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। बंगाल में, लोग इसे मकर संक्रांति के रूप में मनाते हैं, असम में, इसे बिहू कहा जाता है, तमिलनाडु में, इसे पोंगल के रूप में जाना जाता है, और केरल में इसे पोंगाला के रूप में जाना जाता है।बताया जाता है कि लोहड़ी की रात को सबसे सर्द और लंबी रात होती है। इसलिए शाम के समय खुली जगहों पर लोहड़ी जलाई जाती है और उसमें मूंगफली, रेवड़ी, गजक, तिल और रवि की फसल डाली जाती है और फिर इसकी परिक्रमा की जाती है।

कहा जाता है कि ऐसा करने से सूर्य और अग्नि देव खुश होते हैं और उनके आशीर्वाद से आने वाली फसल अच्छी होती है। लोहड़ी की आग के पास लोकगीत गाते हुए लोग दुल्ला भट्टी को याद करते हैं। जिन्होंने जंगल में आग जलाकर सुंदरी और मुंदरी नाम की दो गरीब लड़कियों की शादी करवाई थी।

लोहड़ी पर दुल्ला भट्टी की लोककथा बहुत मशहूर है। दुल्ला भट्टी मुगल शासकों के समय का एक बहादुर योद्धा था। मुगल शासक एक गरीब ब्राह्मण की दो लड़कियों सुंदरी और मुंदरी के साथ विवाह करना चाहता था, जबकि उनका विवाह पहले से कहीं और तय था। दुल्ला भट्टी ने लड़कियों को मुगल शासक के चंगुल से छुड़वाकर उनकी शादी करवाई। उस समय उसके पास और कुछ नहीं था, इसलिए एक शेर शक्कर उनकी झोली में डाल कर उन्हें विदा किया। दुल्ला भट्टी की कहानी को आज भी पंजाब के लोक-गीतों में सुना जा सकता है।

### राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया नमन



**रांची :** राज्यपाल रमेश बैस ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया है। साथ ही सभी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने गुरुवार को कहा कि विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत विवेकानंद के महान विचार एवं आदर्श सभी देशवासियों का सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में मनाया गया विवेकानंद की जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनुपम गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद के फोटो पर माल्यार्पण किया। साथ ही सभी सहायक प्रोफेसर ने स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि दी। प्राचार्या डॉ. अनुपमा गुप्ता ने उनके शिक्षा व दर्शन पर प्रकाश डाला। कहा कि स्वामी जी के अनुसार शिक्षा का प्रथम उद्देश्य अंतर्निहित पूर्णता को प्राप्त करना है। उनके अनुसार लौकिक तथा आध्यात्मिक सभी ज्ञान मनुष्य के मन में पहले से ही विद्यमान होता है। विवेकानंद जी के अनुसार शिक्षा का दूसरा उद्देश्य बालक का शारीरिक एवं मानसिक विकास करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय में अविनाश सिन्हा वीना तिवारी अंजना दुबे आकांक्षा तिवारी माया त्रिपाठी रेखा सिंह प्रिया सिंह और अन्य उपस्थित थे। सभी ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

## महानगरों की तरह अब मेदनीनगर के मुख्य मार्ग पर चलेगा महिला पिंक सिटी बस : महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीननगर नगर निगम महापौर अरुणा शंकर ने स्थाई समिति के सदस्यों एवं सहायक आयुक्त परितोष के साथ बैठक कर महिला सिटी बस संचालन का रूट तय करते हुए कहा प्रथम फेज में सिटी बस निगम के सभी मुख्य मार्ग पर चलेगा और कुछ दिन देखने के बाद जहां-जहां बस सुलभ तरीका से चली जाएगी वहां भी चलेगा। महापौर ने कहा कि यह मेरा प्रयास है। माताएं, बहने 6 साल तक के बच्चे और कॉलेज आने जाने वाली लड़कियों को कम खर्च में सेफ्टी के साथ अपने गंतव्य तक पहुंचाना है। महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि दो बस आ चुकी है और दो आने वाली है। जिसके परमिट लेने की दिशा में कार्य चल रहा है। जैसे ही परमिट प्राप्त हो जाएगा 1 सप्ताह के



अंदर महिला पिंक सिटी बस का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। महापौर ने यह बताया कि जो बसे चलेंगे उसमें सीसीटीवी, कैमरा, मोबाइल चार्जर, जीपीएस तथा महिला कंडक्टर एवं महिला सहयोगी युक्त होगा। बस का टिकट इलेक्ट्रॉनिक बिल द्वारा बस में चल रही महिला कंडक्टर द्वारा दिया जाएगा और यह बस सुबह 7 से शाम 7 तक चलेगा। महापौर अरुणा शंकर ने कहा निगम की इस बस सेवा से प्रतिदिन आने-जाने वाली महिलाओं का महीने में अगर मैं 5 से 700 रुपया तक बचा सकी तो मैं अपने आप को सफल मानूंगी। क्योंकि एक कामकाजी महिला के लिए 500 रुपया का बचत मायने रखता है। बैठक में स्थाई समिति सदस्य प्रमिला देवी, मधु ओझा, गोल्डी शुक्ला, अनूप सिंह सुमित तिवारी तथा महापौर कार्यालय के प्रधान लिपिक अशोक सिंह उपस्थित थे।

## भाजयुमो के जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे ने स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व नियोजित कार्यक्रम यंग इंडिया रन का आयोजन सुबह 8 बजे से छः मुहान चौक से प्रारंभ होकर स्वामी विवेकानंद चौक शाहपुर पर संपन्न हुई। दौड़ को झंडा दिखाकर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे,परशुराम ओझा,अविनाश वर्मा,अमित तिवारी,विजय ओझा आदि ने रवाना किया। विवेकानंद चौक पर अवस्थित स्वामी जी की प्रतिमा पर पार्टी नेताओं द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण किया गया।इसके बाद दौड़ में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मनाए जाने



वाले युवा दिवस को इस बार यंग इंडिया रन के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में पलामू मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा भी इंडिया रन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज्योति पांडे ने कहा कि स्वामी जी का संदेश सभी के लिए है। परंतु उन्होंने युवाओं से अपेक्षा की कि जब देश का युवा सबल होगा। तभी देश भी सबल होगा। वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा किसी भी देश समाज की रीढ़ हुआ करते हैं। इसलिए युवाओं से समाज को अपेक्षा सदैव बनी रहती है। क्योंकि युवा ही कल देश और समाज को आगे ले जाने वाले हैं।

दौड़ में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों की घोषणा मोर्चा महामंत्री विपुल गुप्ता ने किया। बालक वर्ग में प्रथम श्रवन यादव,द्वितीय सोनू कुमार रवि एवं तृतीय सौरव कुमार सिंह तथा बालिका वर्ग में प्रथम रति हसन,द्वितीय रिया कुमारी,तृतीय वीणा कुमारी रही।वही सुधाकर, दिलीप, दीपक, रंजन, ऋषिकेश, बसंत, अवाब खान सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने किया। कार्यक्रम में रोहित शर्मा, रोहित पाठक, विकास तिवारी,शुभम क्रांति, आशीष भारद्वाज, राहुल पांडेय, प्रिंस सिंह, सौरभ पांडेय, राहुल अग्रवाल, सुमित पांडेय, प्रिंस, राकेश, उत्तम सहित सैकड़ों मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राम लखन सिंह यादव कॉलेज में टुस शोभा यात्रा का आयोजित किया गया

**रांची।** राम लखन सिंह यादव कॉलेज, रांची के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में टुसु शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। टुसु का विधि विधान के अनुसार पूजा पाठ कर कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेपी सिंह की अध्यक्षता में हुई। अध्यक्षीय उदगार में उन्होंने कहा कि यह टुसु पूर्णरूप से कृषि पर्व है। ग्रामीण क्षेत्र में धान की अंतिम फसल को घर के अंदर रखने साथ ही टुसु पर्व शुरू होती है। मुख्यअतिथि डॉ वृंदावन महतो, मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची ने कहा कि टुसु मनोरंजन के सांस्कृतिक विरासत का पर्व भी है। टीआरएल के विमागाध्यक्ष डॉ खालिख अहमद ने कहा कि टुसु पर्व का आयोजन पूरे रांची विश्वविद्यालय में पहली बार हो रही है। पीजी मुंडारी विभागाध्यक्ष नलय रॉय ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि टुसु सुंदर कन्या का प्रतीक माना जाता है परंतु, इसका मुख्य उद्देश्य लोगों में एकता भाई-भाइचारे का पर्व है।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत : राकेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदनीनगर :** झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज)के राष्ट्रीय अध्यक्षराकेश पासवान ने हरिहरगंज कटिया ग्राम स्वामी विवेकानंद की 160 वी जयंती के अवसर पर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया। यहां कुरहद के ग्रामीण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राकेश पासवान ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती उनके क्रियाकलापो,ज्ञान व उनके नीति विचार संस्करण पर आधारित और संदेश को हर घर में बच्चे,महिलाओं को सभी को आत्मसात करने की जरूरत है। कहा कि स्वामी विवेकानंद जब तक जीवित रहे तब तक समाज,देश और धर्म के बारे में सोचते रहे। आज युवा भटके हुए हैं। सभी युवाओं को स्वामी साहब का प्रेरणास्त्रोत बनकर अपना मार्ग प्रशस्त करनी चाहिए। जेजेएमजे के राष्ट्रीय सलाहकार एलके वर्मा ने कहा कि आज पूरे देश में स्वामी



विवेकानंद जी की जयंती मनाई जा रही है। उनका संदेश व उपदेश हर सभी को आत्मसात करने की आवश्यकता है।जेजेएमजे के राज्य महासचिव कृष्णा चौधरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला। महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती रंभा देवी ने महिलाओं को अपने बच्चों को मार्ग पर चलाने की कसम दिलाई। जयंती में मुख्य रूप से शामिल पलामू जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, वकील सिंह, राजेंद्र मेहता, लालबाबू, अमित सिंह, जिला परिषद राजेश राम, मनीष कुमार सिंह,संजीत कुमार यादव, महेश कुमार मेहता,उदय कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, संजीव कुमार यादव,महेश कुमार मेहता,अमित कुमार सिंह,सलीम अंसारी,अरुण उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## युवाओं के धैर्य को आज सत्ता ललकार रही हैः सुदेश महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद जयंती है इस दिन आत्ममंथन का दिन है। अतीत के दहलीज से वर्तमान को समझने तथा भविष्य को संवारने का संकल्प लेने का दिन है। व्यवस्था के युवा विरोधी चरित्र के प्रतिकार का दिन है। महापुरुषों, शहीदों एवं आंदोलनकारियों के टुटते सपनों का विश्लेषण का दिन है। युवाओं के धैर्य को आज सत्ता ललकार रही है। अपने भविष्य निर्माण में उनके निरंतर प्रयासों को सत्ता लगातार कुचल रही है। युवाओं के दर्द को उसके आंखों में तैर रहे आक्रोश से समझा जा सकता है। झारखंड सरकार के अविवेकपूर्ण तथा भ्रामक नीतियों के कारण राज्य के हजारों युवा सड़कों पर हैं। उनके परिवार में मातम का माहौल है। लाख कोशिशों के बावजूद सरकार की गलत नीतियों के कारण इन युवाओं के लिए रोजगार के सारे दरवाजे बंद हैं। अनिश्चित भविष्य इन युवाओं को उद्वेलित कर रहा है। यदि युवाओं में व्याप्त इस बेचैनी तथा नैराश्य का शीघ्र समाधान करने में सरकार विफल रही तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। युवाओं के बिखरते उम्मीद टूटते सपने तथा अपमान राज्य में कई प्रकार के बिखराव एवं टकराव को जन्म देगा।बेहतर झारखंड के निर्माण के लिए युवान्मुखी व्यापक सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक परिवर्तन के लिए नए संकल्प के साथ युवाओं को आगे आने का आज हम अपील करते हैं।यह बातें उन्होंने स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित उठो, जागो संकल्प मार्च के दौरान कही। आजसू पार्टी की सहयोगी इकाई अखिल झारखण्ड छात्र संघ के नेतृत्व में आज हजारों झारखंडी नौजवान सड़क पर उतरकर सरकार की वादा खिलाफी और असंवैधानिक नीतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद की। यह मार्च अरगोड़ा मैदान से निकला और बापू वाटिका मोरहाबादी मैदान पहुंचा। इस मार्च में शामिल हजारों युवाओं ने सरकार के खिलाफ हल्ला बोला।

### डाक्टर फतुलाह रोड को प्रदूषित करने में सड़क निर्माण कंपनी का बड़ा योगदान : शाहिद

**रांची।** समाजसेवी सह पत्रकार गुलाम शाहीद ने बताया कि शहर को गंदगी और प्रदूषण से छुटकारा मिलता नहीं दिख रहा है। डाक्टर फतेहउल्लाह सड़क का निर्माण कर रही , कंस्ट्रक्शन कंपनी कई महीनों से लगातार हवा में जहर घोल रही हैं। जिसके वजह से 1 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले आस-पास के इलाकों में इसका असर देखने को मिल रहा है। लोग इसके वजह से चेहरे पर मास्क लगाकर चलने को मजबूर है। यहां बिना मास्क लगाए रहना भी मुश्किल हो गया है। विक्रांत चौक से फतुलह मस्जिद रोड होते हुए अंजुमन प्लाजा तक जाने में राहगीरों के सांस फुलने लगता है। वहां आसपास के रहने वाले बुजुर्ग लोगों को सांस की बीमारियां भी होना शुरू हो गई है। अभी तक ना तो जिला प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधियों ने सुध ली है। मामले में कंपनी ने अनेक बहाना बना कर अपना पल्ला झाड़ लिया है.

वैश्य समाज का अध्यक्ष बनने पर ज्ञान शंकर को मिल रही है जमकर बधाइयां

## अपने समाज के उम्मीदों पर खरा उतरने का करूंगा प्रयास : ज्ञान शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड में वैश्य समाज का प्रदेश अध्यक्ष बनने परसमाजसेवी ज्ञान शंकर को जमकर बधाइयां मिल रही है। समाज के कई लोगों ने अध्यक्ष बनने पर ज्ञान शंकर को बधाई और शुभकामनाएं दिया है। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित उनके आवास पर मिलकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दिया। समाज के लोगों ने कहा कि बहुत वर्षो के बाद उनके वैश्य समाज का एक शिक्षित, सक्षम व प्रतिभावन व्यक्ति मानविय कार्यों और सामाजिक कार्यों में दिलचस्पी लेने वाला व्यक्ति वैश्य समाज का अध्यक्ष बना है। उन्हें काफी खुशी और प्रसन्नता है। कहा कि यह झारखंड के वैश्य समाज के लिए गर्व की बात है कि एक ऐसा महान



व्यक्ति ज्ञान शंकर है, जो हमारे समाज का नेतृत्व कर रहा है। वह अपने लिए नहीं बल्कि समाज उत्थान, विकास हो तरक्की के लिए दिन रात सोचता है। अब वह समय दूर नहीं है जब वैश्य समाज को उसका हक अधिकार तो मिलेगा। साथ ही उसका चौमुखी विकास होगा। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष ज्ञान शंकर एवं प्रभारी अरविंद गुप्ता को तेली समाज के लोगों ने सम्मानित किया। सम्मानित करने वाले में अजय साहू राजा साहू गंगा साहू और लोग से उपस्थित थे। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश वैश्य समाज के नए प्रदेश अध्यक्ष बने उद्योगपति और समाजसेवी ज्ञान शंकर ने कहा कि वे वैश्य समाज के उम्मीदों और आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उनकी कोशिश बराबर यही रहेगी कि सरकार के द्वारा वैश्य समाज की अनदेखी की न जाए और ना ही अन्य कोई वैश्य समाज को हल्का में ले। क्योंकि वैश्य समाज देश प्रदेश ही नहीं बल्कि दुनिया को आर्थिक मजबूती प्रदान करता है। जिसके बलबूते आज भारत देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी ज्ञान शंकर ने वैश्य समाज के उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया है, जिन लोगों ने उन पर उम्मीद और विश्वास जताया है।